संसेक्स 72,038.43 ▲ +701.63
डॉलर 83.314 ▼ +0.095

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 24.0 | 11.0 | 23.0 |
| धनबाद | 26.0 | 13.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 28.0 | 13.0 | 27.0 |
| पलामू | 26.0 | 12.0 | 25.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 02, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 28 दिसंबर 2023, वर्ष-30, अंक- 72, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय यह तो 'गठबंधन' ही सनातन विरोधी है! ...8



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित



दो करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का...10 देश/विदेश


## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 63,360

चांदी (10 किलो) 74,680

## एक नजर

### एस चंद्रशेखर होंगे झारखंड हाई कोर्ट के नए चीफ जस्टिस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृत्ति के उपरांत हाई कोर्ट के सीनियर जस्टिस एस. चंद्रशेखर को चीफ जस्टिस के कार्यालय का दायित्व सौंपा गया है। यह दायित्व 29 दिसंबर से प्रभावित होगा। इससे संबंधित नोटिफिकेशन मिनिस्ट्री आफ लॉ एंड जस्टिस, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के डिप्टी सेक्रेटरी नारायण प्रसाद की ओर से बुधवार को जारी किया गया है। जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि राष्ट्रपति की ओर से झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस एस चंद्रशेखर को हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस कार्यालय की ड्यूटी के निर्वहन के लिए नियुक्त किया गया है, जो 29 दिसंबर से प्रभावी होगा। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा 28 दिसंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं।

### राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अधिकारियों पर गिरी गाज

**रांची।** राज्य प्रशासनिक सेवा के दो अफसरों पर गाज गिरी है। नीमडीह के तत्कालीन डेविड बलिहार पर मनरेगा में मानव दिवस जन की धीमी प्रगति, खर्च के प्रतिशत में कमी के साथ एमआईएस एंट्री व जॉब कार्डधारियों को रोजगार उपलब्ध कराने में भी कमी का आरोप है। इन आरोपों के कारण डेविड बलिहार को निंदन की सजा दी गई। जांच में यह बात सामने आयी कि लक्ष्य के विरुद्ध सिर्फ 31.31 प्रतिशत योजनाओं को पूर्ण किया गया है। इनके अलावा गोला के तत्कालीन बीडीओ पवन कुमार महतो पर सोलर लाइट, एलईडी स्ट्रीट लाइट व पानी टैंकर की खरीदारी में अनियमितता बरतने का आरोप है। इस पर रामगढ़ डीसी ने कार्रवाई की अनुशंसा की थी। इसके बाद सरकार ने पवन कुमार महतो के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का निर्णय लिया है। जांच संचालन पदाधिकारी रिटायर आईएएस अरविंद कुमार को बनाया गया है।

### गिरिडीह में बोलेरो से 40 लाख रुपये बरामद युवक हिरासत में

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले के धनवार के घोड़थंबा ओपी पुलिस क्षेत्र में बुधवार तड़के एक बोलरो से 40 लाख रुपये की नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है। साथ ही बोलेरो में मौजूद युवक को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में घोड़थंबा ओपी पुलिस ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। एसपी दीपक कुमार शर्मा का कहना है कि ऐसी सूचना मिली है। इसके बाद संबंधित थाने ने आयकर विभाग को सूचना दी है। पुलिस ने नोटों की गिनती पूरी कर ली है।

### मुख्यमंत्री ने किया 345 करोड़ की 130 योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन, कहा- पूरा देश कर रहा है सरकार-आपके द्वार अभियान का अनुसरण

# भूमि संबंधी त्रुटियों का होगा समाधान : हेमंत

**215 करोड़ रुपये की परिसंपत्ति का वितरण, 900 एकड़ भूमि का सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन भूमि पट्टा का वितरण**

**शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं और तकलीफें सीधे मुझ तक आती हैं**



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

झारखंड सरकार द्वारा संचालित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभियान को पूरा देश देख रहा है। इस अभियान का अनुसरण देश के अन्य राज्य कर रहें हैं और लोगों के द्वार तक पहुंच रहे हैं। मैंने पूर्व में ही कहा था, जब यहां आदिवासी-मूलवासी की सरकार बनेगी तो यह सरकार गांव के लोगों के साथ संचालित होगी। यही वजह है कि आज गांव-गांव पदाधिकारी शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उनका समाधान भी कर रहे हैं। ये बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहीं। मुख्यमंत्री जिले के लातेहार प्रखंड स्थित कुंदरी गांव में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा अब हर वर्ष आपके द्वार पर शिविर लगाकर आपकी समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि को लेकर त्रुटियां पूरे राज्य में हैं। इसका समाधान आने वाले दिनों में किया जाएगा।

इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, विधायक लातेहार बैजनाथ राम, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक, पलामू प्रमंडल, उपायुक्त लातेहार, पुलिस अधीक्षक लातेहार, जिला के पदाधिकारीगण, ग्रामीण, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं शिविर में आए हजारों लाभुक उपस्थित थे।

### स्वरोजगार को सरकार कर रही मदद, लाभ लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वरोजगार के लिए सरकार मदद कर रही है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत विभिन्न तरह के छोटे व्यापार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके जरिए युवा अपने पसंद का व्यापार कर सकते हैं। हजारों युवाओं ने इस योजना का लाभ लिया और स्वरोजगार की ओर अग्रसर हुए हैं।

### हर वर्ग के लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा आयोजित शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याएं और तकलीफें सीधे मुझ तक आती हैं। सरकार ने हर वो योजना बनाने का कार्य किया है, जिससे राज्य मजबूत हो सके और यहां के गांव में निवास करने वाले लोग सशक्त हो सकें। हमारी सरकार हर वर्ग के लोगों को योजना का लाभ दे रही है, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं। एक लंबी लकीर खींचने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि को लेकर त्रुटियां पूरे राज्य में हैं। इसका समाधान आने वाले दिनों में किया जाएगा। आपकी सरकार ने वर्षों से संघर्ष कर रहे नेतरहाट के लोगों की भूमि को वापस किया है। नेतरहाट फील्ड फायरिंग रेंज की अधिसूचना रद्द की गई। राज्य में कई किसानों की भूमि वापस हुई है। भूमि की त्रुटियों को सुधारना आवश्यक है। विश्वास रखें आने वाले समय में इसका समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लातेहार में कार्य कर रही खनन कंपनियां यहां के स्थानीय युवाओं को भारी वाहन और खनन कार्य में उपयोग किए जाने वाली मशीनों के संचालन करने का प्रशिक्षण देंगी। इसके लिए जिला प्रशासन को खनन कंपनियों द्वारा प्रशिक्षण केंद्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया है ताकि यहां के स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सके। राज्य सरकार ने राज्य में कार्य करने वाले उद्योग में स्थानीय लोगों के नियोजन हेतु 75 प्रतिशत आरक्षण संबंधी कानून भी बनाया है।

### बेहतर शिक्षा के लिए सरकार कर रही प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का प्रयास कर रही है। बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और अफसर बनें, इसके लिए उन्हें प्रतियोगिता-परीक्षा की तैयारी से लेकर विभिन्न कोर्सेस को करने के लिए गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत उन्हें 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण दिया जाएगा। इसके लिए उन्हें कोई गारंटी नहीं देनी होगी। सरकार इसके लिए गारंटर बनेगी। झारखंड के 50 बच्चे विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें शत- प्रतिशत स्कॉलरशिप सरकार दे रही है।

## सीएम हेमंत को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत

**माइनिंग लीज अलॉटमेंट मामले में पीआईएल खारिज**



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके रिश्तेदारों के नाम पर माइनिंग लीज अलॉट करने के मामले की जांच की मांग को लेकर दायर पीआईएल खारिज कर दी है। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरटीआई कार्यकर्ता और एडवोकेट सुनील कुमार महतो की ओर से दायर की इस पीआईएल पर पिछले महीने के 29 नवंबर को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। बुधवार को इस मामले में आया कोर्ट का फैसला सीएम सोरेन के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। सनद रहे कि इस याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं हेमंत सोरेन के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने दलील दी थी कि इसी तरह के समान मामले में शिव शंकर शर्मा एवं अन्य की जनहित याचिका में सीएम हेमंत सोरेन एवं अन्य के खिलाफ झारखंड हाईकोर्ट के खंडपीठ द्वारा पारित आदेश को पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। इस याचिका में पुनः उसी बात को उठाया जाना उचित नहीं है। इसे निरस्त कर दिया जाना चाहिए। इस पर प्रार्थी सुनील कुमार महतो की ओर से दलील पेश करते हुए अधिवक्ता राजीव कुमार और विशाल कुमार ने कहा था कि यह केस शिव शंकर शर्मा की निरस्त हुई याचिका से अलग है। शिव शंकर शर्मा की याचिका में केवल सीएम के नाम पर खनन लीज आवंटन का विषय था, जबकि इस याचिका में सीएम की पत्नी और साली को इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन देने से जुड़े विषय उठाए गए हैं। बता दें कि सुनील महतो की ओर से दायर याचिका में कहा गया था कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खान विभाग शेष पृष्ठ 11 पर

### लोडेड पिस्टल के साथ अपराधी गिरफ्तार, एक फरार

**मेदिनीनगर।** एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर टीओपी-3 प्रभारी इंद्रदेव पासवान के नेतृत्व में टाइगर मोबाइल के जवानों ने हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में टीओपी प्रभारी ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर वरीय पदाधिकारियों के निर्देशन में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने बड़की बैरिया तालाब के समीप पहले से ही तगड़ी घेराबंदी किये हुये थी। इसी दौरान पुलिस गाड़ी को देखकर दो संदिग्ध व्यक्ति भागने लगे। पहले से सतर्क सशस्त्र बल के जवानों ने दौड़ाकर एक व्यक्ति को धर दबोचा। जबकि दूसरा मौके का फायदा उठाकर वहां से भाग निकला। पकड़ाये व्यक्ति ने पूछताछ के क्रम में अपना नाम पप्पू कुमार सिंह पिता श्रीराम सिंह पता सिक्की कला, थाना पाटन, एवं भागने वाले व्यक्ति का नाम गोलू कुमार सिंह बताया । आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी लोडेड पिस्टल बरामद हुआ। शेष पृष्ठ 11 पर

## पीटीआर में चौथे बाघ की आहट

**नवीन मेल संवाददाता**



फाईल फोटो

**मेदनीनगर।** वर्ष के अंत तक पीटीआर में बाघों के कुनबे को लेकर एक और खुशखबरी मिलने वाली है। चर्चाओं की माने तो पलामू टाइगर रिजर्व में चौथे बाघ की बाघ की आहट सुनाई देने लगी है। हालांकि इस चौथे बाघ को लेकर अभी तक पुष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन पलामू टाइगर रिजर्व में चार बाघों की इस समय आवाजाही की बात कही जा रही है। नवंबर महीने में दो टाइगर आ गए थे जो अभी भी पीटीआर में ही हैं। इससे पूर्व मार्च महीने में ही एक मादा बाघ ने भी दस्तक दिया है। पलामू टाइगर रिजर्व के उत्तरी प्रमंडल के उपनिदेशक पीके जैना ने बताया कि तीन बाघ की तस्वीर कैमरा ट्रैप में आ चुकी है। जिस चौथे बाघ की बात की जा रही है। उसका अभी तक कैमरा ट्रैप में तस्वीर नहीं आया है, लेकिन प्रबल संभावना है कि जल्द ही चौथे बाघ की तस्वीर भी कैमरा ट्रैप आ जायेगी। सूत्रों के अनुसार पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों की सुरक्षा की व्यापक और मजबूत पहरेदारी के साथ इस समय विशेष चौकसी बरती जा रही है।

## दिनभर डैम का पानी छानती रही एनडीआरएफ, नहीं मिला शव

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के रानीताल डैम में डूबे चैनपुर बाजार निवासी 40 वर्षीय धर्मेंद्र कमलापुरी का शव खोजने के लिए बुधवार को एनडीआरएफ की छह सदस्यीय टीम दिनभर डैम का पानी छानती रही। इसके बाद भी देर शाम तक शव का कोई सुराग हासिल नहीं हो सका। इस टीम ने आज पूरे दिन डैम में शव की तलाश की, लेकिन शाम तक कोई सफलता नहीं मिली है। बताया जाता है कि एनडीआरएफ की यह टीम गुरुवार को भी डैम में खोजबीन करेगी। इधर तीसरे दिन भी शव नहीं मिलने से पीड़ित परिवार के लोगों का रो -रो कर बुरा हाल है। बता दें कि सोमवार को अपने तीन-चार दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने रानीताल डैम गये धर्मेंद्र कमलापुरी अपने एक साथी के साथ तैरकर डैम पार करने के दौरान गहराई वाले हिस्से में डूब गये थे। जिसके बाद स्थानीय मछली मारने वाले मछुआरों की मदद से ट्यूब पर बैठकर जाल लगाकर शव शेष पृष्ठ 11 पर

## अयोध्या में पीएम का रोड शो 30 को मठ-मंदिरों ने कर रखी है खास तैयारी



**अयोध्या (एजेंसी)।** 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या उल्लासमय हो चुकी है। लेकिन उसके पहले 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या को हजारों करोड़ों की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वर्षों तक विकास का अभाव झेलने वाली अयोध्या को अब विकास के इस नए सोपान का साक्षी बनने के लिए 30 दिसंबर 2023 की पावन तिथि का इंतजार है। त्रेतायुगीन वैभव से सजी रामनगरी में पीएम मोदी के आगमन को लेकर अयोध्या व आसपास के जनपदों में भी गजब का उल्लास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत को लेकर मठ-मंदिरों ने भी खास तैयारी कर रखी है। पीएम के स्वागत को लेकर आसपास के जनपद के लोग भी अयोध्या आएंगे। मोदी-योगी के मार्गदर्शन में अयोध्या दिव्य-भव्य के साथ नव्य भी हो चुकी है। 30 को भी विकास योजनाओं का उपहार अयोध्या को मिलेगा। लिहाजा हम सभी मोदी-योगी के स्वागत को बेताब हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित रोड शो को लेकर अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों ने भी खास तैयारी कर रखी है। अयोध्या के प्रमुख संत राजकुमार दास ने बताया कि साधु-संत भी पीएम पर पुष्पवर्षा करेंगे। पुष्पवर्षा के लिए गुलाब, गेंदा के फूल आसपास के जिलों से भी आ रहे हैं। रोड शो के प्रस्तावित मार्ग पर घरों की साज-सज्जा में भी पुष्पों की विशेष व्यवस्था की जा रही है। वहीं यहां के बच्चों में भी कौतूहल है। बाल स्वरूप में नजर आने वाले बच्चे भी अपनी अलग तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे भी पीएम मोदी का अलग अंदाज में स्वागत करने की तैयारी करने को बेताब हैं।

## राज्य में 24 घंटे के अंदर दो जवानों ने खुद को गोलियों से उड़ाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अर्धसैनिक बलों के जवानों की खुदकुशी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान अर्धसैनिक बल के दो जवानों ने खुद को गोली मारकर जान ले ली। इस साल अब तक ऐसी सात घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जबकि पिछले तीन सालों में कम से कम 17 जवानों ने खुद की जिंदगियां खत्म कर ली हैं। बुधवार दोपहर रांची जिले के खलारी थाना क्षेत्र के एनके एरिया स्थित सीआईएसएफ कैंप में एक जवान ने सर्विस रिवाल्वर से खुद को गोली मार ली। उसके साथी उसे तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक जवान की पहचान बीएन वर्मा के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के फरुर्खाबाद के रहने वाले थे। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसके पहले मंगलवार को बोकारो जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत रहावन स्थित सीआरपीएफ के कैंप में 26वीं बटालियन के जवान रामबाबू राय ने अपनी ही रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। रामबाबू झारखंड के रामगढ़ जिले के भदानी नगर के रहने वाले थे।

## इंडिया बजट पर्यटन का अछूता अनोखा स्थल झारखंड



सुनील बादल

**सदियों** से झारखंड आकर्षण का केंद्र रहा है भीषण गर्मी, सीमित जगह या अपार्टमेंट संस्कृति में रचे बसे लोग जब पहली बार झारखंड आते हैं तो मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। अधिकांश तो यहां की सादगी, प्राकृतिक सौंदर्य और सुहावने मौसम से इतने प्रभावित होते हैं कि यहां बस जाना पसंद करते हैं । यही हाल यहां आने वाले पर्यटकों का होता है जो यहां से बहुत ही सुखद स्मृतियां लेकर लौटते हैं और दस गुने लोगों को प्रेरित कर भेजते हैं । झरनों के शहर के नाम से प्रसिद्ध रांची समुद्र तल से लगभग 700 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हैं। रांची शहर को अविभाजित बिहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने का भी गौरव हासिल था। रांची के प्रमुख आकर्षण में टैगोर हिल, हुंडरू फॉल,दशम फॉल, रांची हिल स्टेशन, कांके डैम, भारी अभियंत्रण निगम हटिया, जनजातीय अनुसंधान संस्थान मोरहाबादी



और रामदयाल मुंडा खेलगांव का संग्रहालय शामिल हैं। दशम जलप्रपात रांची जमशेदपुर मुख्य मार्ग के किनारे है जहां स्वर्णरेखा नदी की सहायक नदी 144 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरती है। चट्टानी ढलानों के साथ दशम वॉटरफॉल एक शानदार पिकनिक डेस्टिनेशन के रूप में जाना जाता हैं। झारखंड राज्य के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में देवघर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक के लिए जाना जाता है। हवाई अड्डे से जुड़े देवघर के प्रमुख आकर्षण में शामिल बैद्यनाथ धाम, नंदन पहाड़, सत्संग आश्रम आदि हैं। झारखंड में घूमने वाली जगहों में शामिल हैं जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। जमशेदपुर सिटी में दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी इस्पात निर्माण कंपनी स्थित है। जमशेदपुर के प्रमुख आकर्षण में जुबली पार्क, दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी और टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क आदि हैं।झारखंड राज्य का मशहूर पर्यटन स्थल हजारीबाग झारखण्ड राज्य की राजधानी रांची से लगभग 95 किलोमीटर की दूरी पर है। हजारीबाग पर्यटन स्थल घने जंगलों, रॉक संरचनाओं, सुन्दर सुन्दर झीलों और प्राकृतिक आकर्षण का खूबसूरत दृश्य प्रस्तुत करता हैं। हजारीबाग के प्रमुख आकर्षण में कैनरी हिल, रजरप्पा मंदिर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी आदि शामिल हैं। झारखंड में छुट्टी मनाने वाली जगहों में शामिल बोकारो स्टील सिटी एक खूबसूरत प्राकृतिक स्थान है । अद्भुत सूर्योदय और सूर्यास्त के लिए प्रसिद्ध नेतरहाट झारखंड के लातेहार जिले में स्थित है।झारखंड का पर्यटन स्थल धनबाद भारत की कोयला राजधानी के रूप में भी शेष पृष्ठ 11 पर

## राहुल मणिपुर से मुंबई तक निकालेंगे 'भारत न्याय यात्रा-02', 14 को करेंगे आगाज

**6200 किलोमीटर की यात्रा, 14 राज्यों, 85 जिलों से होते हुए 20 मार्च को समाप्त होगी**

**इससे पहले कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों से होकर 4,500 किमी की यात्रा की थी**

**भारत न्याय यात्रा पार्ट टू का मुद्दा है आर्थिक न्याय, सामाजिक न्याय और राजनीतिक न्याय**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब कांग्रेस 'भारत न्याय यात्रा-02' निकालने जा रही है। यात्रा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जाएगी। राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से यह यात्रा शुरू करेंगे और 20 मार्च को मुंबई में यात्रा पूरी करेंगे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने बुधवार को कांग्रेस मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। रमेश ने कहा कि यह यात्रा 6,200 किलोमीटर की होगी। इसमें 14 राज्यों के 85 जिलों से होते हुए 20 मार्च को इस यात्रा का समापन मुंबई में होगा। पूर्व से पश्चिम तक निकाली जाने वाली यह भारत न्याय यात्रा-02 देश के लोगों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी। यही यात्रा का मुख्य मुद्दा भी होगा। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 21 दिसंबर को कांग्रेस कार्यसमिति ने राय दी थी कि राहुल गांधी को पूर्व से पश्चिम तक यात्रा शुरू करनी चाहिए। शेष पृष्ठ 11 पर

## एक नजर

### इंटर कालेज में आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा संपन्न



**सतबरवा।** प्रखंड क्षेत्र के बलवंत सिंह नामधारी मेमोरियल इंटर कॉलेज में प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं का आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा बुधवार को संपन्न हुई। कॉलेज के प्रधानाचार्य अजय प्रसाद ने बताया कि परीक्षा का मुख्य उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा कमजोर बच्चों को विशेष कक्षा के माध्यम से सशक्त करना है। परीक्षा झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के मॉडल प्रश्न के तर्ज पर सभी विषयों की ली गयी है। पांच जनवरी को परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा।

### गांवों को मिलेगा ग्राम गाड़ी योजना का लाभः विधायक

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत सुदूरवर्ती गांवों को प्रखंड व जिला मुख्यालय से जोड़ने व सुलभ आगमन हेतु बस चलाने का प्रस्ताव जिला परिवहन पदाधिकारी पलामू को दिया है। प्रस्ताव में हुसैनाबाद प्रखंड के पंचायत महुडंड व डंडिला, पथरा, दंगवार, देवरी खुर्द, पोलडीह, जमुआ, झरगड़ा, हैदरनगर के सिघना, बारेवा, सड़या, परता, कुकही, लपेया, मोहम्मदगंज प्रखंड के कादल, पंसा, गाजी बिहारा, भाली, बटौआ, हरिहरगंज प्रखंड के ढकचा, सरसोट, कुलहिया, तुरी लंगुराही, पिपरा प्रखंड के सरैया, पिपरा शामिल है। विधायक ने प्रखंड व जिला मुख्यालय का बस रूट का प्रस्ताव तैयार कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बस चलाने का प्रस्ताव दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रखंड को जिला और गांव को प्रखंड से जुड़ जाने से आम ग्रामीणों को काफी सहुलियत होगी। उन्होंने कहा है कि ग्राम गाड़ी योजना का उद्देश्य सुदूरवर्ती गांव के ग्रामीणों को सुलभ आवागमन की व्यवस्था करना है। इस योजना के शुरू हो जाने से ग्रामीणों को सस्ती दर पर परिवहन सेवा का लाभ मिल पाएगा।

प्रखंड कार्यालय में प्रशिक्षु आईएएस को दी गई विदाई

# हरिहरगंज सीओ ने लिया बीडीओ का प्रभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रशिक्षु आईएएस ने सीओ यामुन रविदास को बीडीओ का प्रभार सौंपा। इसके बाद प्रखंड सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षु आईएएस सह निवर्तमान बीडीओ रवि कुमार को विदाई दी गयी। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों व कर्मियों ने अंग वस्त्र भेंट कर तथा गुलदस्ता देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रशिक्षु आईएएस ने कहा कि हमेशा सकारात्मक सोच विकसित करें। उन्होंने कर्मियों के साथ सामंजस्य बनाकर टीम भावना से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं सीओ यामुन रविदास व आकांक्षी ब्लॉक कोर्डिनेटर प्रणव कुमार ने प्रशिक्षु आईएएस के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कम समय में ही कर्मियों के साथ-साथ आम जनों में उनकी लोकप्रियता अनुसरण करने योग्य है। इस अवसर पर प्रधान सहायक सरजू बैगा, बीएओ ब्रजेश कुमार, बीपीओ धर्मेंद्र कुमार, महिला पर्यवेक्षिका सुमित्रा कुमारी, सत्येंद्र मेहता मौजूद थे।



सीओ को प्रभार सौंपते प्रशिक्षु आईएएस

### पंचायतों में भेजा गया पूजित अक्षत

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पितांबरपुर प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद द्वारा बुधवार को बैठक कर विभिन्न पंचायतों में पूजित अक्षत-कलश भेजा गया। इस दौरान गाजे-बाजे के साथ अक्षत-कलश को पंचायतों में रवाना किया गया। इसके लिये विहिप पदाधिकारियों को दायित्व भी सौंपा गया। मौके पर विहिप के जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्त, बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, नगर सह संयोजक दिलीप गिरी, नावा बाजार प्रखंड अध्यक्ष हिमांशु पांडेय ने अक्षत-कलश को रवाना किया। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष राजीव सिंह, मंत्री रौशन मेहता, दिलीप तिवारी, जितेंद्र शुक्ला, छोटेलाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

आश्रितों को मिली राहत, जीविकोपार्जन में मिलेगा सहारा

# खाते में गयी पीएम बीमा योजना की राशि

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड अंतर्गत पोंची गौरा निवासी उर्मिला देवी पति स्वर्गीय रामेश्वर भुइयां एवं दुलसुलमा निवासी जगदीश सिंह नोमिनो को वनांचल ग्रामीण बैंक सतबरवा ब्रांच के द्वारा बुधवार को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो-दो लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर किये गये। बताते चलें कि बीमित रामेश्वर भुइयां की मृत्यु 11 महीने पहले हो गई थी। जिसकी वजह से उनके घर की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। उनकी विधवा लकड़ी बेचकर किसी तरह घर का खर्च चला रही थी। उर्मिला देवी काजल आजीविका सखी मंडल से जुड़ी हुई थी। वहीं दुलसुमा गांव निवासी स्वास्थ्य सहिया लक्ष्मी आजीविका सखी मंडल की सदस्य बसंती देवी की मृत्यु 15 जून को ब्रेन हेमरेज से हो गई थी। उनके नॉमिनी पति जगदीश सिंह को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो लाख की राशि बैंक खाते में ट्रांसफर की गई। इस मौके पर जनरल मैनेजर सुशांत कुमार पांडे, वनांचल ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक घनश्याम कुमार, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर आलोक कुमार, संवाददाता सखी प्रीति कुमारी, सामुदायिक समन्वयक रामनाथ विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से डमी चेक नॉमिनी को प्रदान किया।


लाभुक को बीमा राशि का चेक सौंपते अधिकारी

बिहार बॉर्डर पर जंगल में पुलिस व उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर शराब भट्ठियों को किया ध्वस्त

# जावा महुआ किया नष्ट, सैकड़ों लीटर शराब बरामद

### अवैध शराब के कारोबारियों में मचा हड़कंप, अधिकारियों ने कहा जारी रहेगा अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निर्देशन में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में तथा पथरा ओपी पुलिस के सहयोग से बुधवार को सुदूरवर्ती भांवर व खड़गपुर के जंगली इलाके में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने छह अवैध शराब की भट्ठी को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में जावा महुआ तथा सैंकड़ों लीटर शराब को मौके पर ही नष्ट कर दिया। उधर उत्पाद अधीक्षक के निर्देशानुसार आबकारी विभाग की टीम ने हरिहरगंज के सुदूरवर्ती बिहार सीमा से सटे शिकारपुर, कोठीला क्षेत्र के जंगल में अभियान चलाकर चार महुआ शराब भट्ठी को नष्ट कर दिया। इस संबंध में उत्पाद अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश ने बताया कि अवैध रूप से संचालित चार महुआ शराब भट्ठी को नष्ट किया गया है। मौके पर करीब अस्सी ड्रम में रखे पंद्रह हजार किलोग्राम जावा महुआ को भी टीम ने नष्ट किया है। वहीं करीब दो सौ लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। छापेमारी के दौरान कई बर्तन एवं उपकरण को भी नष्ट किया गया। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र बिहार सीमा से सटा है। जिसके कारण अवैध शराब बनाने के कारोबार में लगे कारोबारी झारखंड में शराब बनाकर बिहार में भेजने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप व्याप्त है।


अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त करती पुलिस

# जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के घोड़बांधा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में छह लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। इस संबंध में प्रथम पक्ष के सुरेश मेहता ने हुसैनाबाद थाने में रंजन मेहता, सरयू मेहता, सविता देवी, प्रभा देवी, सोनम देवी, कृष्णनंदन कुमार मेहता के खिलाफ लिखित शिकायत की है। शिकायत में आरोप लगाया कि पानी निकासी की बात को लेकर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की गयी। वहीं दूसरे पक्ष से सविता देवी ने सुरेश मेहता, राजेश मेहता, दिनेश मेहता, विनोद मेहता, लल्लू मेहता के खिलाफ लिखित शिकायत की है। शिकायत में सविता देवी ने कहा कि नाली की सफाई करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उनकी सास बाहर आई तो उसे भी पीटकर घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पर उनके देवर पर भी लाठी-डंडे से हमला बोल दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

# जब विधायक ठेकेदार बने तो बढ़ेगी समस्याः डा. शशिभूषण

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** विधायक ही अगर ठेकेदार बन जाये तो समस्या तो बढ़ना ही है। पिछले पंचवर्षीय में पूरे विधानसभा में निर्मित सड़क,पुल, पुलिया की गुणवत्ता सुधारने में समय तो लगेगा ही। पांकी विधायक कुशवाहा डॉक्टर शशिभूषण मेहता ने बुधवार को लोहड़ी में आयोजित समारोह में उक्त विचार व्यक्त किया। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिये आगामी लोक सभा चुनाव में पांकी विधानसभा से डेढ़ लाख वोटों की बढत से भाजपा को चुनाव जिताएं। विपक्षी पार्टी की जमानत जब्त हो जाये। इस तरह की वोटिंग करनी है। उन्होंने कहा कि आज केंद्र सरकार की सभी योजनायें जमीन पर उतर रहीं हैं। केंद्र सरकार की बहुत सारी योजनाओं को झारखंड सरकार ने रोक रखा है। ताकि केंद्र सरकार बदनाम हो। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को जल्द ही सिलाई मशीन देने का आश्वासन दिया। इस दौरान बलराम पाठक, गौरी शंकर पांडेय के नेतृत्व में ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित 8 सूत्री मांग पत्र विधायक को सौंपा। इस मौके पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, लाला यादव,राणा प्रताप, आशिष कुमार, अजय, रामनाथ पाठक, सुदेश्वर मोची, चंचल कुमार, राजेंद्र मेहता मौजूद थे।

### आजसू ने फूंका मुख्यमंत्री का पुतला

**मेदिनीनगर।** लातेहार में कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के विरोध में आजसू द्वारा बुधवार शाम शहर के छहमुहान चौक पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। केन्द्रीय सचिव सतीश कुमार ने रोष जताते हुये आरोप लगाया कि हेमंत राज में अब हिटलरशाही शुरू हो गई है। लाठी-गोली से हक की आवाज को बन्द किया जा रहा है। बिकेश शुक्ला ने कहा कि लातेहार में छात्र नेता समेत आजसू पार्टी जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी लोकतंत्र पर हमला है। आजसू के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक राज ने कहा की सरकार युवाओं को कभी गिरफ्तार करती है तो कही लाठियां बरसाती है। शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार को भी सरकार छीन रही है।

शिक्षा विषयक जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन आयोजित, गांवों में शिक्षा के प्रसार की बनी योजना

# प्रत्येक बच्चे की शिक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक :उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड शिक्षा परियोजना पलामू के तत्वावधान में बुधवार को समाहरणालय के ब्लाक 'ए' सभागार में शिक्षा विषयक जिला स्तरीय मुखिया सम्मेलन का आयोजन किया गया।

### सिर्फ नामांकन नहीं विद्यालय में बच्चों का ठहराव भी जरूरी : डीडीसी

जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त पलामू शशि रंजन ने की। मौके पर उप विकास आयुक्त रवि आनंद भी मौजूद थे। स्वागत भाषण पलामू जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी ने किया, जबकि पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक ने सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह एवं पलामू जिला मुखिया संघ की अध्यक्ष प्रमिला सिंह ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। पंचायतीराज पदाधिकारी विनय कुमार श्रीवास्तव ने पंचायती राज अधिनियम की रोशनी में मुखिया के शिक्षा संबंधी दायित्वों को रेखांकित करते हुए उन्हें प्रेरित किया। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार रजक ने पीपीटी के माध्यम से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति,शिक्षा के अधिकार,शिशु पंजी एवं तीन वर्ष से 18 वर्ष तक के बच्चों की शिक्षा निर्बाध पूरी करने पर विस्तृत प्रस्तुति दी। संचालन शिक्षक परशुराम तिवारी ने किया। इस मौके पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि परिवर्तन सकारात्मक प्रयासों से ही होंगे। प्रत्येक बच्चे को शिक्षा मिले इसे सुनिश्चित करना आवश्यक है। सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी जे मुथू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सम्मेलन में एडीपीओ उदय कुमार सिंह, क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी हरेन्द्र तिवारी, रामनरेश राम, जीतवाहन उरांव, बीपीओ कृष्णकांत द्विवेदी, रोहित कुमार, मनोज तिवारी, शिक्षा कर्मी राजीव कुमार,शादाब हुसैन, विकास दुबे, आमोद सिन्हा, रामसरेख पाण्डेय, मुकेश सिन्हा, विनोद तिवारी, जावेद अंसारी, विजय शुक्ला उपस्थित थे।


बैठक करते उपायुक्त

प्रभारी बीडीओ को सौंपा पत्रक, चट्टानी एकता का किया प्रदर्शन

# प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन की हड़ताल का संघ करेगा समर्थन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर संघ की हरिहरगंज प्रखंड इकाई की बैठक डाक बंगला परिसर में हुई। इसकी अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष विनय जायसवाल ने की। इस दौरान तय किया गया कि एक जनवरी से एसोसिएशन द्वारा किये जा रहे हड़ताल का समर्थन डीलर संघ करेगा। प्रखंड सचिव अवधेश राम ने कहा कि हड़ताल के दौरान किसी भी डीलर के प्रतिष्ठान से उपभोक्ताओं को राशन व अन्य सामग्री नहीं दी जायेगी। प्रखंड कोषाध्यक्ष कामता शर्मा ने संघ के सभी सदस्यों से अपने प्रतिष्ठान हड़ताल के दौरान सख्ती से बंद करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार जब तक उनकी मांगों को नही मानती है, तब तक डीलर संघ हड़ताल पर रहेगा। वहीं बैठक के बाद सभी जन वितरण दुकानदारों ने प्रखंड कार्यालय पहुंचकर प्रभारी बीडीओ यामुन रविदास को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में नेट सर्वर को दुरुस्त करने, पूर्व से वर्तमान तक वितरित अनाजों के विरुद्ध निर्धारित कमीशन का भुगतान करने, झूठा आश्वासन व लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने, एनएफएसए में अग्रिम भुगतान का नियमन भुगतान होने के बावजूद राशि लेने के दौरान कमीशनखोरी बंद करने और घटिया ई-भार मापक यंत्र देकर इसकी मरम्मति के नाम पर नाजायज पैसा की वसूली डीलरों से बंद करने आदि शामिल हैं। मौके पर अशोक यादव, धर्मेंद्र पटेल, मनोज शौंडिक, लक्ष्मण यादव, बीनू जायसवाल, सुनील जायसवाल, अनिल सिंह, अरविंद शर्मा, रामप्रवेश चौधरी, कपिल यादव, जितेंद्र मेहता, अजय गुप्ता, इंद्रदेव राम, चंदन, श्यामलाल, पंकज सिंह मौजूद थे।

**कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)**
Email:- nphussainabad@gmail.com

पत्रांक————/न0प0 दिंनाक————

**अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना**
**इच्छा की अभिव्यक्ति सं0 02/2023–24**

हुसैनाबाद नगर पंचायत हेतु वित्तीय सहायता एवं अनुश्रवण प्रदान करने से संबंधित इच्छुक C.A/FIRM/सेवा प्रदाता संस्था से दर आमंत्रित की जाती है। निकाय में होने वाले आर्थिक गतिविधियों के साथ वित्तीय सुझाव एवं समय–समय पर विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में वित्तीय सहायता प्रदान करना होगा, जो निम्नवत् हो सकते हैं:–

1- PF & ESIC से संबंधित सहायता प्रदान करना।
2- Income Tax Return/ GST File करना।
3. योजनाओं का अंकेक्षण करना।
4. वार्षिक वित्तीय प्रतिवेदन तैयार करना।
5. वित्त से संबंधित अन्य कार्य।

इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/C.A. जो उपरोक्त कार्य करने के इच्छुक हों, अपना दर आमंत्रण दिनांक– 12.01.2024 को अपराहन दो बजे तक बंद लिफाफे में अपना दर हुसैनाबाद नगर पंचायत के कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। उसी दिन अपराहन 3:00 बजे निकाय की निविदा निस्तारण समिति के समक्ष प्रतिभागियों की उपस्थिति में दर आमंत्रण खोली जायेगी। अतिअल्पकालिन दर आमंत्रण सूचना हेतु भाग लेने वाले इच्छुक सेवा प्रदाता/फर्म/ C.A. को निम्नलिखित अहर्ता रखनी होगी:–

1. वैसे फर्म/ C.A जो झारखण्ड सरकार के साथ कार्य कर रहे हों को प्राथमिक्ता दी जायेगी।
2. वार्षिक Turnover न्युन्तम 25 लाख होना चाहिए।
3. काली सूची में नहीं होने संबंधित शपथ पत्र देना होगा।

– विस्तृत जानकारी हेतु किसी भी कार्यदिवस को मोबाईल सं0 9835206770 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 314472 District(23-24)#D

**जिला खेल पदाधिकारी, कार्यालय, गुमला**
**(जिला पर्यटन,कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
रूम–04 एवं 05 नया समाहरणालय, गुमला –835207
Email id- sportsgumla@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक–548, दिनांक–29.09.2023 के द्वारा मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप (बालक एवं बालिका) प्रतियोगिता 2023–24 का आयोजन पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक दिनांक–01 नवम्बर 2023 से 30 दिसम्बर 2023 तक किया जाना निर्धारित हैं। उक्त के आलोक में निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय, झारखण्ड राँची का पत्रांक –994, दिनांक–04.11.2023 के द्वारा गत् वर्ष की भाँत्ति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता –2023 में पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं खेल किट (जर्सी शॉट्स, फुटबॉल शूज, मोजा, सिन गार्ड एवं गोलकिपर ग्लब्स) उपलब्ध कराया जाना हैं। उक्त के निमित इच्छुक निर्माता/ प्राधिकृत विक्रेता/आपूर्तिकर्ता से निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

निविदादाता दिनांक–02.01.2024 को अपराह्न 05:00 बजे तक जिला खेल कार्यालय, गुमला में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर निविदा DROP BOX में जमा करेगें। उक्त निविदा को दिनांक 03.01.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे विकास भवन, गुमला के सभाकक्ष में निविदा निष्पादन समिति के द्वारा खोला जायेगा, जिसमें निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि की उपस्थिति अनिवार्य होगी। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदा को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोटः–निविदा के शर्तें एवं विस्तृत जानकारी जिले के बेबसाईट www.gumla.nic.in एवं जिला खेल कार्यालय गुमला के सूचना पट पर देखा जा सकता हैं।

PR.NO.314434 District(23-24):D
जिला क्रीड़ा पदाधिकारी, गुमला।

**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**शुद्धि–पत्र**

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा Tender No. GNP-02/2023-24 Construction of PCC Road at Different Places and Different Ward Under Nagar Parishad Garhwa का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR 313139 (Urban Development) 23-24 (D) है। उक्त निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

1. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि
– 09.01.2024 को कार्यालय अवधि तक।
2. निविदा डालने की तिथि एवं समय
– 10.01.2024 को 02 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय
– 11.01.2024 को 12 बजे अपराहन् से।

शेष सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद गढ़वा

PR 314409 Urban Development(23-24)#D

**कार्यालय महाप्रबन्धक,**
**जिला उद्योग केन्द्र, कैम्प कार्यालय, चतरा।**

**आम सूचना**

सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (PMFME) के तहत सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना के लिए परियोजना लागत का 35% (अधिकतम रू0 10.00 लाख) तक पूंजीगत अनुदान पाने का सुनहरा अवसर।

सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत सूक्ष्म खाद्य आधारित उद्यमों की स्थापना/उद्यमों के उन्नयन के लिए एक विशेष अभियान दिनांक 11 दिसम्बर 2023 से 11 जनवरी 2024 तक प्रत्येक पंचायत एवं प्रखण्डों में चलाया जा रहा है। उद्यम स्थापित करने हेतु इच्छुक युवक/युवतियों/महिलाओं/उद्यमियों का Online आवेदन पंजीकृत किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति अपने–अपने पंचायत/प्रखण्ड मुख्यालय में पहुँचकर अपने आवेदन को Online पंजीकृत कराएं तथा योजना का लाभ उठायें। प्रत्येक प्रखण्ड मुख्यालय में District Resource Person प्रतिनियुक्त है। इस योजना से संबंधित संक्षिप्त जानकारी निम्नवत् है:–

1. नई उद्यम स्थापना या विद्यमान उद्यम के विस्तार हेतु परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम रू0 10.00 लाख तक वित्तीय प्रोत्साहन अनुमान्य है।
2. FPO/NGO/स्वयं सहायता समूह/सहकारिता समूह के लिए परियोजना लागत का 35 प्रतिशत अधिकतम रू0 3.00 करोड़ तक वित्तीय प्रोत्साहन का प्रावधान है।
3. इस योजना के तहत ऋण मुहैया बैंकों के द्वारा किये जाने का प्रावधान है।
4. मार्जिन मनी– लाभार्थी को परियोजना लागत का 10% स्वयं को अंशदान अनिवार्य है।
5. "एक जिला एक उत्पाद" के अन्तर्गत चिन्हित उत्पाद आधारित उद्यमों को अनुदान में प्राथमिकता।
6. उम्र–न्यूनतम उम्र –18 वर्ष।

नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, चतरा से (मो0–9304919816)सम्पर्क किया जा सकता है।

महाप्रबंधक
जिला उद्योग केन्द्र,
हजारीबाग–सह–चतरा।

PR 314412 (Industries) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**प्रथम शुद्धि–पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अन्तर्गत आमंत्रित अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**DWSD/GAR-20/2023-24**, (1st Call) दिनांक–25.11.2023, Construction of 1.35m. x 1.35 m. (02 Nos. Men and 02 Nos Women) Toilet with 02 Nos each (Men and Women) Urinal, Const. of 200 x150 mm dia & 200 mtr. depth HYDT, Soakpit etc. work **at** Brahmsthan Lagma, Garhwa जो PR No. 312094 Drinking Water and Sanitation (23-24)D द्वारा प्रकाशित है, जिसे अपरिहार्य कारणों से, तिथि एवं समय में निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से | 30.12.2023 को 12.30 बजे अपराह्न से |
| 2. | निविदा प्राप्ति (ऑनलाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 15.12.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक | 05.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक |
| 3. | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0 गवर्नेस,झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 15.12.2023 को 05.00 बजे अपराह्न तक | 05.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 16.12.2023 समय 04.00 बजे अपराहन् | 06.01.2024 को 05.00 बजे अपराह्न तक |

नोट –(i) शेष सभी शर्तें यथावत रहेगा।
(ii) यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा।
(iii) विशेष जानकारी हेतु कार्यालय के सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR 314418 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

## एक नजर

### सुरक्षित रहकर मनायें नववर्ष का जश्नः एसपी


पलामू एसपी

**मेदिनीनगर।** नये वर्ष का जश्न सुरक्षित हो। किसी तरह की घटना-दुर्घटना नहीं हो, इसे लेकर जिले की पुलिस अलर्ट मोड में आ गई है। पुलिस द्वारा ड्रग एंड ड्राइविंग और एक्सीडेंट्स की रोक थाम के लिए वाहनों के साथ हेलमेट चेकिंग के लिए अलग- अलग टीमों का गठन किया गया है। सावधानी बरतते हुये अलग-अलग चेकिंग प्वाइंट्स बनाये गये हैं। उन स्थानों पर पुलिस मुस्तैदी के साथ वाहनों की जांच करेगी। इस बाबत पलामू की एसपी रिष्मा रमेशन ने बताया कि जिले के सभी प्रवेश द्वारों व बॉर्डर इलाकों पर पुलिस द्वारा विशेष वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी चिन्हित पिकनिक स्पॉर्ट्स पर पुलिस की तैनाती रहेगी। उन्होंने कहा है कि किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी हो तो वे तुरंत नजदीकी पुलिस पदाधिकारी को सूचना दें। पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहेगी। उन्होंने जिले के लोगों से वाहन चलाते वक्त सभी कागजातों को अपने साथ लेकर चलने एवं बाइक चलाते समय हेलमेट का प्रयोग जरूर करने की अपील की है। कहा है कि वाहन तय गति के अनुसार ही चलायें। बाइक पर ट्रिपल लोडिंग कत्तई न चलें तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग जरूर करें। एसपी श्रीमती रमेशन ने जिला वासियों को नये साल कि शुभकामनायें देते हुए नववर्ष का जश्न सुरक्षित रहकर मनाने की अपील की है।

### धूमधाम से मनेगा कांग्रेस का स्थापना दिवस आज

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस का स्थापना दिवस गुरुवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। कांग्रेस पलामू जिलाध्यक्ष जैश रंजन पाठक बिट्टू ने बताया कि स्थानीय कांग्रेस भवन मैदान में सुबह 11 बजे से भव्य स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशन में आवश्यक तैयारी की गयी है।

### मुखिया ने गरीबों के बीच किया कंबल का वितरण

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड के जोगा पंचायत मुखिया कमला देवी ने बुधवार को अपने आवास पर गरीब, असहाय व वृद्धों के बीच सरकार द्वारा दिये गये कंबल का वितरण किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि ठंड को देखते हुए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल को गरीब व असहाय लोगो के बीच वितरित किया जा रहा है। कंबल मिलने के बाद लोगो को ठंड से काफी राहत मिलेगी। वहीं मुखिया ने अपने पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों को अपने-अपने वार्डों में वितरण के लिये कंबल दिया। मौके पर उपमुखिया रूपेश कुमार सिंह, शंकर राम, सीताराम साव, निरंजन साव, संगीता देवी, दशरथ साव,गोविंद चौधरी, जयराम राम मौजूद रहे।

दृश्यता कम रहने से दिन में भी लाइट जलाकर चले वाहन

# घने कोहरे के आगोश में रहा पलामू




घने कोहरे से दिन में लाइट जलाकर गुजरता वाहन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अनियमित मौसम का क्रम लगातार जारी है। चार दिन पूर्व तक जहां आसमान में बादल छाये रहे। वहीं मंगलवार रात आसमान साफ होते ही बुधवार दिन चढ़ने तक शहर से लेकर गांव तक पलामू घने कोहरे के आगोश में सिमटा रहा। इस दौरान दृश्यता काफी कम रहने के कारण वाहनों को दिन में भी लाइट जलाकर परिचालन करना पड़ा। कोहरे का असर नागरिकों की दिनचर्या पर भी देखने को मिला। लोग देर तक बिस्तर में ही दुबके रहे। इससे सुबह टहलने वालों की संख्या भी काफी कम देखी गयी। दोपहर बाद धूप निकला भी तो उसका तेज कंपकंपनी रोकने में बेअसर साबित रहा। बुधवार को भी आसमान साफ रहने से अभी जिले में कोहरे का कोप कुछ दिन और जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। प्रतिकूल मौसम के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। मौसम के जानकार एक सप्ताह के विराम के बाद एक बार फिर से ठंड के रफ्तार पकड़ने की आशंका जताई जा रही है।

सिंचाई विभाग कालोनी के हनुमान मंदिर पहुंचा पूजित अक्षत-कलश

# पूजित अक्षत-कलश यात्रा में विधायक पुष्पा ने किया सहभाग


पूजित अक्षत-कलश यात्रा में भाग लेतीं विधायक पुष्पा देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत-कलश यात्रा में बुधवार को पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी भी शरीक हुईं। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जा रहे जयकारे के बीच अक्षत-कलश को बैरिया हनुमान मंदिर से सिंचाई विभाग कालोनी परिसर स्थित हनुमान मंदिर लाया गया। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्र ने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में जन-जन के आराध्य रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातन धर्मावलंबियों में भारी उत्साह व्याप्त है। वहां से आये पूजित अक्षत-कलश को पूरे देश के मंदिरों में श्रद्धालुओं के दर्शन-पूजन के लिये रखा जा रहा है। इस दौरान सनातनियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। कार्यक्रम में सहभाग करते हुये विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हम अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के बहुप्रतीक्षित मंदिर निर्माण का साक्षी बन रहे हैं। बुधवार को अलग-अलग अक्षत कलश को कोयल नदी किनारे स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर, राम-जानकी मंदिर व सादिक मंजिल चौक स्थित ललित श्रीराम मंदिर में रखा गया। मौके पर विहिप के जिला सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, नगर सह संयोजक दिलीप गिरी, समाजसेवी संजय वर्मन, रमाशंकर प्रसाद, रवि तिवारी, धनंजय दुबे, दिलीप पोद्दार, प्रेमचंद ठाकुर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सुठा व लोइंगा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोगों ने किया जोरदार स्वागत

# 2047 तक विकसित भारत मोदी का सपना : सांसद

**मोदी के नेतृत्व में हर संकल्प पूरा हो रहा है : श्यामनारायण**

**मोदी सरकार में महिलाओं का सम्मान एवं सुरक्षा बढ़ी हैः विभाकर**



कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद वीडी राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को पाटन प्रखंड के ग्राम पंचायत सुठा एवं लोइंगा पहुंची। बतौर मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी आप सभी के पंचायतों में पहुंची है। जिसके माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा गरीबों,महिलाओं, युवाओं व किसानों के लिए चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य है जो भी लाभुक योजनाओं से वंचित रह गये हैं वे सभी समयबद्ध इसका लाभ ले सकें। देश में अमृत काल चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का। देश को समृद्ध बनाने में गांव, गरीब, दलित, किसान, महिला व युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना आवश्यक है। इसी को लेकर केंद्र की मोदी सरकार सैकड़ों योजनायें चला रही है, जो धरातल पर उतर भी रही हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति अंत्योदय तक विकास की किरण पहुंचे, उनका जीवन स्तर सुव्यवस्थित हो इसी का प्रयास केंद्र सरकार कर रही है। सांसद ने कहा कि देश लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। गरीबी मिटाना मोदी सरकार का लक्ष्य है। विकसित भारत बनाने के लिए कृत संकल्पित मोदी सरकार सड़क, बिजली, पानी, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेलवे एवं अन्य क्षेत्रों में विकास के नये आयाम स्थापित कर रही है। आज प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न क्षेत्रों के लाभार्थियों से सीधी बात करते हुए वंचित योग्य लाभुकों को जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का आग्रह भी किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए परंतु किसी सरकार ने अपना वादा पूरा नहीं किया। परंतु मोदी के नेतृत्व में हर संकल्प पूरा हो रहा है। विभाकर नारायण पांडे ने कहा कि मोदी सरकार में महिलाओं का सम्मान एवं सुरक्षा बढ़ी है। संकल्प से सिद्धि तक की यात्रा में राजनीति सुख नहीं सेवा का सशक्त माध्यम है। अविनाश वर्मा ने कहा कि 24 जनवरी 2024 तक मोदी सरकार की योजनाएं हर गरीब तक शत प्रतिशत पहुंचे, इसका सार्थक प्रयास चल रहा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा ने केंद्र की विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि जो योग्य लाभुक अभी तक आवास, आयुष्मान, बीमा, सम्मान निधि, पेंशन एवं अन्य योजनाओं से वंचित रह गए है वे इसका लाभ लेने के लिए आगे बढ़ें। योग्य शत प्रतिशत लोगों को केंद्रीय सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में विधायक पुष्पा देवी, शिवकुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, संजय सिंह, संतोष पांडे,ईश्वरी पांडे, अंचल अधिकारी दीपक मिश्रा, मुखिया रोगीना बीबी, रणजीत कुमार यादव, मनोज कुमार, कौशल कुमार, विशाल दुबे, लव सोनी, सुमन देवी मौजूद थीं।

# बेरोजगार संघर्ष मोर्चा ने मनाई परमवीर चक्र विजेता की जयंती


तस्वीर के साथ मोर्चा अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का की 81वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अल्बर्ट एक्का की तस्वीर

**महान योद्धा के साथ हॉकी के अच्छे खिलाड़ी थे अल्बर्ट एक्का**

पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि अल्बर्ट एक्का एक महान योद्धा के साथ साथ हॉकी के अच्छे खिलाड़ी व महान देश भक्त थे। लांस नायक अल्बर्ट एक्का परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक थे। 1971 के भारत- पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों के दात खट्टे करते हुए शहीद हो गए थे। इन्हें मरणोपरांत सर्वोच्च सैनिक सम्मान परमवीर चक्र प्रदान किया गया। वे एक मात्र एकीकृत बिहारी थे, जिन्हे परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। उनके अनुशासन का ही प्रमाण है कि उन्हें ट्रेनिंग के दौरान ही अल्बर्ट लांस नायक बना दिया गया था। शिवनारायण साह ने अल्बर्ट एक्का की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 27 दिसंबर 1942 को जन्मे शहीद एक्का देश के सच्चे सपूत थे। वे अंतिम दम तक दुश्मनों के साथ लड़ते रहे। इस अवसर पर संजीत कुमार,सनी कुमार, उपेंद्र कुमार रजक,अनिल राम, राजू राम, उमेश पासवान, कृष्णा राम, विनय राम, यशवंत कुमार,नन्हक सिंह व मनोज सिंह उपस्थित थे।

जिले में सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप सात जनवरी से

# आयोजन समिति के डीसी व एसपी बने मुख्य संरक्षक


जानकारी देते दुर्गा जौहरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप झारखंड 2023 सात जनवरी से डालटनगंज में आयोजित होगा। स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में आयोजित होने टूर्नामेंट की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें पलामू उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को मुख्य संरक्षक बनाया गया है। जबकि सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी आयोजन समिति के संयोजक की भूमिका में रहेंगे। वहीं उप विकास आयुक्त रवि रंजन,नगर निगम आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन, एसडीपीओ सुरजीत कुमार, डीईओ अनील कुमार चौधरी, डीएसई मनोज कुमार, डीएसओ प्रीति किस्कू, जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सुरेश जैन, ज्ञानचंद पाण्डेय, सतवीर सिंह, जीवन प्रसाद सिंह, शिव प्रकाश प्रसाद, दीपक लाल, मनोज सिंह, दीपक सिंघानिया, सोनू सिंह नामधारी, अविनाश देव, डा. संजय कुमार, युगल किशोर चंद्रवंशी, अनिल कुमार सिंह, मुमताज खान को संरक्षक बनाया गया है। इसके साथ ही कल्याण प्रसाद वर्मा, ललन सिन्हा, बाल मुकुंद पाण्डेय, सुधीर कुमार दुबे, हरिशंकर सिंह, सतीश कुमार पाण्डेय, सुधीर कुमार सौंडिक, कमल प्रसाद गुप्ता, प्रसन्नजीत दास गुप्ता, नवीन कुमार गुप्ता (लाल बाबु) ,महेश तिवारी, प्रदीप कुमार अकेला, मनोहर कुमार लाली, प्रभात कुमार गुप्ता, अजीत सिन्हा, अशफाक अहमद, विपिन कुमार सिन्हा, रचिता शरण, रुपा सिंह, लीलावती देवी, मंजू गुप्ता, रंजन अग्रवाल, उदय शुक्ला, मनोज जैन राज कुमार गुप्ता (टिवंकल) राज किशोर पासवान, रमेश कुमार सोनी, किरण अग्रवाल व इम्तयाज अहमद नज्मी को आयोजन समिति में उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी क्रम में अभिलाष चंचल, जितेन्द्र सोनी, इमामुद्दीन खान, सनत चट्टोपाध्याय, रंजीत कुमार, राजकुमार गुप्ता, अनवर अहमद, इकबाल युसुफ, ओम प्रकाश, मनीष भिवानिया, सतीश तिवारी( ओम तिवारी), रेखा गुप्ता, रेणु सिंह, लुडडू खान,प्रेम शंकर गुप्ता, रुबी देवी,सरिता सिंह, राज कुमार वर्मन, प्रदीप मेहता, सुनील कुमार, अभिषेक कुमार, प्रियेश कुमार, ज्योति अग्रवाल, गीता कुमारी, अविनाश सिन्हा (छोटू), प्रभात अग्रवाल व रंजीत चंद्रवंशी को संयुक्त सचिव बनाया गया है। आयोजन समिति मीडिया में इंचार्ज की जिम्मेवारी नवीन तिवारी व राजीव रंजन पाण्डेय को सौंपी गयी है। साथ ही प्रचार- प्रसार प्रमुख संजय राज को बनाया गया है।

उपायुक्त ने जनता दरबार में जनता की सुनी फरियादें, मातहतों को दिये निर्देश

# अब बुधवार को लगेगा डीसी का जनता दरबार


जनता दरबार करते डीसी

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मंगलवार व शुक्रवार की जगह अब बुधवार को डीसी के जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार

**छात्र का स्थानांतरण पत्र नहीं देने वाले हेडमास्टर के खिलाफ जांच का आदेश**

को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आये लोगों से मिलकर उनकी समस्यायें सुनीं। उन्होंने कई मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश दिये। वहीं कुछ मामलों में उन्होंने कई बीडीओ-सीओ को फोन कर जनता दरबार में प्राप्त आवेदन पर अविलंब रूप से कार्रवाई करने की बात कही। छतरपुर से आये सहायक अध्यापक ने उपायुक्त को बताया कि वो राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अकाबासा में कार्यरत है, लेकिन नंवबर 2022 से ही उनका मानदेय लंबित है। उन्होंने उपायुक्त से 11 माह का बकाया मानदेय राशि का भुगतान करवाने का अनुरोध किया। इसी तरह पांकी से आये नंदलाल पाठक ने बताया कि कई बार आवेदन करने के बावजूद उनकी जमीन का दाखिल-खारिज नहीं हो पाया है। उन्होंने डीसी से दाखिल-खारिज कराने हेतु अनूरोध किया। सदर मेदिनीनगर के पोखराहा खुर्द से आये चमरू मिस्त्री ने उपायुक्त को बताया कि वो दिव्यांग है जिसके कारण चलने-फिरने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उपायुक्त से ट्राईसाईकिल की मांग की। इस पर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट चमरू मिस्त्री को बैसाखी सौंपते हुए निजी स्तर से आर्थिक मदद भी की। लेस्लीगंज के झरकटिया से आई चांदनी देवी ने उपायुक्त को बताया कि उनका बेटा राजकीय मध्य विद्यालय झरकटिया के वर्ग छः में पढ़ाई करता है, लेकिन वह जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा पास कर चुका है। अभी तक स्थानांतरण प्रमाण पत्र की हार्ड कॉपी नहीं मिलने से परेशानी हो रही है। तत्काल हस्तक्षेप करते हुये उन्होंने संबंधित हेडमास्टर के खिलाफ जांच का आदेश दिया।

### गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिये छिड़ा है आन्दोलन : हीरानंद पाठक

**मेदिनीनगर।** धर्म रक्षक गौ-दूत हीरानंद पाठक ने बुधवार को एक वार्ता के दौरान कहा कि गौ को सनातन धर्म में माता का दर्जा प्राप्त है। इनके धार्मिक महत्व को देखते हुये गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिया जाना निहायत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जगदगुरू सदानंद सरस्वती महाराज, निश्चलानंद सरस्वती महाराज, अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज, विद्युत शेखर भारती महाराज सहित देश के सभी शंकराचार्यों ने भारत में गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने के लिए पूरे देश में आंदोलन छेड़ रखा है। इस आंदोलन में झारखंड प्रदेश के लिए हीरानंद पाठक को गौ-दूत के रूप में मनोनीत किया गया है। आंदोलन को धार देने के लिये सभी प्रदेशों में गौ-दूत नियुक्त किये गये हैं। ताकि वे अपने-अपने प्रदेशों में सभी संसदीय क्षेत्र व विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण कर गौ-संसद की नियुक्ति करें जो गौ माता को राष्ट्र माता बनाने में अहम भूमिका का निर्वहन करें। आगामी 15 जनवरी से 23 जनवरी तक दिल्ली में गौ प्रतिष्ठा आंदोलन हेतु 11 विशेषज्ञ समूहों की बैठक आयोजित की जायेगी। श्री पाठक ने बताया कि 6 फरवरी को तीर्थराज प्रयाग में सभी शंकराचार्य के समक्ष सभी गौ-दूत उपस्थित होंगे और अपने-अपने क्षेत्र की जानकारी देंगे।

## तैयारी

मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव ने किया बेतला, केचकी व नेतरहाट वन्य क्षेत्र का निरीक्षण

# पीटीआर में नयी घास भूमि करें तैयार : मुख्य वन्य संरक्षक

**पलामू टाइगर रिजर्व में इस समय 1000 हेक्टेयर घास भूमि है**

**टीम बनाकर दो-दो सौ हेक्टेयर की एक अच्छी घास भूमि तैयार करने के दिये निर्देश**


नेतरहाट में निरीक्षण करते मुख्य वन्य संरक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव कुलवंत सिंह ने पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह 200-200 हेक्टेयर की नयी घास भूमि अविलंब तैयार करें। यह घास भूमि पीटीआर के उत्तरी और दक्षिणी प्रमंडल में तैयार की जायेगी। विदित हो कि पलामू टाइगर रिजर्व में इस समय 1000 हेक्टेयर घास भूमि है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने बेतला, केचकी और नेतरहाट में निरीक्षण के दौरान उक्त निर्देश दिया। श्री सिंह ने केचकी व नेतरहाट में पर्यटकों के लिये बने कॉटेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि पलामू टाइगर रिजर्व में घास भूमि को और विस्तार मिलनी चाहिए। उन्होंने पीटीआर के क्षेत्रीय निदेशक कुमार आशुतोष सहित दोनों उपनिदेशक कुमार आशीष व पीके जैना को हिदायत दी कि एक टीम बनाकर दो-दो सौ हेक्टेयर की एक अच्छी घास भूमि तैयार कर ली जाये। दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि प्रबंधन अब पूरी सक्रियता और तन्मयता के साथ दोनों प्रमंडलों में नया घास भूमि तैयार करने में जुट गया है। घास उगाने के लिए मौजूद घास भूमि से ही प्राप्त बीजों का प्रयोग किया जायेगा।

### बायसन सहित शाकाहारी जीवों को होगी सहुलियत



नया घास क्षेत्र तैयार हो जाने से अत्यंत शक्तिशाली पूरी तरह शाकाहारी बायसन सहित हिरन,सांभर, चीतल आदि वन्य प्राणियों को काफी सहुलियत होगी। घास के शौकीन बायसन के बारे में कहा जाता है कि वह दिन भर में 9 से 11 घंटे तक अपनी पसंद का घास खूब चाव से चरते हैं। इससे वे काफी बलिष्ठ होते हैं।

**सुप्रसिद्ध घास विशेषज्ञ ने दिया है प्रशिक्षण**

क्षेत्रीय उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि भारत के प्रसिद्ध घास विशेषज्ञ डॉक्टर मुराटकर ने पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों, रेंजर, फॉरेस्टर, वनरक्षक सहित ट्रैक्टर चालकों को घास के लिये जमीन तैयार करने,उगाने व रखवाली का विधिवत प्रशिक्षण दिया है। इससे जल्द से जल्द घास तैयार करने में काफी मदद मिलेगी।

**सुप्रसिद्ध घास विशेषज्ञ ने दिया है प्रशिक्षण**

क्षेत्रीय उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि भारत के प्रसिद्ध घास विशेषज्ञ डॉक्टर मुराटकर ने पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों, रेंजर, फॉरेस्टर, वनरक्षक सहित ट्रैक्टर चालकों को घास के लिये जमीन तैयार करने,उगाने व रखवाली का विधिवत प्रशिक्षण दिया है। इससे जल्द से जल्द घास तैयार करने में काफी मदद मिलेगी।

### घास भूमि से तीन बाघों को भी मिलेगा समुचित आहार

बताते चलें कि इस समय पीटीआर में दो नर व एक मादा बाघ मौजूद हैं। प्रबंधन के अनुसार वे पूरी तरह स्वस्थ हैं तथा जमकर शिकार कर रहे हैं। घास भूमि तैयार हो जाने से उनके शिकारों को भी समुचित आहार प्राप्त होगा।

### काचन में गरीबों को महिला चिकित्सक ने बांटे कंबल

**मेदिनीनगर।** शहर के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक सह रेड क्रॉस सोसाइटी की सदस्य डा. स्नेहलता त्रिपाठी द्वारा रामगढ़ प्रखंड के आदिम जनजाति बहुल काचन ग्राम में ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए असहाय,बुजुर्गों व बच्चों के बीच कंबल एवं गर्म अंग वस्त्रों का वितरण किया गया। काचन गांव के राजकीय प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। इस मौके पर छोटे-छोटे बच्चों के बीच टॉफी, बिस्कुट और पौष्टिक खाद्य पदार्थों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर पलामू केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्टस फेडरेशन के मृत्युंजय शर्मा, सतीश तिवारी,रमाकांत पांडे,नवल किशोर शाही,शशिकांत त्रिपाठी ,जितेंद्र कुमार,हनी सिन्हा,संजय अग्रवाल, सुनील कुमार,प्रिंस कुमार, रेड क्रॉस सोसाइटी पलामू के कोषाध्यक्ष अमिताभ कुमार मिश्र, रामगढ़ के मुखिया उमाशंकर प्रसाद उपस्थित थे।

## एक नजर

### अवैध बालू उत्खनन रोकने के लिए प्रमुख ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**गढ़वा।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बुधवार को उपायुक्त शेखर जमुवार को ज्ञापन सौंपकर केतार के पंडा और सोन नदी से अवैध बालू उत्खनन होने की शिकायत की है। प्रमुख ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि केतार प्रखंड में स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत के कारण प्रखंड के दर्जनों जगहों पर बड़े पैमाने पर अवैध बालू का उत्खनन किया जा रहा है। अवैध बालू का उत्खनन कर भवनाथपुर और खरौंधी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में 4000-5000 रुपये प्रति ट्रॉली के दर से बेचा जा रहा है। इससे प्रखंड की लाइफ लाइन पंडा नदी और सोन नदी का अस्तित्व खतरे में है। वहीं अवैध उत्खनन से कभी भी बड़ी घटना होने की अशंका है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के परती- कूशवानी, पाचाडुमर, कमदरवा, खैरवा, मेरौनी, लोहरगाड़ा सोन नदी और ताली, केतार, केतारी, खोनहर आदि गांवों के पंडा नदी से हो रहे अवैध उत्खनन को अविलंब रोकते हुए इससे शामिल बालू कारोबारीयों पर कारवाई करने का आग्रह किया है।

### 85,240 आवेदनों की इंट्री पूर्ण, 26263 आवेदन निष्पादित

**लोहरदगा।** राज्य सरकार के निर्देश पर आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिले के सभी प्रखंडों की सभी पंचायतों और नगर परिषद क्षेत्र में किया गया। इस दौरान प्राप्त आवेदनों में से 27 दिसंबर (सुबह 9.30 बजे) तक कुल 85,229 आवेदनों की इंट्री पोर्टल पर पूरी हो चुकी है। इनमें 26, 263 आवेदन निष्पादित किये जा चुके हैं। अन्य आवेदन निष्पादित किये जाने हेतु अग्रसारित किये जा चुके हैं। वहीं 472 आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुए हैं। प्रखंडों में से सदर प्रखंड लोहरदगा में कुल 14763, सेन्हा प्रखंड में 14536, कुडू प्रखंड में 15678, किस्को प्रखंड में 13246, भंडरा प्रखंड में 12052, कैरो प्रखंड में 8807, पेशरार प्रखंड में 5118 और नगर परिषद में 1619 आवेदनों की एंट्री पोर्टल पर पूरी हो चुकी है।

### चंदलासो व ककरगढ़ में विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन कुडू प्रखंड के चंदलासो एवं ककरगढ़ पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत), पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, जन धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रनाम, नैनो फर्टिलाईजर, सर्वे ऑफ विपेज एण्ड मैपिंग विद इंप्रोवाइज्ड टेक्नोलॉजी इन विलेज एरिया (रश्अटक्ळश्अ) आदि योजनाओं की जानकारी दिखायी गई। उपस्थित जनसमूह में नववर्ष का कैलेंडर तथा केंद्र सरकार की योजनाओं से संबंधित बुकलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के कर्मी, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

### एसपी ने परिजनों से की पूछताछ, अधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

# नौ साल का बच्चा तीन दिन से लापता, तलाश में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
थाना क्षेत्र के पोटमा गांव निवासी आयान कुमार (9) पिता दिलदार राम विगत तीन दिनों से घर से गायब है। परिजनों द्वारा अपहरण की आशंका व्यक्त करते हुए गढ़वा थाने में प्राथमिकी की दर्ज कराई गई है। घटना को लेकर एसपी दीपक कुमार पांडे बुधवार को पोटमा पहुंचे तथा परिजनों से पूछताछ की। मौके पर उपस्थित इंस्पेक्टर तथा गढ़वा थाना प्रभारी केके साहू को उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए तथा परिजनों को सांत्वना दी। थाना प्रभारी की उपस्थिति में पुलिस के जवानों तथा ग्रामीण द्वारा आसपास के कुओं मे झगर डालकर तलाश की जा रही है। अयान की बरामदगी के लिए पुलिस द्वारा हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। मामले को लेकर अयान के पिता दिलदार राम ने मंगलवार को गढ़वा थाने में आवेदन दिया, जिसके अनुसार आयन कुमार 25 दिसंबर को घर से निकला था। शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों द्वारा खोजबीन की जाने लगी। दिलदार राम के अनुसार लड़के की हाइट करीब साढ़े 3 फीट है। वह ब्लू रंग का ट्राउजर तथा ग्रे कलर का इनर पहने हुआ है। लड़के के तीन दिनों से गायब रहने के कारण तरह-तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है तथा घर परिवार के साथ-साथ सगे संबंधी भी परेशान हैं। थाना प्रभारी केके साहू ने बताया कि पुलिस द्वारा सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन छानबीन की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद शिक्षक नेता तथा वरिष्ठ समाजसेवी रघुराई राम आदि भी सक्रिय हैं तथा परेशान परिजनों को सांत्वना देने का प्रयास कर रहे है।



# स्थानांतरित पंचायतों में योगदान नहीं देना रोजगार सेवकों के लिए पड़ा भारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
स्थानांतरित पंचायत में योगदान नहीं देने वाले प्रखंड के रोजगार सेवकों को भारी पड़ गया। बीडीओ राहुल कुमार सानू ने बुधवार को उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है। प्रखंड के एक रोजगार सेवक को छोड़ शेष सभी के वेतन निकासी पर उन्होंने रोक लगा दी है। साथ ही उक्त लोगों से 24 घंटा के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

उक्त अवधि के बीच स्पष्टीकरण का जवाब नहीं देने पर आदेश की अवहेलना के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई को लेकर जिले के उच्च अधिकारियों के पास पत्राचार भी करने की बात बीडीओ द्वारा कही गई है। वहीं सभी रोजगार सेवकों के पास से आईडी पासवर्ड जब्त कर लेने का निर्देश बीपीओ अरविंद कुमार को दिया गया है। बताते चलें कि पचोर पंचायत के रोजगार सेवक दामोदर कुमार रवि को अनुशासनहीनता के आरोप में बीडीओ द्वारा पद मुक्त कर प्रखंड कार्यालय में बैठा दिया गया है। इसके साथ ही उक्त पंचायत की जिम्मेवारी रारो पंचायत के रोजगार सेवक बृजमोहन कुमार को अतिरिक्त प्रभार के रूप में दे दिया गया है। वहीं जिन रोजगार सेवकों को स्थानांतरित किया गया है, उनमें अशोक कुमार, प्रमोद कुमार प्रजापति, दिनेश कुमार रवि, संजीव कुमार, अनिल केरकेट्टा, सुनील गुप्ता, बृजमोहन कुमार, विनय कुमार चौबे आदि शामिल है।

### विश्वनाथ परहिया को मिल रही है पेंशन : बीडीओ

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र स्थित बेला झगड़ा गांव निवासी विश्वनाथ परहिया उर्फ चलवा परिया को पेंशन की राशि मिलती है। बीडीओ राहुल कुमार सानू की पड़ताल में बुधवार को इसकी पुष्टि हुई। विश्वनाथ परहिया का बैंक खाता संख्या 3670 1065035 में अब तक 22000 रुपये का भुगतान हो चुका है। 8 फरवरी 2022 को उनकी पेंशन स्वीकृत हुई है। बीडीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि विश्वनाथ परिया को लगभग एक वर्ष से पेंशन की राशि मिलती आ रही है। उनके खाते में अब तक 22000 की राशि का भुगतान भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि मामला प्रकाश में आते ही हम सभी विश्वनाथ परहिया की पेंशन को लेकर सक्रिय हो गए थे। काफी खोजबीन करने के बाद बुधवार को विश्वनाथ परिया के खाते में पेंशन की राशि भुगतान होने का मामला पकड़ में आया।



विश्वनाथ परहिया द्वारा पेंशन की राशि नहीं मिलने की बात बताई गई थी। उन्होंने कहा कि विश्वनाथ परिया की पेंशन राशि का लाभ कोई दूसरा तो नहीं ले रहा है यह एक जांच का विषय है। मालूम हो कि पेंशन की राशि को लेकर मुखिया धनवंती देवी के घर आने के क्रम में बीते दिन विश्वनाथ परहिया कई जगहों पर गिरकर चोटिल हो गए थे। वहीं निजी क्लिनिक में प्राथमिक उपचार के दौरान उनके द्वारा पेंशन की राशि नहीं मिलने की बात बताई गई थी।

# अज्ञात वाहन ने टेंपो में जोरदार टक्कर मारी, युवक की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के समीप मंगलवार की रात्रि में हुई सड़क दुर्घटना में ताली गांव निवासी संडु साह (35)नामक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार युवक संडु साह अपना टेपो लेकर रात्रि दस बजे के करीब केतार अपने भाई को लेने जा रहा था। इसी क्रम में मुकुंदपुर गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टेंपो में टक्कर मार दी।

इस घटना में युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी के बाद परिजन शव को उठाकर घर ले गये। बुधवार की सुबह मुखिया मुंगा साह की पहल पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने पर राजी हुए। पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार गांव के ही पंडा नदी किनारे किया गया। इस घटना से गांव में मातम पसर गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक युवक के दो पुत्र और एक पुत्री हैं।

# अयोध्या से आए अक्षत-जल का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल तथा भाजपा ने बुधवार को संयुक्त रूप से अयोध्या से आए पूजित अक्षत का प्रखंड के सभी 20 गावों में वितरण किया गया। इससे पूर्व खरौंधी देवी मंदिर के प्रांगण में बैठक की गई। इसके पश्चात अक्षत कलश के साथ जुलूस निकाला गया। जुलूस देवी मंदिर से चलकर नावाडीह मोड़, नावाडीह मोड़ से चंदनी मोड़ तक गया। पुनः देवी मंदिर वापस आकर जुलूस समाप्त हुआ। विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने कहा विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वाधान में एक बैठक की गई। इसमें अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान रामचंद्र प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके पश्चात अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश को प्रखंड के सभी 20 गांव के विहिप, बजरंग दल तथा भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया है। ये सभी कार्यकर्ता गांव के प्रत्येक घर में जाकर उन्हें प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण देंगे।

इस दौरान विहिप के प्रखंड अध्यक्ष रामानंद मेहता, मंत्री योगेश कुमार मेहता, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, करिवाडीह मुखिया मंशा देवी, बीड़ीसी विकास कुमार सिंह, संध्याकर विश्वकर्मा, सुनील दुबे, सुनील कुमार रोशन, शंकर प्रसाद गुप्ता, धर्मेंद्र प्रसाद यादव, क्रांति कुमार, बिक्की यादव, संजय ठाकुर, परमेश्वर ठाकुर, शिवमंगल गुप्ता, आनंद चौधरी आदि उपस्थित थे।

# ठंड से स्कूल बंद लेकिन खुले हैं आंगनबाड़ी केंद्र

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**
भीषण ठंड को लेकर सरकारी और निजी स्कूलों में वर्ग 1 से 8 तक के बच्चों का पठन-पाठन बंद कर दिया गया है, जबकि आंगनबाड़ी केंद्र को खुला रखा गया है। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने के लिए जाने वाले छोटे-छोटे मासूम बच्चों को ठंड से ठिठुरते हुए आंगनबाड़ी केंद्र तक जाना पड़ता है।

बुधवार को ठंड के बावजूद प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चे पहुंचे और किसी तरह पढ़ाई की। ऐसी स्थिति में बच्चे ठंड से बीमार ना हो जाए इसको लेकर आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका और सहायिका चिंतित रहती है। जिला में 26 दिसंबर से 31 दिसंबर तक ठंड और शीतलहर के मद्येनजर सभी स्कूलों को बंद रखा गया है, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के साथ विभाग हमेशा भेदभाव करता है। ठंड के बावजूद आंगनबाड़ी केंद्र खुला रखा गया है। आंगनबाड़ी सेविका रीमा देवी,



**बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका बोलीं, आदेश मिलते ही बंद कर दिए जाएंगे आंगनबाड़ी केंद्र**

उर्मिला देवी, रानी देवी, अणु देवी ने बताया कि ठंड को लेकर विभाग द्वारा अभी तक आंगनबाड़ी केंद्र बंद करने का आदेश नहीं मिला है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बंद करने का निर्देश नहीं मिला है। विभागीय आदेश मिलते ही आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद करा दिया जायेगा।

# विकसित भारत कार्यक्रम में हुई गोद भराई की रस्म

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**
खरौंधी मध्य विद्यालय के प्रांगण में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी ने की। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी कमलेश कुमार पासवान ने बताया गढ़वा उपायुक्त के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमे केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके पश्चात समूह की महिलाओं ने पृथ्वी को उपजाऊ कैसे बनाएं नामक जागरूकता नाटक का मंचन किया। इसके अलावे समूह के सुनीता देवी ने आयुष्मान कार्ड, रीता देवी ने प्रधानमंत्री आवास, लालसा देवी ने उज्वला योजना, बबिता देवी ने एनआरएलएम आजीविका आदि पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग ने स्टॉल लगाकर निःशुल्क जांच व दवा का वितरण किया। वहीं सुपरवाइजर रिंकी कुमारी तथा मुखिया मंजू देवी ने संयुक्त रूप से खरौंधी पंचायत के सभी आंगनवाड़ी केंद्र के पोषक क्षेत्र के पांच गर्भवती महिला की गोद भराई की। इस दौरान जेपीएस उमेश कुमार, पंचायत सेवक विनोद पासवान, बिटीएम संतोष कुमार पाल, सुशील कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा, अनिता देवी, प्रमिला देवी, आनद कुमार गुप्ता सोनी देवी आदि बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## 'विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम से अधिक से अधिक किसानों को जोड़े'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
भारतीय लोक कल्याण संस्थान द्वारा संचालित एग्री क्लिनिक सेंटर में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार की अध्यक्षता में किसान मित्रों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में केसीसी से सबंधित व विकसित भारत संकल्प यात्रा पर विस्तार से चर्चाकी गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी किसान मित्रों को अधिक से अधिक किसानों से केसीसी के लिये आवेदन कराने का निर्देश दिया,जिससे किसानों को खेती करने में सुबिधा मिल सके।



उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये किसानों को जागरूक करें। यह कार्यक्रम आगामी 4 जनवरी से 10 जनवरी तक प्रखंड कार्यालय में आयोजित किया जायेगा। उन्होंने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने का निर्देश दिया। बैठक में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञानचंद केशरी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक विजय यादव, एग्री क्लिनिक सेंटर के परियोजना समन्वयक सरोज सोनकर, क्षेत्र समन्वयक बालदेव खलखो, किसान मित्र सुदेश्वर विश्वकर्मा, उद्यान मित्र मुकेश शुक्ल, संजय सिंह, धर्मेन्द्र प्रताप देव, विपिन बिहारी सिंह, संजय पांडेय, अरुण चौबे आदि मौजूद थे।

# प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष ने किया शिविर का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
अनुमंडलीय अस्पताल में मंगलवार को आयोजित बंध्याकरण शिविर में पहुंचकर प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष शैलेश चौबे ने निरीक्षण किया। उन्होंने अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. गोकुल प्रसाद से जानकारी ली। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुये कहा कि बंध्याकरण के लिये आयी महिलाओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिये। साथ ही सरकार के द्वारा जो मानक निर्धारित है, उसके अनुरूप उन्हें सभी तरह की सुविधा मुहैया कराई जानी चाहिये।

### नसीहत — सीएस ने किया भवनाथपुर सीएचसी का निरीक्षण, कहा

# कार्यशैली में सुधार लाएं स्वास्थ्यकर्मी

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**
गढ़वा सीएस अशोक कुमार ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, कोल्ड चेन रुम, ड्रेसिंग रूम, जांच घर, वार्ड, प्रसव कक्ष आदि का जायजा लिया। मौके पर उन्होंने अस्पताल में अव्यवस्था देखकर कर्मियों को फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने की नसीहत दी।



साथ ही ओपीडी में सही तरीके से रजिस्टर को संधारण करने, कर्मियों को ड्रेस कोड और पहचान पत्र लगाने, दवा की सूची बनाने का निर्देश कर्मियों को दिया। मौके पर सीएस ने पत्रकारों को बताया कि एचआर की कमी है, फिर भी सीमित संसाधन के बावजूद बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था देने का काम किया जाएगा। पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जबाब में कहा कि भवनाथपुर से प्रतिनियुक्त चिकित्सको की फाइल दो दिन पूर्व ही मिला है, अद्यतन स्थिति देखने के बाद वापस किया जाएगा। वहीं उन्होंने आगे बताया कि फर्जी झोलाछाप चिकित्सक और जांच घरों ऊपर जल्द ही कारवाई की जाएगी। मौके पर सीएस ने वार्ड में भर्ती मरीजों की खुद से जांच कर दवा उपलब्ध कराया। मौके पर सीएस ऑफिस के बड़ा बाबू संजय कुमार के अलावे आयुष डॉक्टर अभिनीत विश्वास, अनुप कुमार, सुनील पटेल, उपेंद्र उपस्थित थे।

# टेंडर हार्ट स्कूल में छह दिनी शरद महोत्सव का समापन



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
टेंडर हार्ट स्कूल में शरद महोत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। विगत 6 दिनों से चल रहे शरद महोत्सव में कुल 10 प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं एवं सभी प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि साहित्यकार सुरेश मानस एवं पत्रकार ब्रजेश मिश्रा ने बच्चों को ऐसे आयोजन का हिस्सा बनने के लिए बधाई दी।

## एक नजर

### जेएमएम कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएगा

**गिद्धौर।** प्रखंड के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व संचालन सचिव देवदीप पासवान ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष, सिमरिया विस प्रभारी मनोज चंद्रा, सेवानिवृत शिक्षक देवचरण दांगी, पर्यवेक्षक चंद्रदेव साहू उपस्थित थे। बैठक में सरकार के कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। साथ ही ग्रामीणों को सर्वजन पेंशन, छात्राओं को सावित्रीबाई फुले योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के साथ अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी घर-घर जाकर देने का निर्णय लिया गया। संगठन को और धारदार बनाने के साथ मजबूत करने का भी संकल्प लिया। बैठक में यदुनंदन पांडेय, देवनारायण दांगी, नेमधारी महतो, पूनम कुमारी, संगीता देवी, पूनम कुमारी उपेंद्र दांगी, पंकज कुमार राणा, मुखलाल मुंडा आदि शामिल थे।

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा में सरकारी कर्मचारी संघ गिद्धौर द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें गांव के विभिन्न परीक्षाओं में सफल तीन स्टुडेंट्स और उनके अभिभावक को सम्मानित किया गया। स्वर्गीय बिनोद दांगी के पुत्र शशि कुमार, महेंद्र राम की पुत्री सपना रानी ने जेइइ मेंस परीक्षा पास कर बीआइटी सिंदरी में प्रवेश लिया है। वहीं शक्तिकांत ने बिहार में बीपीएससी द्वारा आयोजित 6 टू 8 और 9 टू 10 की परीक्षा पास की है। कार्यक्रम में अशोक कुमार दांगी, अरविंद कुमार दांगी, युगेश्वर राम दांगी, युगेश्वर दांगी, ऋषि कपूर वर्मा, कमलेश दास, नरेश पासवान, धर्मेन्द्र कुमार, अजय कुमार दांगी, अजय कुमार, सुमन कुमार, निलेश कुमार, मनोज कुमार, पोखन राम उपस्थित थे।

### अंजुमन कमेटी का चुनाव कराने पर चर्चा

**कैरो।** प्रखंड स्तरीय अंजुमन कमेटी का सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने के लिए गठित चुनाव कमेटी की बैठक नयाटोला, कैरो स्थित मदरसा में संयोजक अलीरजा अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शीघ्र चुनाव कराने के लिए रणनीति बनाई गई। प्रखंड अंजुमन के चुनाव में लगभग 150 मतदाता 5 पदों के पदाधिकारी का चुनाव करेंगे। सदर पद के लिए हरा रंग, सेक्रेटरी पीला रंग, नायब सदर आसमानी, नायब सेक्रेटरी गुलाबी, और खजांची के लिए सफेद रंग के बैलेट पेपर में वोट डाले जाएंगे। कमेटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि कोई भी उम्मीदवार यदि धनबल, लोभ, लालच या अन्य किसी गलत तरीकों से मतदाता को अपनी ओर रिझाने का प्रयास करते पाये जायेंगे तो उनकी उम्मीदवारी रद्द करने पर कमिटी विचार करेगी। बैठक में नाजीर आलम खान, महताब आलम, अतिकुर्रहमान, कलीम अंसारी, फरीद खान उपस्थित थे।

### जिपस ने नाली निर्माण का शिलान्यास किया

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के हिसरी ग्राम में 15वीं वित से 300 फीट नाली का शिलान्यास किया गया। यह नाली निर्माण हिसरी मसजीद से लेकर इमामबाड़ा तक होगा, जिसका शिलान्यास किस्को प्रखंड के जिला परिषद संदीप कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर मीर रिजवान, अरसद अयूब, मीर यासीन, सहजाद रजा, मीर तौफीक, मीर मामूली मौजूद थे।

### सिमरिया के नये एसडीओ का आईएएस अफसर सन्नी राज ने लिया प्रभार

# 'विधि व्यवस्था होगी पहली प्राथमिकता'

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**

अनुमंडल के नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में 2021 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सन्नी राज ने बुधवार को योगदान दिया। राज ने निवर्तमान एसडीओ सुधीर कुमार दास से 8वें एसडीओ के रूप में प्रभार ग्रहण किया। मालूम हो कि सिमरिया अनुमंडल की स्थापना 2013 में हुई थी। इसके प्रथम एसडीओ सुधीर कुमार बाडा थे। इस दौरान नवनियुक्त एसडीओ ने निवर्तमान एसडीओ द्वारा अनुमंडल क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना करते



हुए कहा कि उनके द्वारा किए गए विकास कार्यो को आगे ले जाने हेतु प्रयासरत रहेंगे। साथ ही कहा कि विधि व्यवस्था मेरी पहली प्राथमिकता है। विकास के लिए जो दायित्व मिला है, उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा। अपने कार्यकाल में अनुमंडल को विकास के रास्ते पर ले जाने का हर संभव प्रयास करेंगे। मौके पर उपस्थित बीडीओ, सीओ, कार्यालय कर्मी से एक-एक कर परिचय प्राप्त किया। अनुमंडल कर्मियों ने वर्तमान एसडीओ का स्वागत बुके देकर किया तथा निवर्तमान एसडीओ श्री दास को विदाई उन्हें अंग वस्त्र एवं अन्य उपहार देकर किया गया। इसके बाद जिला मुख्यालय पहुंच उपायुक्त अबु इमरान व उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता से मुलाकात की।

# चर्चों में 40 जोड़ों की सामूहिक शादी

### पुरोहितों ने इसाई धर्म विधि से संपन्न कराया विवाह संस्कार

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड संत जोसेफ चर्च सहित संत जेवियर चर्च गोठगांव, पकरी पाठ, चेतमा एवम तुन्दटोली सहित प्रखंड के विभिन्न चर्चो में बुधवार को सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। पल्ली पुरोहितों द्वारा इसाई धर्म विधि से विवाह संस्कार संपन्न कराया। समाज के नियम के अनुसार जीवन यापन के लिए विवाह सूत्र में बांधा गया एवं सामाजिक व धार्मिक अधिकार दिये गये। इस दौरान प्रखंड में कुल 40 जोड़ों की सामूहिक शादी कराई गई। चर्च में सभी जोड़ों ने महाप्रसाद ग्रहण कर पति पत्नी के रूप में एक दूसरे



को जीवन साथी चुना। गौरतलब है कि मसीही परिवार की ओर से आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। इससे पूर्व चर्च परिसर में मिस्सा पूजन का आयोजन किया गया। पूजा एवं विवाह कार्य संपन्न होने के बाद संक्षिप्त रूप से चर्च परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इस मौके पर वर वधू पक्ष समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# अबुआ आवास के सत्यापन में अनियमितता का आरोप

### ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय में जमकर किया हंगामा

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

प्रखंड के सिंदुआरी कला गांव के ग्रामीणों ने बुधवार को अबुआ आवास को लेकर प्रखंड कार्यालय में जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास के सत्यापन में अनियमितता बरती जा रही है। सूची में नाम होने के बावजूद भी कुछ ग्रामीणों का सत्यापन नहीं किया गया। चुनींदा लोगों का सत्यापन किया गया, परंतु जरूरतमंद गरीब परिवारों का सत्यापन नहीं हो पाया है। वैसे में शक है कि अबुआ आवास से फिर एक बार जरूरतमंद लोग वंचित रह जाएंगे।

ग्रामीणों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से पुनः सत्यापन की मांग कर रहे थे। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो ने कहा कि जितने भी आवेदन आए हैं, सभी का सत्यापन किया जाएगा। कोई भी जरूरतमंद आवास से वंचित नहीं रहेगा और न ही संपन्न लोगों को आवास लेने दिया जाएगा। इसके बाद हंगामा कर रहे महिला-पुरुष शांत हो घर लौट गए।

**कहा-आवास से फिर जरूरतमंद रह जाएंगे वंचित, बीडीओ हरिनाथ महतो बोले, जितने भी आवेदन आए हैं सभी का सत्यापन किया जाएगा**




### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के लिए आवेदनों का लगा अंबार

**प्रतापपुर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रतापपुर प्रखंड के रामपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अलग-अलग स्टाल लगाए गए थे। कार्यक्रम का उद्घाटन पंचायत समीति सदस्य लवली देवी, मुखिया महजवी प्रविण, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार दास ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी नित्यानन्द दास, समाजसेवी कासीफ रजा, समाजसेवी मिस्टर आलम के अलावे अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# 'घर-घर पहुंचेगा अयोध्या से आया अक्षत'

**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

प्रखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल मां भगवती मंदिर प्रांगण में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के नेतृत्व में संघ के विभिन्न संगठन के साथ समन्वय बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता विहिप प्रखंड अध्यक्ष कैलाश दांगी व संचालन प्रखंड मंत्री मृत्युंजय कुमार ने की। बैठक में मुख्य अतिथि विहिप जिलाध्यक्ष भुनेश्वर साव एवं विशिष्ट अतिथि जिला मंत्री सुधीर कुमार व बजरंग दल जिला संयोजक अंकित पांडेय उपस्थित थे। 22 जनवरी को प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चर्चा करते हुए जिला मंत्री ने बताया कि 1 से 15 जनवरी तक पत्थलगड़ा के सभी सनातनी परिवार के घरों तक निमंत्रण के रूप में पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र एवं श्री राम मंदिर का चित्र कार्यकताओं द्वारा पहुंचा जाएगा। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड मंत्री मृत्युंजय को कार्यक्रम प्रमुख एवं मुकेश दांगी को उप प्रमुख बनाया गया। साथ ही मार्गदर्शक टीम का गठन करते हुवे विहिप संरक्षक संदीप कुमार सुमन, प्रमोद कुमार कुशवाहा, रुद्रनाथ दांगी, आछेवटदयाल शर्मा, रविंद्र ठाकुर, चुरामन प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद दांगी, लेखराज टाइगर, रविंद्र राणा, संजय ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, कैलाश दांगी, मातृशक्ति प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी को मनोनीत किया गया। इसके अलावे पंचायत टोली का भी गठन किया गया। इस दौरान अयोध्या से आए पूजित अक्षत को लेकर नगर भ्रमण कर प्रखंड मंत्री ने समस्त सनातनी परिवारों से 22 जनवरी को अपने घरों में दीप जलाने की अपील की।



### भंडरा में अयोध्या से आये अक्षत कलशों का भव्य स्वागत

**भंडरा।** उत्तर प्रदेश के अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव होने जा रहा है। इसका न्योता देने के लिए अयोध्या से अक्षत कलश भेजे गए हैं। भंडरा के कुम्हारिया, हाटी, मसमानो एव सेमरा में यह कलश बुधवार को पहुंचे। यहां से राम मंदिर तक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें काफी भारी संख्या में क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। बुधवार को सुबह 9.30 को अक्षत कलश कुम्हारिया पहुंचा। यहां पर पुष्प वर्षा के साथ अक्षत कलशों का जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद शोभा यात्रा के रूप में इन कलशों को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। यहां पर पूजा अर्चना के साथ ही इन कलशों को दर्शनों किये। कुम्हारिया के बाद अक्षत कलश हाटी, मसमानो, भौरो, बेदाल एव सेमरा गांव पंहुचा, जहां हिंदू धर्मालम्बियों ने अक्षत कलश का जोरदार स्वागत किया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के आनंद पंडित, भीम लाल, राजेंद्र साहू, कृष्ण चैतन्य ब्रम्चारी, राधेश्याम साहू, पवन गुप्ता, चंदन गुप्ता, बबलू साहू, ब्रजेश साहू, सोहराई उरांव आदि मौजूद थे।



# अंधेरे में हो रहा था सड़क निर्माण कार्य, मुखिया ने लगाई रोक

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

प्रखंड क्षेत्र के इटखोरी-जिहू मोड मुख्य सड़क महेशा में संवेदक द्वारा कार्यपालक अभियंता के रोक लगाने के बावजूद अंधेरे में सड़क निर्माण कराया जा रहा था। रात में सड़क निर्माण होते देख मंझगावा मुखिया सह दिशा सदस्य मंजित सिंह ने निर्माण कार्य पर रोक लगाया और पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को सूचना दी।

ज्ञात हो कि सड़क निर्माण कार्य मां अष्टभुजा कंशट्रक्शन हजारीबाग द्वारा कराया जा रहा है, जिसमें संवेदक द्वारा प्राक्कलन से खिलवाड़ कर सड़क बनाई जा रही है। सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त नहीं होने के कारण बनने के साथ उखड़ रही है। इसकी शिकायत जिला परिषद सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी व मुखिया ने एक सप्ताह पूर्व पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता मिथिलेश प्रसाद से की थी। इसके बाद कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता व कनिय अभियंता ने सड़क निर्माण के निरीक्षण में शिकायत को सही पाया था। इसके बाद कार्यपालक अभियंता ने संवेदक को गुणवत्तायुक्त कार्य करने एवं शाम चार बजे तक सड़क निर्माण कार्य बंद करने का निर्देश दिया था, परंतु संवेदक अपनी मनमानी व अदेश की अवहेलना कर रात में गुणवत्ता से खिलवाड़ कर सड़क निर्माण कार्य बदस्तूर जारी रखे हुए हैं।

### महुआडांड बिरसा चौक के समीप नाली निर्माण का विरोध

**महुआडांड़।** प्रखंड के बिरसा चौक के समीप आरसीडी विभाग द्वारा कराए जा रहे नाली निर्माण को लेकर स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। इस संबंध में महुआडांड़ ग्राम प्रधान विकास उरांव ने कहा बिरसा चौक के पास नाली का निर्माण हो रहा है। इससे यातायात प्रभावित होगा। नाली के निर्माण से सड़क का चौड़ीकरण भी कम हो रहा है, जबकि लोग सड़क के किनारे की भूमि पर अतिक्रमण कर बैठे हैं। महुआडांड़ का यह मुख्य पथ है। ग्रामीण कहते हैं कि इससे पूर्व भी वहां पर नाली बना हुआ है, फिर नाली के बगल से मुख्य सड़क से सटाकर नाली का निर्माण किया जा रहा है। नाली निर्माण में अनियमिता भी बरती जा रही है।

# घोरी घाट के मुखिया पति पर हमला करने वाला गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। प्रतापपुर**

प्रखंड के घोरी घाट मुखिया पति प्रेम कुमार उर्फ पिंटू पर मंगलवार देर शाम जानलेवा हमला करने वाले दो हमलावरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। प्रेम कुमार ने इस संदर्भ में थाने में लिखित आवेदन देकर जान से मारने की नीयत से अजहर हुसैन, मोहम्मद हैदर एवं चार पांच अन्य लोगों द्वारा घोरी घाट बाजार में हथियार से हमला करने का अरोप लगाया था। थाना प्रभारी लव कुमार के नेतृत्व में छापामारी कर नामजद दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि शेष अन्य की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है। छापेमारी दल में सब इंस्पेक्टर रामवृक्ष राम, सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह, एएसआई वीरेंद्र तिवारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**थाना प्रभारी ने कहा, शेष अन्य की गिरफ्तारी के लिए की जा रही है सघन छापेमारी**

# सांसद आदर्श ग्राम पंचायत में आज भी गरीब परिवार शौचालय से हैं कोसों दूर

**हिमांशु सिंह। मयूरहंड**

प्रखंड को वर्ष 2019 में ही पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चतरा द्वारा कागजों पर ओडीएफ घोषित कर खुले में शौच मुक्त का दर्जा दे दिया गया था। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों गरीब परिवार शौचालय विहीन रहने के कारण खुले में शौच करने को मजबूर हैं। वहीं सांसद आदर्श ग्राम पंचायत हुसिया अंतर्गत महुवरी गांव की सातवीं कक्षा की छात्रा सिटू कुमारी ने घर में शौचालय नहीं रहने के कारण खुले में शौच के लिए जाने से होने वाली परेशानियों से बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा को अक्टूबर माह में अवगत कराते हुए शौचालय निर्माण की मांग की थी, परंतु आजतक संबंधित विभाग व प्रशासन द्वारा कोई सार्थक प्रयास नहीं किया गया। आज भी उक्त छात्रा एवं उसके परिवार घर में शौचालय नहीं रहने के कारण खुले में शौच जाने को मजबूर हैं, जबकि चतरा सांसद डॉ. सुनिल कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत हुसिया को वर्ष 2020 में ही विकास करने के लिए गोद लिया था, परंतु आजतक विकास गोद से बाहर नहीं निकल पाया है। कमोबेश प्रखंड के अन्य पंचायतों में दर्जनों ऐसे गरीब परिवार आज भी शौचालय निर्माण कराने को लेकर कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं।

**कागजों पर कर दिया गया प्रखंड को ओडीएफ घोषित, गरीब शौचालय निर्माण की कर रहे मांग**

### 30 को होगा शौंडीक जयसवाल समाज का प्रखंडस्तरीय सम्मेलन

**चंदवा।** प्रखंड शौंडिक जयसवाल समाज का प्रखंड स्तरीय सम्मेलन 30 दिसंबर को प्रहलाद बैंकेट हाल में किया जाएगा। उक्त सम्मेलन में 3 वर्षों का लेखा जोखा प्रस्तुत कर नए अध्यक्ष एवं नई कार्यकारिणी कमेटी का भी चुनाव किया जाएगा। इस सम्मेलन में अगले तीन वर्षों के लिए भावी रणनीति तय कि जाएगी ताकि समाज को संगठित कर समाज के अंदर विसंगतियों को दूर करने का का प्रयास हो सके। अध्यक्ष प्रमोद साहू ने वर्तमान कमेटी को भंग कर दिया है और कहा कि सम्मेलन के बाद नई कमेटी का निर्माण होगा।

कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू
(समाज कल्याण शाखा)
Email ID - dswopalamau@gmail.com

(GeM Portal से ट्राईसाईकिल क्रय हेतु निविदा सूचना)

वित्तीय वर्ष 2023-24 में अन्य क्षेत्रीय उपयोजनान्तर्गत तथा अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजनान्तर्गत प्राप्त आवंटन से पलामू जिला में दिव्यांगजनों के लिए **180 Pc ट्राईसाईकिल** का क्रय GeM Portal से कराने हेतु दिनांक 16-01.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा GeM Portal पर Upload करना अनिवार्य होगा। अन्य माध्यम से प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी पलामू जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर अथवा जिला समाज कल्याण कार्यालय, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त
पलामू

PR 314440 District(23-24)#D

## राजनीति

### भाजपा से टिकट की दौड़ में सांसद सुनील सिंह के साथ कई दावेदार

# चतरा से समाजसेवी सुमन के चुनाव लड़ने की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

चर्चित समाजसेवी सुधांशु सुमन के चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ने की चर्चा राजनीति गलियारों में खुब हो रही है। भाजपा में शामिल होने के बाद सुमन चुनाव मैदान उतरने के लिए कमर कसते नजर आ रहे हैं। बताया जाता है कि कुछ माह पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के समक्ष उन्होंने भाजपा का दामन थामा था। लोगों की मानें, तो वह तिरंगा यात्रा के दौरान



चतरा लोकसभा के लगभग 1400 गांवों का भ्रमण कर क्षेत्र की हर बुनियादी समस्याओं से अवगत हो चुके हैं। सुमन 2010 से चतरा जिले के 12 प्रखंड, 154 पंचायत के 1476 गांव, लातेहार के 774 गांव और पांकी विधानसभा के 125 पंचायत और 5 प्रखंड के दौरा तीन-तीन बार कर चुके हैं। लोगों का कहना है कि सुमन ने 2276 गांव का विलेज एक्शन प्लान बना कर, गांव को मूलभूत आवश्यकता से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। सुमन ने चुवां पानी पीने के दर्द को नजदीक से देखा और चुवां मुक्त अभियान तिरंगा सम्मान यात्रा के माध्यम से चलाया। फिलहाल भाजपा से टिकट की दौड़ में सांसद सुनील सिंह तो हैं ही, इनके अलावे सुमन, कालीचरण सिंह, अरविंद सिंह, पूर्व सांसद नागमणि समेत कई दावेदार हैं। वहीं जब से राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में नये चेहरे को सीएम बनाया गया है तब से भाजपा का हर नेता-कार्यकर्ता इस दौड़ में शामिल हो गए हैं। उम्मीदवार बनने का मौका किसे मिलता है, यह वक्त बताएगा पर दावेदारों की सूची लंबी हो रही है।

कार्यालय, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115 Pin Code - 835207

आवश्यक सूचना

सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.11.2023 को करौंदी बाईपास के पास से 61 पीस गम्हार चिरान सहित पिकअप नं0– JH07L4209 को जप्त कर गुमला वन परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 05.01.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,
–सह– वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल।

PR.NO.314437 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D

## एक नजर

### बालू से तेल निकालना बंद करें अफसर: शाहदेव

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि कुडू प्रखंड में बालू को लेकर अधिकारी खासकर अंचलाधिकारी प्रवीण कुमार सिंह जरूर से ज्यादा ही जनता को परेशान कर रहे हैं, जबकि सरकार कहती है कि सरकारी आवास और सरकारी काम नहीं रुकने चाहिए, उसके लिए भी लोग बालू उपाय करते हैं तो जनता को परेशान किया जा रहा है और इतनी तत्परता तो अपराधियों को पकड़ने में भी नहीं दिखाई जाती है जितनी कि बालू को रोकने में दिखाई जा रही है। शाहदेव ने जिला प्रशासन से मांग की है कि ऐसे अधिकारी जो जनता को जानबूझकर परेशान कर रहे हैं उनका वहां से तबादला किया जाए और आम जनता को बालू कैसे उपलब्ध होगा उस पर एक नियम बनाते हुए बालू उपलब्ध कराया जाए। दूसरी ओर बालू से तेल निकालने की जहां तक बात है तो हाईवा भर भर कर रांची बालू पहुंच रहा है। उसको देखने वाले सरकार का कोई भी अधिकारी नहीं है और मुख्यमंत्री की नाक तले यह काम चल रहा है लेकिन कोई भी उधर झांकने को तैयार नहीं है। लगता है कि वहां पर बालू से तेल निकल रहा है और यहां पर अगर बालू को बालू की तरह उपयोग किया जाता है तो उस पर तानाशाही रवैया अपनाया जाता है। अगर स्थिति में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो आजसू पार्टी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी, जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी।

### जयंती पर अलबर्ट एक्का को श्रद्धांजलि

**गुमला।** परमवीर चक्र विजेता लांस नायक अलबर्ट एक्का की जयंती पर जिले के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एक्का स्टेडियम परिसर में स्थित अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर उप विकास आयुक्त हेमंत सती सहित जिले के अधिकारियों ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अधिकारियों ने अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान अपर समाहर्ता, एसडीओ सदर, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी सह जिला जन संपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला श्रम अधीक्षक आदि मौजूद रहे।

### मासूम ने खेल-खेल में खाया कीटनाशक

**गुमला।** डिुमरी थाना क्षेत्र स्थित सेमर टोली में ग्राम निवासी पांच वर्षीय अंश मिंज ने खेल-खेल में घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। उसकी स्थिति गंभीर होती देखमाता-पिता उसे डुमरी उप स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### जरूरतमंदों के बीच 100 कंबल का वितरण

**गुमला।** हिंडाल्को गुरदरी बाक्साइट मांईस के सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग ने बुधवार को गुरदरी पंचायत के आस-पास से आए गरीब एवं असहाय तथा जरूरतमंद लाभुकों के बीच 100 कंबल का वितरण किया। हिंडाल्को गुरदरी बाक्साइट मांईस में सीएसआर के तहत अपने आसपास के समुदाय के लिए विभिन्न योजनाओं को संचालित कर समुदाय को योजनाओं से जोड़ रहा है। मौके पर महाप्रबंधक सुरक्षा अजय पांडेय, खान प्रबंधक गुरदरी विद्या सागर सिंह, ओम झा, अभिषेक प्रधान, कुमोद रंजन, कृष्णेंदु दास आदि मौजूद रहे।

विधायक मद से बने आदिवासी पड़हा भवन का मंत्री ने किया उद्घाटन

# सूबे का समग्र विकास करने में जुटी है हेमंत सरकार : डॉ. उरांव

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड के नवडीहा एवं कसपुर में विधायक मद से बने आदिवासी पड़हा भवन का स्थानीय विधायक सह मंत्री रामेश्वर उरांव ने बुधवार को उद्घाटन किया। उद्घाटन करने पहुंचे मंत्री का स्थानीय युवतियों ने पारंपरिक रूप से स्वागत किया। मौके पर मंत्री ग्रामीणों संग बैठक कर समस्या से रूबरू हुए। कई ग्रामीणों ने मंत्री डॉ. उरांव को अपना समस्या बताई, जिनको मंत्री ने तत्काल संबधित विभाग को दूर करने का आश्वासन दिया।



मौके मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार में विकास काफी तेजी के साथ हो रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार राज्य का समग्र विकास में जुटी है। इससे राज्य की जनता खुशहाल हो रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि विकास के सफर पर हम काफी तेजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। जो कमियां हैं, उन्हें दूर करने को लेकर भी काम कर रहे हैं। राज्य के विभिन्न पंचायतों और वार्ड में शिविर लगाकर जनता दरबार आयोजित किया जा रहा है। सरकार जनता के द्वार तक पहुंच कर विकास कार्यों से अंतिम व्यक्ति को जोड़ने का काम कर रही है और उनकी सारे समस्याओं का समाधान एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ इस शिविर के माध्यम से दिया जा रहा है। आज पूरे राज्य में 20 लाख राशन कार्ड लाभुकों को हमारी सरकार ने उपलब्ध कराया है। इस गठबंधन सरकार ने ऐसी व्यवस्था की है कि सरकारी पदाधिकारी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की पोटली बना कर जनता के द्वार तक जा रहे हैं और अंतिम व्यक्ति को लाभान्वित कर समाज की मुख्य धारा में जोड़े रहे हैं। मनुष्य को जीवन जीने के लिए रोटी, कपड़ा एवं मकान की आवश्कता होती है, जिसके लिए अबुआ आवास योजना के तहत घर एवं तन ढकने के लिए धोती साड़ी योजना के तहत धोती साड़ी एवं पोषाहार के लिए चावल के साथ-साथ दाल भी उपलब्ध कराई जा रही है। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के तहत भी जरूरतमंदों को लाभ दिया जा रहा है। मौके जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, सुखेर भगत, विधायक प्रतिनिधि निश्चित जसवाल, बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद, थाना प्रभारी गौतम कुमार, प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, परवेज अंसारी, डोमना उरांव, रामचंद्र बाघवार, समीम अंसारी, सुखदेव उरांव, निरंजन उरांव, मुखिया सुमित उरांव, इंद्रदेव उरांव मौजूद थे।

# अनियंत्रित कार बिजली के पोल से टकराई, बाल-बाल बचे सभी सवार

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र के सेन्हा प्रखंड मुख्यालय के समीप रिलाइंस मार्ट के पास गुमला से हजारीबाग जा रही कार अनियंत्रित हो बिजली खंभे से जा टकराई। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिनव कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। एस आई पंकज यादव को निर्देश देते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को थाना परिसर लाया गया। विदित हो कि घटना चालक को झपकी आने के कारण होने की बात बताई जा रही है। कार सवार आलोक एक्का ने बताया कि वह गुमला से हजारीबाग जा रहा थे। चक्के में हवा कम होने के कारण गाड़ी अनियंत्रित हो बिजली के पॉल में टकरा गई। वाहन के टकराने के बाबजूद सवार लोग सुरक्षित हैं।






### गुमला में बाइक दो छात्राओं को मारी टक्कर, तीन घायल

**गुमला।** जिले के घाघरा प्रखंड मुख्यालय में कोचिंग सेंटर से क्लास कर वापस घर लौट रही दो छात्राओं 11 वर्षीय अंशु किंडो (पिता-सुखदेव भगत) तथा 11 वर्षीय अनिमा गुड़िया (पिता-जोहन गुड़िया) को तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से जोरदार टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और स्वयं भी घायल हो गया। बाद में स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए घाघरा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां छात्राओं को डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सदर अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों छात्राओं को पैर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं।

# धूमधाम से मनाया जाएगा कांग्रेस का स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद की अध्यक्षता में स्थापना दिवस मनाने हेतु बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने हेतु चर्चा की गई एवं रूपरेखा तैयार की गई। इस निमित निर्णय ली गई कि जिले के सभी प्रखंड पंचायत एवं बुथ स्तर पर झंडोतोलन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंड अध्यक्षों पंचायत अध्यक्ष एवं बूथ कमेटी के कार्यकताओं को दिशा निर्देश जारी किया गया। सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष एवं सभी प्रखंड प्रभारी को दिशा निर्देश जारी की गई कि अपने-अपने जिम्मेवारी के अनुसार कार्यक्रम को सफल बनावे। बताया गया कि भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस की स्थापना 28 दिसम्बर 1885 को



बम्बई (मुम्बई) के गोकुल दास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई थी। कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस का एक ही उद्देश्य था देश का विकास करना। इसी उद्देश्य के साथ कांग्रेस पार्टी का स्थापना की गई थी। कांग्रेस पार्टी के विचारधारा को आज शहर से लेकर गांव और गांव से लेकर घर तक जन-जन तक पहुंचाने का काम हम सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं को करने की जरूरत है। बैठक में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष मोहन दुबे, सचिव कुणाल अभिषेक, महिला कांग्रेस के अध्यक्ष सीमा परवीन, सेन्हा प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव, किस्को प्रखंड अध्यक्ष युनूस अंसारी, युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी, सेन्हा के मंडल अध्यक्ष रुस्तम अंसारी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष संजय नायक, रंजीत साहू, अयूब खान, मदन प्रसाद उपस्थित थे।

### कुडू प्रखंड कांग्रेस कमेटी की बैठक

**लोहरदगा।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर कुडू प्रखंड अध्यक्ष तनवीर गौहर की अध्यक्षता में बैठक की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड प्रभारी सह जिला महासचिव सामूल अंसारी शामिल हुए। सभी पंचायत स्तर पर पार्टी कार्यकर्ताओं को जुड़ जाने एवं सभी पंचायत में कांग्रेस पार्टी का झंडातोलन के लिए दिशा निर्देश दिया गया। मौके पर पंचायत अध्यक्ष मो इकबाल, शमसुल अंसारी, मनोज उरांव, संतोष लोहरा, नईम अंसारी, जीवन खाखा, परवेज आलम मौजूद थे।

# झुंड से अलग हुआ एक हाथी मचा रहा उत्पात



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सदर थाना स्थित मुरकुंडा पंचायत के विभिन्न गांवों में बुधवार को एक उग्र जंगली हाथी पूरे क्षेत्र में उत्पात मचा रहा है। शायद वह अपने झुंड से अलग होने के कारण काफी उग्र हो गया है। साग सब्जी आदि फसलों को रौंदा रहा है। घरों को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे धानों को चट कर जा रहा है। इसी क्रम में उक्त हाथी ने कोटेंसेरा ग्राम निवासी विष्णु बड़ाइक के घर को ध्वस्त कर दिया और घरेलू सामान को तहस-नस कर दिया और धान खा गया। इस संबंध में विष्णु बड़ाइक ने वन विभाग से क्षतिपूर्ति और मुआवजे की मांग की है। बाद में ग्रामीणों द्वारा उक्त घटना की सूचना वन विभाग को दी गई और वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उक्त उग्र हांथी को गांव से खदेड़कर जंगल की ओर भागने की कोशिश की जा रही है।

# डीलर संघ की हड़ताल एक से, बीडीओ को दिया ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। सिसई**

सिसई डीलर संघ द्वारा एक जनवरी से सामूहिक हड़ताल पर जाने को लेकर बुधवार को बीडीओ सह प्रभारी एमओ रमेश कुमार यादव को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ के प्रखंड अध्यक्ष मकीन अंसारी ने बताया कि चार सूत्री मांगों को लेकर आंल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर एक जनवरी से संपूर्ण भारत के जन वितरण प्रणाली दुकानदार हड़ताल पर जा रहे हैं। इसी के तहत प्रखंड के सभी 82 डीलर भी हड़ताल पर रहेंगे। हमारी चार सूत्री मांगों में जन वितरण दुकानदारों का मासिक मानदेय 30 हजार करने अथवा प्रति किलो कमिशन तीन रुपये करने, पूर्व की भांति दुकानदारों को अनुकंपा के आधार पर बहाल करने, सरकार द्वारा प्रदत्त ई-पॉश मशीन को 4जी से जोड़ने और पीएम गरीब कल्याण योजना का बकाया कमिशन जल्द भुगतान करना शामिल है। मांगें पूरी

### सिसई प्रखंड के सभी 82 डीलर भी रहेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

नहीं होने पर एक जनवरी से पूरे देश के डीलर अनिश्चितकालीन हड़ताल में रहेंगे। देश के पांच लाख अड़तालीस हजार डीलर लगभग 81 करोड़ गरीब जनता को खाद्यान्न के साथ-साथ अन्य सामग्री का वितरण करते आ रहे हैं, किंतु हमें उचित मेहनताना नहीं मिल रहा है, सरकार गरीबों के हित को ध्यान में रखते हुए हमारी चार सूत्री मांग को जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि हमारे द्वारा जनता को ससमय खाद्यान्न व अन्य सामग्री सुचारु रूप से उपलब्ध कराया जा सके। ज्ञापन सौंपे जाने में सिसई फेयर प्राइस शॉप फेडरेशन के अध्यक्ष मकीन अंसारी के अलावा सचिव रामेश्वर साहु, उपाध्यक्ष अनिल साहु आदि डीलर मौजूद थे।

# इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सीखे ऑर्गेनिक फार्मिंग के गुर



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एमएल अग्रवाल एसवीएम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने बुधवार को ऑर्गेनिक फार्मिंग के गुरु सीखे। कॉलेज के सरस्वती यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत 20 छात्राओं को केंचुआ खाद (वर्मी कंपोस्ट ) फार्म ले जाया गया।

वहां संबंधित विषय के विशेषज्ञ दिनेश चांद ने छात्राओं को ऑर्गेनिक फार्मिंग के गुर सिखाये। छात्राओं ने सीखा कि जैविक खाद से कैसे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं और उत्पादन में वृद्धि कर सकते हैं। बालिका शिक्षा विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा व अर्थशास्त्र की आचार्य अर्चना कुमारी के नेतृत्व में यह सरस्वती यात्रा संपन्न हुई।

छात्राओं में कनक दीप, कशिश कुमारी, पलक कुमारी, कमला कुमारी, पूर्णिमा भगत, रागिनी भगत, मनीता कुमारी, रेशमी कुमारी, मानसी कुमारी, समृद्धि कुमारी, ज्योति प्रिया कुजूर, अंजली कुमारी, सलोनी कुमारी, मुनिका कुमारी, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, रंजीता टोप्पो, अनिमा कुमारी, किरण कुमारी, अंजली कुमारी उपस्थित थी।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू।**
समाहरणालय भवन ब्लाक सी0 कमरा सं0–9
ईमेल–jepcpalamau@rediffmail.com

**झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी शिक्षिका चयन हेतु निर्गत विज्ञापनसं0–02/JBAV/2023 का शुद्धि पत्र**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, रांची के पत्रांक QU/40/207/2022/1354 दिनांक 19.04.2023 एवं पत्रांक QU/40/207/2022/3060 दिनांक 03.08.2023 के निदेशानुसार जिला में संचालित **01 (एक)** झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय, प्रखण्ड पीपरा, पलामू में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अर्हता धारी **महिला अभ्यर्थियों** से आवेदन पत्र मांग करने हेतु दैनिक समाचार पत्र (PR 313870 District (23-24)_D) दिनांक 22.12.2023 को प्रकाशित किया गया था, जिसमें संशोधन किया गया है। पूर्व में जिले के वेबसाइट www.palamu.nic.in पर प्रकाशित विज्ञापन सं0 02/JBAV/2023 में आशिंक संशोधन करते हुए संशोधित विज्ञापन सं0 03/JBAV/2023 प्रकाशित की जा रही है। झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालय में पूर्णतया अस्थायी शिक्षिका के पद पर आवेदक अपना आवेदन दिनांक 08.01.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक सिर्फ निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा कार्यालय, ब्लॉक–सी0, कमरा संख्या–09, पिन 822101 पलामू में आमंत्रित किए जाते हैं। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

विज्ञापन से संबंधित विशेष जानकारी के लिए समग्र शिक्षा कार्यालय पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू

PR 314426 (District) 23-24 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर**
Email ID - eedwsd.medininagar@gmail.com
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड सरकार आम आदमी (General Public) के लिए जल जाँच प्रयोगशाला

| क्रम संख्या | विशेषता | व्यक्तिगत लागत (रुपए में) | पैकेज लागत (रुपए में) |
|---|---|---|---|
| 1 | गंध (Odor) | 1 | |
| 2 | रंग (Color) | 1 | |
| 3 | पीएच (pH Value) | 1 | |
| 4 | पूर्णतः घूले हुए ठोस पदार्थ (TDS-Total Dissolved Solids) | 1 | |
| 5 | गंदगी (Turbidity) | 5 | |
| 6 | पूर्ण क्षरीयता (Total Alkalinity) | 20 | |
| 7 | पूर्ण खारापन (Total Hardness) | 20 | 50 |
| 8 | अवशिष्ट क्लोरीन (Residual Chlorine) | 1 | |
| 9 | क्लोराइड (Chloride) | 50 | 50 |
| 10 | सल्फेट (Sulphate) | 50 | 50 |
| 11 | आयरन (Iron) | 50 | 50 |
| 12 | पूर्ण आर्सेनिक (Total Arsenic) | 100 | 100 |
| 13 | फ्लोराईड (Fluoride) | 50 | 50 |
| 14 | नाइट्रेट (Nitrate) | 50 | 50 |
| 15 | पूर्ण कोलिफार्म बक्टीरिया (Total Coliform Bacteria) | 100 | 100 |
| 16 | ई कोली या थर्मोटोलरेंट कोलिफोर्म बैक्टीरिया (E-coli or thermotolerant coliform bacteria) | 100 | 100 |

जिला स्तरीय जल जाँच प्रयोगशाला में जाकर अपने जल गुण्वत्ता का जाँच आज हीं करवाएं अधिक जानकारी हेतु संबंधित लैब रसायनज्ञ(मोबाइल संख्या –9162118460) से संपर्क किया जा सकता है।

निवेदक : पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

Executive Engineer
D.W.& S Division, Medininagar

PR 314406 Drinking Water and Sanitation(23-24)D


**पहल** हेलमेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन, पुलिस अधीक्षक ने कहा

# हेलमेट पहनें, सावधानी ही दुर्घटना से बचाएगी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत के अन्तर्गत सेरेंगहातु में सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु समाजिक कार्यकर्ता इमरान आजाद अंसारी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक द्वारा हेलमेट का वितरण किया गया।

हेलमेट वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र में हेलमेट वितरण कार्यक्रम दूसरी बार किया जा रहा है। सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम से ग्रामीण जनता जागरूक हो, यातायात नियमों की पालन को ध्यान में रखते हुए अपने एवं परिवार के भविष्य को संवारने का कार्य किया जा रहा है। इसमें सेन्हा थाना क्षेत्र के समाजसेवी और बुद्धिजीवी हेलमेट वितरण कर सुरक्षित बचाव के लिये आम जनता को



जागरूक कर रहे हैं। साथ ही जनता से अपील करते हुए कहा कि जब भी घर से बाइक लेकर निकलें तो हेलमेट जरूर पहन कर ही चलें। कहा कि जिस तरह मोबाइल में कवर डालते हैं उसी तरह दुर्घटना से बचने के लिए स्वयं भी हेलमेट पहनिए और दूसरे लोगों को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित कीजिये। शराब का सेवन कर वाहन नहीं चलाने और यातायात नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया। इसके अलावे उन्होंने कहा कि हेलमेट नहीं पहनने के कारण ही सड़क दुर्घटना में अधिकांश लोगों की मृत्य हो रही है। हेलमेट वितरण करने के लिये पुलिस अधीक्षक ने इमरान आजाद व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि हेलमेट दुर्घटना से बचाव का मुख्य हथियार है और हेलमेट पहनने एवं सुरक्षित रहने पर प्रकाश डाला गया। हेलमेट मिलने पर राजू अंसारी ने कहा कि हमको एक हेलमेट मिला है तो हम 10 हेलमेट बांटेंगे। हेलमेट वितरण के दौरान पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के अलावे बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, थाना प्रभारी अभिनव कुमार तथा शस्त्र बल के अलावे इमरान आजाद अंसारी, इम्तियाज अंसारी, पूर्व मुखिया सुखदेव उरांव, फिरोज अंसारी, प्रेम एक्का, राजू अंसारी आदि मौजूद थे।

जिंदगी हमें सिखाती है कि अगर शान्ति चाहिए तो, दूसरों की शिकायत करने से अच्छा है, खुद को बदलें : अज्ञात



# झारखंड में पर्यटन की अपार संभावना

सदियों से झारखंड आकर्षण का केंद्र रहा है वैदिक काल में शांति के लिए तो बाद के कालखंड में कभी बेशकीमती लकड़ियों के लिए तो कभी हीरे के लिए तो कभी इसके खान खनिज के आकर्षण से बंधे लोग आते रहे पर आधुनिक काल में जब भीषण गर्मी या सीमित जगह या अपार्टमेंट संस्कृति में रचे बसे लोग जब पहली बार झारखंड आते हैं तो मंत्रमुग्ध हो जाते हैं । अधिकांश तो यहां की सादगी,प्राकृतिक सौंदर्य और सुहावने मौसम से इतने प्रभावित होते हैं कि यहां बस जाना पसंद करते हैं । यही हाल यहां आनेवाले पर्यटकों का झरनों के शहर के नाम से प्रसिद्ध रांची समुद्र तल से लगभग 700 मीटर की ऊँचाई पर स्थित हैं। रांची शहर को अविभाजित बिहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने का गौरव हासिल था। रांची के प्रमुख आकर्षण में टैगोर हिल, हुंडरु फॉल,दशम फॉल, रांची हिल स्टेशन, कांके डैम, भारी अभियंत्रण निगम हटिया, जनजातीय अनुसंधान संस्थान का संग्रहालय शामिल हैं।

**रांची शहर को अविभाजित बिहार राज्य की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनने का गौरव हासिल था। रांची के प्रमुख आकर्षण में टैगोर हिल, हुंडरु फॉल,दशम फॉल, रांची हिल स्टेशन, कांके डैम, भारी अभियंत्रण निगम हटिया, जनजातीय अनुसंधान संस्थान का संग्रहालय शामिल हैं। झारखंड राज्य के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में शामिल देवघर एक प्रमुख धार्मिक स्थान हैं जो कि भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक के लिए जाना जाता हैं। देवघर का मंदिर भगवान बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हैं।**

झारखंड राज्य के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में शामिल देवघर एक प्रमुख धार्मिक स्थान हैं जो कि भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंग मंदिरों में से एक के लिए जाना जाता हैं। देवघर का मंदिर भगवान बैद्यनाथ के नाम से प्रसिद्ध हैं। देवघर के प्रमुख आकर्षण में शामिल बैद्यनाथ धाम, नंदन पहाड़, सत्संग आश्रम आदि हैं। झारखंड में घूमने वाली जगहों में शामिल हैं जमशेदपुर झारखंड का सबसे बड़ा और प्रमुख पर्यटन स्थल हैं। जमशेदपुर सिटी में दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी इस्पात निर्माण कंपनी स्थित है। जमशेदपुर के प्रमुख आकर्षण में जुबली पार्क, दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी और टाटा स्टील जूलोजिकल पार्क आदि हैं।झारखंड राज्य का मशहूर पर्यटन स्थल हजारीबाग झारखण्ड राज्य की राजधानी रांची से लगभग 95 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। हजारीबाग पर्यटन स्थल घने जंगलों, रॉक संरचनाओं, सुन्दर सुन्दर झीलों और प्राकृतिक आकर्षण का खूबसूरत दृश्य प्रस्तुत करता हैं। हजारीबाग के प्रमुख आकर्षण में कैनेरी हिल, राजरप्पा मंदिर और वाइल्ड लाइफ सेंचुरी आदि शामिल हैं। झारखंड में छुट्टी मनाने वाली जगहों में शामिल बोकारो स्टील सिटी एक खूबसूरत प्राकृतिक स्थान हैं । झारखंड में पर्यटन उद्योग के पनपने और भारी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इसकी अनूठी झारखंडी संस्कृति भी है । छौ नृत्य की दोनों शैलियां मानभूम और सरायकेला अब विश्व स्तर पर चर्चित हैं। दोनों के कलाकार विदेशों तक में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। इसी प्रकार यहां के जतरा मेला और जनजातीय पर्व त्योहार राजस्थान की संस्कृति की तरह और हिमाचल के कुलू महोत्सव की तरह हजारीबाग का रामनवमी मेला और रांची की दुर्गा पूजा भीड़ खींच सकती है जिससे रोजगार के अवसर तो पैदा होंगे ही बहुत हद तक पलायन और माओवाद रुक सकता है । हिमाचल की तरह राजस्व वृद्धि का बड़ा स्रोत भी पर्यटन बन सकता है । आवश्यकता इस बात की है सरकार के प्रयासों को आमजन का भी सहयोग मिले खास तौर पर टूर ट्रेवल से जुड़े लोगों का जो उचित दर पर गाड़ी उपलब्ध कराकर एक संदेश दें कि यह बजट के अंदर शांत मनोरम पर्यटन स्थल है ।

# यह तो 'गठबंधन' ही सनातन विरोधी है!

**इन दिनों**



मृत्युंजय दीक्षित

**देश** में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दलों ने अपनी कमर कस ली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन इस बार और बेहतर प्रदर्शन करने की दिशा में आगे बढ़ चुका है। विपक्ष भी आईएनडीआईए बनाकर हुंकार भर रहा है। वर्ष 2023 में हुए कुल नौ राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हिमाचल प्रदेश , कर्नाटक व तेलंगाना में विजय प्राप्त हुई है। मगर इस गठबंधन में कई पेंच इतनी बुरी तरह से उलझ गये हैं कि सुलझना कठिन होता जा रहा है। भाजपा राम मंदिर, सनातन संस्कृति के उत्थान और विकसित भारत संकल्प यात्रा के बल पर लगातार आगे बढ़ती जा रही है। मगर विपक्ष का गठबंधन अभी तक चार बैठकों के बावजूद संयोजक का नाम तक तय नहीं कर पाया है। 19 दिसंबर को बैठक में कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल दलों से सीट साझा करने पर चर्चा करने के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जब दो राज्यों हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस को सफलता मिली तब कुछ विश्लेषकों को ऐसा लगने लगा कि प्रधानमंत्री मोदी का जादू उतरने लगा है और कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष के मन में आशा का एक नया संचार हुआ है किंतु राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम का रिजल्ट आते ही इन विश्लेषकों को सांप सूंघ गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक विजय ने विपक्ष की बोलती बंद कर दी। अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने इसके लिए सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, वामपंथी नेता सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं को निमंत्रण भेजा। अभी यह पक्का नहीं है कि सनातन विरोधी इस गठबंधन के नेता अयोध्या जाते हैं या नहीं। माना तो यही जा रहा है कि इनमें से कई नहीं जाएंगे। सबसे ज्यादा फजीहत इस गठबंधन की साथी समाजवादी पार्टी की होनी है। कौन नहीं जानता रामभक्त कारसेवकों पर मुलायम सिंह यादव ने ही गोली चलवाई थी। मुस्लिम-यादव गठजोड़ से सत्ता पाने वाले उनके पुत्र और सपा नेता अखिलेश यादव समारोह में चले जाते हैं तो उनके एम-वाई समीकरण को गहरा आघात लगना तय है। राम मंदिर निर्माण के समर्पण अभियान पर सपा नेताओं ने संघ व भाजपा को चंदाजीवी कहकर अपमानित किया है। आम आदमी पार्टी ने दो कदम आगे जाकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के चंपत राय पर जमीन घोटाले के फर्जी आरोप लगा दिये। वास्तविकता यह है कि आज इस पार्टी के कई बड़े नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह व सुरेंद जैन सलाखों के पीछे हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कथित शराब घोटाले के मुख्य किरदार बताये जा रहे हैं। ईडी का सामना तक नहीं कर पा रहे। आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल सभी दल व नेता हिंदू सनातन संस्कृति, भारतीय सभ्यता व संस्कृति, भाषा, रहन सहन व खानपान के घोर विरोधी हैं। सभी नेता मुस्लिम तुष्टिकरण, ईसाइयत और पश्चिमी सभ्यता के आकंठ डूबे हुए हैं। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व राजस्थान में पराजय के बाद विरोधी दलों के नेता संतुलन ही खो बैठे हैं। द्रमुक नेता तो सनातन धर्म का उन्मूलन करने का प्रण तक ले चुके हैं। गठबंधन के बड़े सरमायेदार मोहब्बत की दुकान खोलने वाले राहुल गांधी खामोश हैं। आज राममला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में जाना कांग्रेस के लिए सांप- छछूंदर की गति जैसा हो गया है। जाएं तो मुश्किल और न जाए तो भी मुश्किल। कांग्रेस के नेतृत्व में बने गठबंधन के सभी नेता हिंदू धर्म का जमकर मखौल उड़ा चुके हैं।



**भाजपा राम मंदिर, सनातन संस्कृति के उत्थान और विकसित भारत संकल्प यात्रा के बल पर लगातार आगे बढ़ती जा रही है। मगर विपक्ष का गठबंधन अभी तक चार बैठकों के बावजूद संयोजक का नाम तक तय नहीं कर पाया है। 19 दिसंबर को बैठक में कांग्रेस ने गठबंधन में शामिल दलों से सीट साझा करने पर चर्चा करने के लिए एक पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। जब दो राज्यों हिमाचल प्रदेश व कर्नाटक में कांग्रेस को सफलता मिली तब कुछ विश्लेषकों को ऐसा लगने लगा कि प्रधानमंत्री मोदी का जादू उतरने लगा है और कांग्रेस के नेतृत्व में संपूर्ण विपक्ष के मन में आशा का एक नया संचार हुआ है किंतु राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मिजोरम का रिजल्ट आते ही इन विश्लेषकों को सांप सूंघ गया। मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की ऐतिहासिक विजय ने विपक्ष की बोलती बंद कर दी। अगले साल 22 जनवरी को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां चल रही हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट ने इसके लिए सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, मल्लिकार्जुन खड़गे, वामपंथी नेता सीताराम येचुरी सहित कई विपक्षी नेताओं को निमंत्रण भेजा। अभी यह पक्का नहीं है कि सनातन विरोधी इस गठबंधन के नेता अयोध्या जाते हैं या नहीं। माना तो यही जा रहा है कि इनमें से कई नहीं जाएंगे। सबसे ज्यादा फजीहत इस गठबंधन की साथी समाजवादी पार्टी की होनी है। कौन नहीं जानता रामभक्त कारसेवकों पर मुलायम सिंह यादव ने ही गोली चलवाई थी।**

## आप की बात

### दिनों दिन निखर रहे हैं दोनों संस्करण

कुछ दिनों से नियमित अखबार का पीडीएएफ पढ़ रहा हूं। राष्ट्रीय नवीन मेल के लिए शुभकामनाएं। झोला छाप डाक्टरों पर लिखा आलेख आंखे खोलती है। नर्सिंग होम और प्राइवेट अस्पतालों के भारी भरकम बिलों पर लिखना अपेक्षित है। झारखंड के भ्रष्टाचार का इतिहास, प्रमाणिक सामग्रियों का संग्रह साबित हुआ। राष्ट्रीय नवीन मेल की गुणवत्ता बढ़ रही है। एक दिन पृष्ठ संख्या 9 पर वयस्क की गलत हिज्जे व्यस्क दांतो तले कंकड़ के समान लगा। ईश्वर प्रतिदिन बेबाक लिखने का विचार और शक्ति प्रदान करें! प्रतिनिधि पाठकों को जो चाहिए, आपने आज निर्भीकता से लिखा है। बुद्धिजीवी वर्ग के पाठकों का नब्ज टटोल लिया है। अनुसंधान आधारित सूचनाएं जिज्ञासा को तृप्त कर रही हैं। राष्ट्रीय नवीन मेल के उगने वाले सूर्य का क्षितिज दिखने लगा है। अटल जी को पत्रकार के नाते भी याद करना सुखद लगा। 26 दिसंबर का आलेख - 'गति क्षमता से कम, सतरंगी मोर के समान पैरों , योजना से आच्छादित' जैसे शब्द प्रयोगों को मैंने अपने खास शब्द संग्रह में शामिल किया। मानव तस्करी पर शोध आधारित आलेख मर्म को छूता है। शोध आधारित कानून संबंधी अद्यतन जानकारी प्रतियोगी परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए एक मूल्यवान सामग्री है। 'कौन बनेगा करोड़पति' की तैयारी करने वाले भी लाभान्वित होंगे। पूर्व की तरह कैमूर रोहतास शाहाबाद में भी अखबार घर घर पहुंचे।

**- देवेश कुमार घोष,पूर्व प्राचार्य, डीएवी स्कूल, सासाराम**

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-**article.rnmail@gmail.com**

**राजनीति**

# घाटी में सैन्य कार्रवाई की पारदर्शिता व संवेदनशीलता



ललित गर्ग


**पुंछ** और राजौरी के सीमावर्ती इलाके में एक बार फिर आतंकी हमला हुआ है, यह संविधान के अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद किया गया पहला बड़ा आतंकवादी हमला है। यह हमला जहां आतंकियों की हताशा को दर्शा रहा, वही ऐसी संभावनाएं भी पूरजोर उजागर कर रहा है आतंकी तत्व ऐसी और वारदात को अंजाम देने की कोशिश करेंगे। घाटी में शांति एवं विकास को बाधित करने की आतंकवादियों की कुचेष्ठाओं को निष्फल करने के लिये सुरक्षाकर्मियों को अपनी तैयारी को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं संवेदनशील करना होगा। विशेषतः सुरक्षाकर्मियों को मनोबल एवं आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ घाटी के लोगों के लिये संवेदनशील होना होगा ताकि घाटी में आतंक एवं अशांति फैलाने के मनसूबे सफल न हो सके। हालांकि आंकड़ों के लिहाज से देखा जाय तो इसमें संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में कमी आई है, लेकिन यह भी सच है कि ऐसे कई हमले पिछले कुछ अर्से में हुए हैं। अब कश्मीर भारत की इज्जत एवं प्रतिष्ठा का प्रश्न है, नाक है। पुंछ और राजौरी के सीमावर्ती इलाके आतंकी गढ़ बने हुए हैं, इन क्षेत्रों के घने जंगलों के कारण आतंकी घटनाओं को अंजाम देने में सुविधा रहती है। यही कारण है कि इन्हीं क्षेत्रों में बार-बार आतंकवादी घटनाएं हो रही है। इसी इलाके में इस साल अप्रैल में सेना के वाहनों पर हुए ऐसे ही हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। इसके अगले महीने मई में यहीं एक आतंक विरोधी अभियान के दौरान सेना पर हमला हुआ, जिसमें पांच जवानों की जान गई। यही नहीं, अक्टूबर महीने में फिर यहीं आतंकी हमला हुआ, जिसमें नौ जवान शहीद हुए। अब विगत गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में पाक घुसपैठियों ने घुसकर भारतीय सीमाओं की रक्षा कर रहे चार सुरक्षा सैनिकों की हत्या कर डाली, जो असहनीय है। इसकी गंभीरता को देखते हुए पूछताछ के लिए उठाये गये आठ लोगों में से तीन लोगों का मृत पाया जाना अधिक गंभीर था।

**घाटी में शांति एवं विकास को बाधित करने की आतंकवादियों की कुचेष्ठाओं को निष्फल करने के लिये सुरक्षाकर्मियों को अपनी तैयारी को अधिक मजबूत, पारदर्शी एवं संवेदनशील करना होगा।**

**फेसबुक वॉल से**




**X-से**




# भारत की आत्मनिर्भरता का प्रतीक आईएनएस इंफाल



किशन भावनानी गोंदिया

**वैश्विक** स्तर पर हर क्षेत्र में भारत के बढ़ते प्रौद्योगिकी विकास, चीन सहित भिन्न देशों पर घटती निर्भरता और हर क्षण बढ़ते निर्यात को पूरी दुनियां की हसरत भरी नजरों से देखकर विश्वास हो चुकी है कि भारत को अब आत्मनिर्भर बनने से कोई शक्ति रोक नहीं सकती और भारत अपने विजन 2047 पूर्ण विकसित राष्ट्र को उसके डेडलाइन के पहले ही अपने लक्ष को प्राप्त करने प्राप्त कर विश्व गुरु बनने में सफल हो जायेगा, जिसका इशारा आज गोवा से भारतीय नवसेना में शामिल विध्वंसक आईएनएस इंफाल बेड़े से मिल गया है। वैसे भी भारत हिंद महासागर क्षेत्र में नेट सुरक्षा प्रदाता की भूमिका निभाता रहा है, अब मित्र देशों के साथ मिलकर समुद्री मार्ग को सुरक्षित रख सकेंगे ताकि हमारा वैश्विक व्यापार सुरक्षित और तेजी से बढ़ सके और अर्थव्यवस्था बुलंदियां छुए और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए भारत विकसित राष्ट्र बनकर विश्व गुरु बनने की अभिलाषा पूर्ण करें। इसी और अभी बढ़ते, संपूर्ण आतंक, लाल सागर में बढ़ते हूती विद्रोहियों का आतंक, चीन की समुद्री दादागिरी, व्यापारिक जहाज के प्लूटो, साइन बाबा पर हमलों के आरोपियों को अब जल्द कटघरे में लाना आसान हो जायेगा क्योंकि आईएनएस इंफाल जलमेव यस्य, बलमेव तस्य यानी जो समुद्र को नियंत्रित करता है वह सर्वशक्तिमान होता है, जिसे हम सशक्त बनायेंगे। इसलिए आज हम मीडिया पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, समुद्री व्यापार सर्वोच्च ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंचाने व समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने में आईएनएस इंफाल मील का पत्थर साबित होगा। साथियों बात अगर हम आईएनएस इंफाल की करें तो यह एक प्रोजेक्ट 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, को (26 दिसंबर, 2023) नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में आयोजित एक आकर्षक समारोह में रक्षा मंत्री की उपस्थिति में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

**पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, समुद्री व्यापार सर्वोच्च ऊंचाइयों के शिखर तक पहुंचाने व समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने में आईएनएस इंफाल मील का पत्थर साबित होगा।**



**बोधि वृक्ष**

## कथा गौ माता 'कामधेनु' की

ऐरावत हाथी के समान ही कामधेनु गाय की उत्पत्ति भी समुद्र मंथन से हुई। पौराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन के समय देवों और असुरों को 14 रत्न, अप्सरायें, अमृत और विष की प्राप्ति हुई। क्षीरसागर से प्राप्त 14 रत्नों में एक रत्न कामधेनु गाय भी थी। इसी तथ्य से हम जान सकते हैं कि कामधेनु गाय का भारतीय संस्कृति में कितना महत्व है। पुराणों के अनुसार कामधेनु गाय में समस्त देवताओं का वास है। इसे नंदा, सुनंदा, सुराधी के नामों से भी जाना जाता है। कामधेनु को सभी गायों की मूल माता माना गया है और इसके हर अंग में चमत्कारी शक्तियां हैं। कहते हैं कामधेनु गाय जिस भी व्यक्ति को प्राप्त हो जाय वो दुनिया की सभी सम्पदाओं का मालिक बन जाता है। कामधेनु गाय ऐसी माता है जो संपूर्ण सृष्टी का पालन पोषण करती है और सबका पेट भरने के लिए आहार देती है। कामधेनु गाय के बारे में कई और पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। इनके अनुसार चाहे देवता हो या दानव कामधेनु गाय को हर कोई पाना चाहता था क्यों कि कामधेनु जिस किसी के पास होती थी वो सबसे शक्तिशाली बन जाता था। कहते हैं कामधेनु गाय सबसे पहले ऋषि वशिष्ठ के पास थी उनसे इसको पाने के लिए कई लोगों ने युद्ध किया। एक बार विश्वामित्र भी इसको पाने के लिए वशिष्ठ के आश्रम में पहुंच गये किन्तु उन्हें भी वहां से हारकर वापस आना पड़ा। एक और कथा के अनुसार कामधेनु गाय ऋषि जमदग्नि के पास थी। ऋषि जमदग्नि परशुराम के पिता थे। ऋषि जमदग्नि को भगवान इंद्र ने कुछ समय के लिए कामधेनु गाय दी थी। एक समय राजा सहस्त्रार्जुन जम्दागिन के आश्रम आये। आश्रम में ऋषि द्वारा राजा सहस्त्रार्जुन का अच्छे से स्वागत-सत्कार किया गया

**(क्रमशः)**

**टेक वर्ल्ड**

## अब ये डिवाइस दिलायेगी मच्छरों से राहत

दरअसल, यूएसबी टाईप -सी पोर्ट आपने कनेक्टिंग डिवाइस, फोन चार्जर और कई दूसरी जगहों पर इसका इस्तेमाल किया होगा। लेकिन अब आप इसका इस्तेमाल मच्छरों से खुद को बचाने में भी कर सकते हैं। हाल ही में एक वइ टाईप -सी डॉन्गल लॉन्च हुआ है जिसके पास ऐसी पावर है। दरअसल, जर्मन कंपनी Kamedi ने यूएसबी टाईप -सी डॉन्गल Heat-IT लॉन्च किया है। कंपनी का दावा है कि ये मच्छर, मक्खी या फिर ततैया के काटने पर काम करता है। इनके काटने की वजह से होने वाली खुजली को ये डिवाइस ठीक कर सकता है। छोटा सा ये गैजेट आसानी से आपने फोन के यूएसबी टाईप -सी पोर्ट में फिट हो सकता है। इसमें एक मेटल सर्फेस लगा होता है, जो गर्मी जनरेट करता है। इसे यूज करना भी बहुत आसान है।



आपको इसे सिर्फ अपने फोन में कनेक्ट करना होगा और डर या Android ऐप का इस्तेमाल करना होगा। एस ऐप के जरिए आप हीट ट्रीटमेंट को कस्टमाइज कर सकते हैं। अगर आप इसकी सेंसिटिविटी को लेकर परेशान हैं, तो ऐप में आपको इस प्रॉब्लम का भी हल मिल जाएगा। ये ऐप चाइल्ड फ्रेंडली या सेंसिटिव स्किन मोड के साथ आता है, जो स्किन के हिसाब से टेम्परेचर को सेट करता है। गर्मी के कारण मच्छर या ततैया के काटने वाली जगह तेजी से हील होती है। Kamedi अपने प्रोडक्ट की इस क्षमता का दावा एक स्टडी के आधार पर कर रही है। कंपनी ने स्वीडिश जर्नल Acta Dermato-Venerelogica में छपी रिपोर्ट का हवाला दिया है। इस स्टडी को Heat-It के साथ मिलकर किया गया है। **(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

" Smiles & More"

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities
- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## आईएलबीएस के 9वें दीक्षांत समारोह में बोली द्रोपदी मुर्मू

# देश में अंगदान को लेकर जागरुकता फैलाने की जरूरत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पर्याप्त संख्या में ऑर्गन की अनुपलब्धता पर चिंता जताते हुए देश में अंगदान को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत बताई है। राष्ट्रपति बुधवार को नई दिल्ली में इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलेरीज साइंसेज (आईएलबीएस) के 9वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा, पर्याप्त संख्या में अंगों की अनुपलब्धता के कारण बहुत से मरीज लीवर, किडनी या किसी अन्य प्रत्यारोपण से वंचित रह जाते हैं। दुर्भाग्य से अंगदान से जुड़ी अनैतिक कृत्य भी समय-समय पर उजागर होते रहते हैं। इन समस्याओं का समाधान करना एक जागरूक समाज की जिम्मेदारी है। हमारे देश में लोगों को अंगदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान चलाने की जरूरत है। राष्ट्रपति ने कहा कि आईएलबीएस ने विश्व स्तरीय दक्षता और अखंडता के बल पर केवल 13 वर्षों की अवधि में अपनी अलग पहचान बनाई है।

### आईएलबीएस में 1000 से अधिक लीवर का हुआ प्रत्यारोपण

उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि आईएलबीएस में 1000 से अधिक लीवर प्रत्यारोपण और लगभग 300 गुर्दे प्रत्यारोपण किए गए हैं।



उन्होंने कहा कि भारत अपेक्षाकृत कम खर्च पर विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करके आईएलबीएस जैसे संस्थानों के बल पर एक अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर हब के रूप में प्रतिष्ठित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन विज्ञान और आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के एकीकरण से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन हो रहे हैं। उन्होंने आईएलबीएस में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लर्निंग यूनिट की स्थापना को सामयिक पहल बताया। उन्होंने आईएलबीएस से इलाज के साथ-साथ शोध के क्षेत्र में भी काम जारी रखने का आग्रह किया। राष्ट्रपति ने कहा कि निवारक स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक ध्यान देने की जरूरत है। कहा जा सकता है कि लिवर हमारे शरीर का सुरक्षा गार्ड है। हमारे देश में लिवर से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं गंभीर हैं और इनसे होने वाली बीमारियों की भारी संख्या चिंता का कारण है। उम्मीद है कि आईएलबीएस लीवर रोगों की रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने डॉक्टरों को अपना ख्याल रखने की सलाह दी। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आज डिग्री प्राप्त करने वाले 65 छात्रों में से 37 बेटियां हैं।



### पीएम बोले -'लगता है मेरा कार्यालय अंतिम परीक्षा में पास हो गया'

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने क्रिसमस डे पर 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आधिकारिक आवास पर आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में हिस्सा लिया था। इस कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों के साथ बातचीत की थी, जिसका वीडियो पीएम ने बुधवार को शेयर किया। पीएम ने कहा, "ऐसा लगता है, मेरा कार्यालय अंतिम परीक्षा में पास हो गया है।" एक्स पर पोस्ट में प्रधान मंत्री ने कहा, जिज्ञासु युवा दिमागों ने 7, लोक कल्याण मार्ग की यात्रा करते हुए एक शानदार अनुभव प्राप्त किया। प्रधानमंत्री ने 25 दिसंबर को क्रिसमस के मौके पर अपने आवास पर एक विशेष समारोह का आयोजन किया था, इसमें बच्चों को भी निमंत्रण दिया गया। वीडियो में मोदी अपने आवास पर बच्चों के साथ बातचीत करते भी नजर आ रहे हैं। बच्चों ने उनके आवास के साथ ही पीएम कार्यालय, उनके कैबिनेट कक्ष और कई अन्य कमरों को देखा। वीडियो में कुछ बच्चों को यह कहते हुए भी सुना जा सकता है कि वे प्रधानमंत्री बनना चाहते हैं।

## एक नजर

### बेल पर जेल से रिहा शाह महमूद कुरैशी को किया गया गिरफ्तार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने बुधवार को कहा कि उसके उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी को अदियाला जेल के बाहर से गिरफ्तार कर लिया गया है। पार्टी ने कहा है कि कुरैशी को पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट ने साइफर मामले में जमानत प्रदान की थी। रिहा होते ही जेल के बाहर कुरैशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। डान अखबार के अनुसार पीटीआई ने कुरैशी को पुलिस वैन में बैठाए जाने का फुटेज अपने एक्स हैंडल पर साझा किया है।

### सुरक्षाबलों ने गैस सिलेंडर में लगे आईईडी किया नष्ट

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने बुधवार को आतंकवादियों की बड़ी साजिश विफल कर दी। जवानों ने श्रीनगर के लावापोरा में श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर एक गैस सिलेंडर में लगे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाकर नष्ट कर दिया।

### तीन और इजरायली सैनिकों की मौत, मृतकों की संख्या 164 हुई

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को उत्तरी गाजा में लड़ रहे तीन सैनिकों की मौत की घोषणा की। इसके साथ ही गाजा पट्टी में 27 अक्टूबर को शुरू हुए जमीनी ऑपरेशन के बाद इजरायली मृतकों की संख्या 164 हो गई है। मृत सैनिकों की पहचान लेफ्टिनेंट यारोन एलीएजर चिटिज (23), स्टाफ सार्जेंट इटाय बुटन (20) और स्टाफ सार्जेंट एफ्रैम याचमैन (21) के रूप में हुई है, जो नेव डैनियल से गिवती ब्रिगेड में शेक्ड बटालियन में एक सैनिक थे।

### व्हाट्सएप चैट मामले पर सुकेश चन्द्रशेखर ने दी सफाई

**नई दिल्ली।** व्हाट्सएप संदेशों से जुड़ी अटकलों और आरोपों के बीच जेल-13, मंडोली में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने एक बयान जारी कर ऐसी किसी भी सामग्री के प्रसार में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है। सह-अभियुक्त जैकलीन फर्नांडीज के आरोपों के बारे में चंद्रशेखर ने अपने वकील अनंत मलिक के माध्यम से जारी एक प्रेस बयान में स्पष्ट किया कि फर्नांडीज के लिए भावना या प्यार की सभी अभिव्यक्तियां लगातार कानूनी चैनलों का पालन करती हैं।

## पीएम ने रुबीना बी से कहा, आपके पास कार है, मेरे पास साइकिल भी नहीं

# दो करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का है सपना : प्रधानमंत्री

### 50 दिन से भी कम समय में भारत संकल्प यात्रा लाखों गांव तक पहुंच चुकी है

**एजेंसी। भोपाल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को देवास जिले के ग्राम जामगोद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े और स्वयं सहायता समूह की दीदियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने दीदियों से उनके काम, उनके जीवन में आए बदलाव और सहायता समूह से जुड़ने के बाद उनकी प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान देवास की रुबीना ने बताया कि उन्होंने एक मारुति वैन कार भी खरीद ली है।




इस पर प्रधानमंत्री ने हंसते हुए कहा कि उनके पास तो साइकिल भी नहीं और स्वयं सहायता समूह की कार्यकर्ता ने अपने दम पर रोजगार के अवसर पैदा करते हुए कार ले ली। प्रधानमंत्री की बात सुनकर कार्यक्रम में मौजूद सैकड़ों दीदियां, अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी ठहाके लगाने लगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वाधिक आठ मिनट का समय देवास जिले की रुबीना से बात करते हुए बिताया। मात्र पांच हजार रुपये का कर्ज लेकर घर-घर कपड़े बेचने से अपने काम की शुरूआत करने वाली रुबीना ने अपनी पूरी यात्रा के बारे में प्रधानमंत्री को बताया। इस दौरान प्रधानमंत्री काफी प्रसन्न नजर आए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी भोपाल स्थित मंत्रालय से वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

प्रधानमंत्री ने रुबीना बी से कहा कि मेरा दो करोड़ दीदीयों को लखपति बनाने का सपना है। इस पर रुबीना बी ने कहा कि मैं सभी दीदियों को लखपति बनते देखना चाहती हूं। उनका जवाब सुनकर प्रधानमंत्री ने मुस्कुराते हुए कहा कि आप नेताओं जैसे जवाब दे रही हैं। प्रधानमंत्री ने रुबीना बी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपने खुद के जीवन को बदला और औरों के जीवन को भी बदल रही हैं। उन्होंने रुबीना से अपने बच्चों को पढ़ाने और आगे बढ़ाने के लिए भी कहा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प से जुड़ने और देशवासियों को जोड़ने का यह अभियान लगातार विस्तार ले रहा है। दूर-दूर के गांवों तक पहुंच रहा है। युवा हो, महिला हो या गांव के वरिष्ठ नागरिक हों, ये सब आज मोदी की गारंटी की गाड़ी का इंतजार करते हैं और इस गाड़ी के कार्यक्रम का इंतजाम भी करते हैं। इस महा-अभियान को सफल बनाने के लिए मैं आप सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

### देश में कोरोना जेएन-1 के मामले बढ़कर 109 तीन की हुई मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वेरियंट जे एन 1 के मामले में लगातार तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने जे एन.1 के 109 मामलों की पुष्टि की है। इनमें गुजरात से 36, कर्नाटक से 34, गोवा से 14, महाराष्ट्र से 9, केरल से 6, राजस्थान से 4, तमिलनाडु से 4 और तेलंगाना से 2 मामले शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक देश में अब कोरोना के कुल एक्टिव मामले 4,093 हैं। इसके साथ पिछले 24 घंटों में कोरोना से तीन लोगों की मौत हुई है, जिनमें दो मौतें कर्नाटक और एक गुजरात से दर्ज की गई हैं।

# नागपुर की रैली से कांग्रेस फूंकेगी चुनावी बिगुल

### हैं तैयार हम थीम के साथ होगा आगाज, खरगे और सोनिया होंगे शामिल

**एजेंसी। नागपुर**

कांग्रेस अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र के नागपुर शहर में बृहस्पतिवार को एक विशाल रैली के जरिये अपने चुनाव अभियान की शुरूआत करेगी। कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर इस रैली हैं तैयार हम का आयोजन होगा। महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने बुधवार को रैली स्थल पर संवाददताओं को संबोधित करते हुये कहा, देश के लोगों के लिये यह एक ऐतिहासिक क्षण है। पार्टी के नेताओं के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी इस रैली को संबोधित करेंगे। यह रैली इस मायने में महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका आयोजन नागपुर में हो रहा है, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ



(आरएसएस) का मुख्यालय और ऐतिहासिक स्थल दीक्षाभूमि स्थित है। दीक्षाभूमि में डॉ. बी आर आंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया था। नागपुर से पार्टी विधायक नितिन राउत ने मंगलवार को बताया, हैं तैयार हम थीम के साथ यह रैली पूरे देश में एक अच्छा संदेश देगी। कांग्रेस अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए बिगुल बजाएगी। पार्टी नेताओं के अनुसार, नागपुर के दिघोरी में मेगा रैली के लिए जोरदार तैयारी चल रही है, जहां लाखों लोग और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के इस कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी हिस्से में तूफान से तबाही

### अब तक नौ की मौत, हजारों घरों की बिजली गुल

**एजेंसी। सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान देश के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली तूफान से अब तक नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को कहा, हजारों घरों में अब भी बिजली गुल है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अधिक समय लग सकता है। द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड राज्यों में मौसम की कड़ी मार पड़ी। जमकर ओले गिरे और मूसलाधार बारिश हुई। सबसे अधिक प्रभावित कुछ इलाकों में तेज हवाओं के कारण घरों की छतें उड़ गईं और हजारों पेड़ गिर गए। क्वींसलैंड राज्य पुलिस आयुक्त कैटरीना कैरोल के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि मोरेटन बे में ग्रीन आइलैंड के पास एक नौका के पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। उसमें 11 लोग सवार थे। क्वींसलैंड में अलग-अलग घटनाओं में नौ साल की एक लड़की और एक महिला नाले में बह गईं।

### सिग्रिड काग गाजा के वरिष्ठ मानवीय समन्वयक नियुक्त

**न्यूयार्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस ने नीदरलैंड की उप प्रधानमंत्री सिग्रीड काग को गाजा के लिए वरिष्ठ मानवीय और पुनर्निर्माण समन्वयक नियुक्त किया है। हाल के संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के अनुरूप, काग संकटग्रस्त क्षेत्र में सहायता खेप की सुविधा, समन्वय, निगरानी और सत्यापन की जिम्मेदारी संभालेंगी। वह उन देशों के माध्यम से मानवीय राहत शिपमेंट में तेजी लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र तंत्र भी स्थापित करेंगी जो संघर्ष में शामिल नहीं हैं।

## ममता के किले को भेदने के लिए बीजेपी ने कसी कमर, लेकिन चुनौतियां अपार!

**उदय चंद्र। नयी दिल्ली**

आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के मजबूत किले को भेदने के लिए सियासी बिसात बिछाने में जुट गयी है। 2024 के चुनाव में बीजेपी ने बंगाल में इस बार 35 सीट जीतने का टारगेट रखा है। बीजेपी जानती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल पार्टी के लिए सबसे मुश्किल राज्यों में से एक है। शायद यही वजह है कि स्वयं अमित शाह ने मिशन-बंगाल की कमान थामी है।

इसी के तहत अमित शाह और जेपी नड्डा ने बंगाल का दौरा करके 2024 के लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति तैयार की है। केंद्रीय मंत्री



अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा 31 दिसंबर को राज्य के सभी सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मिशन बंगाल के तहत 35 सीटें जीतने की रुपरेखा तय करेंगे। उल्लेखनीय है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी पश्चिम बंगाल की 42 लोकसभा सीटों में से 18 सीटों पर अपना परचम लहराया था। उससे पहले 2014 में बीजेपी को सिर्फ दो सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

2021 विधानसभा चुनाव में बीजेपी में पहली बार बंगाल में सत्ता में आने की आस जगी थी, लेकिन पार्टी 77 सीटें जीतकर मुख्य विपक्षी दल के रुप में उभरी। हालांकि 2021 के मुकाबले राजनीतिक हालात काफी बदले हैं, जिससे ममता बनर्जी के हौसले बुलंद हैं। विधानसभा चुनाव से पहले टीएमसी छोड़ बीजेपी का दामन थामने वाले कई नेताओं की घर वापसी हो चुकी है। साथ ही ममता बननेर्जी विपक्षी गठबंधन इंडिया का हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि, देश में 40 से अधिक लोकसभा सीटों वाले चार राज्य हैं और बंगाल इनमें इकलौता ऐसा राज्य है, जहां बीजेपी कभी शासन में नहीं रही। राजनीतिक विश्लेषक उमेश चतुर्वेदी का मानना है कि बीजेपी के लिए बंगाल चुनाव इतिहास और विचारधाराके मायने से अहम है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 1946 में बंगाली हिंदू होमलैंड अंदोलन चलाया था। बंगाल से आरएसएस-बीजेपी के भावनात्मक लगाव का कारण बंगाल का विभाजन भी है। ममता बनर्जी बंगाली अस्मिता से खुद को जोड़ती रही है। विपक्षी गठबंधन के साथ होने से वोटों का बिखराव की संभावना बहुत की कम दिख रही है।

## संवेदना | सेना के वरिष्ठ अधिकारियों से ली आतंकवाद विरोधी अभियानों की जानकारी

# पुंछ सेक्टर पहुंचे रक्षा मंत्री, जवानों का हौसला बढ़ाया

### सैनिकों का कर्तव्य सिर्फ युद्ध ही नहीं, बल्कि लोगों के हृदय को जीतना भी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार दोपहर आतंकवाद विरोधी अभियानों की स्थिति का जायजा लेने के लिए जम्मू-कश्मीर के पुंछ सेक्टर पहुंचे और सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में बलिदान हुए चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने जवानों के जज्बे को सलाम करते हुए उनसे और ज्यादा सजग रहने का आह्वान किया। राजनाथ सिंह आज दोपहर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ जम्मू पहुंचे, जहां जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने उनका स्वागत किया। इसके बाद रक्षा मंत्री, सेना प्रमुख, उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी के साथ क्षेत्र में आतंकवाद विरोधी अभियान के बीच स्थिति का जायजा लेने के लिए राजौरी के लिए रवाना हो गए।



सीमा पर तैनात जवानों से मिलकर उन्होंने हाल ही में आतंकी हमले में शहीद चार जवानों एवं उनके परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायल सैनिकों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। रक्षा मंत्री ने सैनिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि यह देश आप सभी के प्रति कृतज्ञता का भाव रखता है। मातृभूमि की सेवा में आप लोगों का बलिदान अमूल्य है।

### पुंछ में मारे गए तीन नागरिकों के परिवारों से की मुलाकात

**जम्मू।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को जम्मू पहुंचे, जहां उनका एक उच्च स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करने का कार्यक्रम है। राजनाथ सिंह जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के साथ पहुंचे। पुंछ जिले के बफलियाज इलाके के टोपा पीर गांव में कथित तौर पर सेना द्वारा मारे गए तीन नागरिकों के परिजनों ने रक्षा मंत्री से मुलाकात की। मृतकों के रिश्तेदारों ने तीन नागरिकों पर अत्याचार और उसके बाद उनकी मौत में शामिल लोगों के लिए सजा की मांग की। परिवार वालों को न्याय का वादा किया गया है। अधिकारियों ने प्रत्येक मृतक के निकट संबंधी को 30 लाख रुपये, एक सरकारी नौकरी और सुरनकोट में 10 मरला जमीन देने का वादा किया है। सेना द्वारा तीन नागरिकों की कथित हत्या पर हंगामे के बाद, क्षेत्र के प्रभारी ब्रिगेडियर और कर्नल को पहले ही स्थानांतरित कर दिया गया है।



## फिल्म जगत

### ऑस्कर विजेता 'पैरासाइट' फेम एक्टर ली सुन-क्युन का संदिग्ध अवस्था में मिला शव



**मुंबई।** वर्ष 2020 में बेस्ट डायरेक्टर, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट फॉरेन फिल्म और बेस्ट फिल्म कैटेगरी में चार ऑस्कर अवार्ड जीतने वाली फिल्म कोरियाई फिल्म 'पैरासाइट' में मुख्य किरदार पार्क-डोंग इक की भूमिका निभाने वाले अभिनेता ली सुन-क्युन का शव मिला है। एक रिपोर्ट्स के मुताबिक, ली सन-क्युन का शव दक्षिण कोरिया के सियोल में एक पार्किंग स्थल में मिला था। पिछले कुछ दिनों से ली सन-क्युन अवैध नशीली दवाओं के उपयोग के एक मामले में शामिल रहे थे, इसकी पुलिस जांच कर रही है। माना जा रहा है कि इसी केस के चलते उन्होंने अपनी जान दे दी है। अभिनेता ली सन-क्युन ने एक नाइट क्लब में गलती से ड्रग्स लेने की बात स्वीकार की। उन्होंने दावा किया कि वह इस मामले में दोषी नहीं है। बाद में 27 दिसंबर को उनका शव उनकी ही कार में मिलने से सनसनी फैल गई। उनकी पत्नी योनहाप के अनुसार क्यून ने मरने से पहले एक पत्र लिखा था और अपने पति की मौत की खबर सुनकर तुरंत पुलिस को इसका खुलासा किया। यह अभी तक साफ नहीं हुआ है कि ली सुन-क्यून ने पत्र में वास्तव में क्या लिखा है। इसके अलावा ये आत्महत्या है या कुछ और इस बारे में कोई बयान या स्पष्टीकरण सामने नहीं आया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। ली सुन-क्युन का जन्म 1975 में हुआ था।

## एक नजर

### राज्य के विभागीय सचिवों को 30 तक मुख्यालय ना छोड़ने का आदेश

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव एल खयांगते ने बुधवार को सभी विभागों के सचिवों को 30 दिसंबर तक मुख्यालय नहीं छोड़ने का आदेश दिया है। क्योंकि, 29 दिसंबर को झारखंड सरकार का स्थापना दिवस है। इसके मद्देनजर मुख्य सचिव ने यह आदेश दिया है। दूसरी तरफ 27 से 29 दिसंबर तक दिल्ली में मुख्य सचिवों का तीसरा राष्ट्रीय सम्मेलन होने वाला है, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस सम्मेलन में केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, मुख्य सचिव और सभी राज्यों के 200 से ज्यादा अधिकारी शामिल होंगे।

### पुलिस ने साइबर आरोपी को किया गिरफ्तार

**रांची।** रांची के पुदांग ओपी क्षेत्र से पुलिस ने एक साइबर आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम असलम अंसारी बताया जा रहा है। आरोपित को पुंदाग ओपी क्षेत्र के आलम हाता से पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपित से उससे संबंधित बैंक खातों में रुपये के लेन-देन से संबंधित पूछताछ कि तो वह रुपये का सही स्रोत के बारे में जानकारी नहीं दे पाया। आरोपित ने पुलिस को बताया कि सभी सिम और बैंक खाता उसके साथी सतीश कुमार, बिट्टू, बादल सिंह, अमित कुमार और गोलू के जरिये साइबर ठगी करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। इसके एवज में उसे प्रति खाता कमीशन दिया जाता है।

### मोरहाबादी परिसर में आज और कल रहेगा निषेधाज्ञा लागू

**रांची।** रांची के मोरहाबादी मैदान से चलकर 28 दिसम्बर को झारखंड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा का मुख्यमंत्री आवास घेरा डालो डेरा डालो रैली की सूचना के मद्देनजर निषेधाज्ञा लागू की गयी है। यह निषेधाज्ञा मोरहाबादी मैदान और मुख्यमंत्री आवास के 200 मीटर तक लागू की गयी है। यह निषेधाज्ञा 28 दिसम्बर से सुबह छह बजे से 29 दिसम्बर रात 11 बजे तक के लिए लागू रहेगा। एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार बिना सक्षम प्राधिकार के पुवार्नुमति के किसी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली करने पर पूरी तरह से पाबंदी रहेगी। साथ ही किसी प्रकार के अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने, लाउडस्पीकर का प्रयोग करना वर्जित रहेगा।

### घाटशिला में दो ट्रकों के बीच टक्कर में 3 की मौत, एक घायल

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला थाना क्षेत्र में दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह मनोहर कॉलोनी के पास हुआ। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी है, जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। बताया गया कि दोनों ट्रकों से बालू की ट्रांसपोर्टिंग की जा रही थी। इनमें से एक ट्रक में खराबी आ गई थी और वह रोड पर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे दूसरे ट्रक ने सड़क पर खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में जिन तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें राजनगर बटुझोरा के रहने वाले सनोज और घाटशिला मनोहर कॉलोनी के पवित्र कर्मकार उर्फ पिंटू शामिल हैं। एक अन्य मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को लेकर जारी किए गए निर्देश

### कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश

### विद्यार्थी, शिक्षक और अभिभावक ऑनलाइन करा सकते हैं पंजीकरण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए हर वर्ष की भांति आगामी जनवरी या फरवरी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का छात्रों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम का सातवां संस्करण राजधानी दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम के टाउनहॉल में आयोजित होगा। इसे देखते हुए झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारियों को पत्र भेजा है।

पत्र में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारियों एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारियों को इस अत्यंत महत्वपूर्ण कार्यक्रम को देखते हुए सभी स्तरों पर तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार या जिला स्तर पर एक्शन प्लान तैयार करने के साथ कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।




### क्या है परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम?

इस कार्यक्रम में छात्रों के मन से परीक्षा का तनाव कम करने के लिए प्रधानमंत्री छात्रों के साथ सीधा संवाद कर रहे है। प्रधानमंत्री छात्रों के प्रश्न सुनते हैं और उसका सरलतापूर्वक जवाब देते हैं, जिससे छात्र के मन में उपजे परीक्षा के तनाव को कम किया जा सके। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार द्वारा परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन विगत 6 वर्षों से करवाया जा रहा है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागियों का पंजीकरण 12 जनवरी, 2024 तक माईगॉव इनोवेट प्लेटफार्म -2024 पर किया जा सकता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक पढ़ने वाले छात्र, शिक्षक एवं अभिभावक भाग ले सकते हैं। परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को सबसे पहले माईगॉव इनोवेट प्लेटफार्म-2024 पर होस्ट की गई परीक्षा पे चर्चा प्रतियोगिता में हिस्सा लेना होगा। इसमें कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली बच्चे ही शामिल हो सकते है। ऑनलाइन बहु विकल्पीय प्रश्न पर आधारित प्रतियोगिता पूरी करने के बाद छात्र अपना प्रश्न माननीय प्रधानमंत्री को अधिकतम 500 शब्दों में सबमिट कर सकते हैं। इन विशेष विजेताओं में से प्रत्येक को प्रधानमंत्री के साथ उनकी ऑटोग्राफ की गई तस्वीर की एक डिजिटल स्मारिका भी इनाम स्वरूप मिलेगी। साथ ही हर विजेता को एक स्पेशल परीक्षा पे चर्चा किट भी मिलेगी।

## कोर्ट की खबरें

# पूजा सिंघल की भूमिका से जुड़ी पीआईएल की हुई सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में मनरेगा घोटाले में खूंटी की तत्कालीन डीसी पूजा सिंघल की भूमिका की जांच को लेकर दायर अरुण कुमार दुबे की जनहित याचिका पर बुधवार को वर्चुअली सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में याचिकाकर्ता अरुण कुमार दुबे एवं उसके अधिवक्ता राजीव कुमार के क्रेडेंशियल को सही नहीं मानते हुए दोनों को मामले से हटाने का आदेश दिया। साथ ही कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए एमिकस क्यूरी की नियुक्ति करने का निर्देश देते हुए मामले को किसी सक्षम बेंच में भेजने का निर्देश दिया। कोर्ट ने मामले में सुनवाई जारी रखने का निर्देश दिया। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल एवं महाधिवक्ता राजीव रंजन ने राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट में पक्ष रखते हुए रूल्स के खिलाफ याचिका दाखिल किए जाने के आधार पर इसे



खारिज करने की मांग की थी। पूर्व में कोर्ट ने सरकार का पक्ष जानने के बाद मेंटीबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) के बिंदु पर फैसला सुरक्षित रखा था।

पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता की ओर से अदालत को बताया गया था कि खूंटी में मनरेगा योजनाओं में अभी 200 करोड़ रुपये से अधिक की वित्तीय गड़बड़ी मिली है। उस दौरान पूजा सिंघल खूंटी के डीसी थी। इस मामले में खूंटी जिला के विभिन्न पुलिस थानों में 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

# सरकार के कार्यक्रम और नए साल पर दो हजार फोर्स की रहेगी तैनाती

### सीसीटीवी कैमरा से होगी समारोह की निगरानी

### हुड़दंगियों और छेड़खानी करने वालों से निपटेगी शक्ति कमांडो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के चार साल पूरा होने पर 29 दिसंबर को मोरहाबादी मैदान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यूं तो झारखंड में पिकनिक का दौर शुरू हो गया है लेकिन एक जनवरी के विशेष सेलिब्रेशन के मद्देनजर सुरक्षा के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। रांची आसपास के पर्यटन स्थलों पर सैलानियों की सुरक्षा और हुड़दंगियों पर नकेल कसने के लिए रांची पुलिस के तरफ से बड़ी तैयारी की गई है। मोरहाबादी मैदान और उसके आसपास के इलाकों में जहां एक हजार फोर्स की तैयारी की जाएगी। वहीं नए साल में सुरक्षा के मद्देनजर अलग से एक हजार फोर्स की तैनात किए जाएंगे। इसमें रैफ, झारखंड पुलिस, आईआरबी के जवान शामिल है। समारोह की सुरक्षा में डीएसपी, इंस्पेक्टर के अलावा सभी थानेदारों को भी लगाया जाएगा। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि मोरहाबादी मैदान में अलग से सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा। इसके अलावा शहरभर में लगे सीसीटीवी कैमरा को भी दुरुस्त कर दिया गया है। समारोह स्थल और शहरभर की निगरानी कंट्रोल रूम से किया जाएगा। कोई भी व्यक्ति समारोह स्थल और उसके आसपास में उत्पात मचाता है या फिर समारोह में बाधा उत्पन्न करता है तो ऐसे लोगों को तुरंत गिरफ्तार किया जाएगा।

### पिकनिक स्पॉट पर कार्यरत रहेगा पुलिस सहायता केंद्र

एसएसपी ने बताया कि रांची के आस पास स्थित दसम ,जोन्हा फॉल जैसे सभी पिकनिक स्पॉट्स पर



पुलिस सहायता केंद्र केंद्र खोले जा रहे है। पर्यटन मित्रों के साथ भी इस कार्य मे मिलेगा। वही पुलिस के द्वारा नशे में वाहन चलाने वालों की जांच करने के लिए कुछ स्थान को चिन्हित किया गया है, जहां पर रात में चेकिंग की जायेगी। नशे में वाहन चलाते पकड़े जाने पर पुलिस उनसे सख्ती से निबटेगी। एसएसपी ने कहा कि पिकनिक स्पॉट की सुरक्षा में पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिले के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है। जिले के सभी पर्यटन स्थलों पर एक सूचना बोर्ड और फ्लेक्स लगाकर सावधानी बरतने की अपील की गई है। उसमें स्थानीय थाना प्रभारी और डीएसपी का नंबर भी अंकित किया गया है। साथ ही इमरजेंसी की स्थिति में डायल 100 और 112 पर सूचना देने की अपील भी की गई है।

### आधा दर्जन जगहों पर पार्किंग की रहेगी व्यवस्था

एसएसपी ने बताया कि राज्यभर से बड़ी संख्या में लोगों के समारोह में शामिल होने की सूचना है। उनके लिए पार्किंग स्थल का चयन किया गया है। जितनी भी गाड़ियां आएगी, उनके लिए हरमू मैदान, रांची कॉलेज मैदान, मोरहाबादी के आसपास में आधा दर्जन जगहों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

### शक्ति कमांडो सहित 700 जवान तैनात रहेंगे

नव वर्ष की सुरक्षा सुरक्षा को लेकर रांची पुलिस ने पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। पूरे रांची भर में 700 से अधिक अतिरिक्त बल लगाए जा रहे है। महिलाओं के साथ होने वाली छेड़खानी की घटनाओं को लेकर रोकने के लिए राजधानी में 50 शक्ति कमांडों भी तैनात की गई हैं। 15 जनवरी तक शक्ति कमांडो शहर में स्थित सभी पार्कों पर नजर रखेंगी।

### एनडीआरएफ और गोताखोर अलर्ट पर

एसएसपी ने बताया कि वैसे फॉल और झरनें जहां डूबने का खतरा बना रहता है। उन जगहों पर एनडीआरएफ टीम और गोताखोरों को अलर्ट पर रखा गया है। सैलानियो से अपील की गयी है कि खतरनाक स्थानों पर जाकर सेल्फी ना लें, डूबने वाले इलाके में स्नान के लिए न उतरे।

### डोरंडा में महिला से दुष्कर्म, पत्थर से कूचकर हत्या

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के बड़ा घाघरा में रहने वाली एक महिला का दुष्कर्म कर अपराधियों ने पत्थर से कूचकर उनकी हत्या कर दी। बुधवार की सुबह महिला का शव उसके घाघरा स्थित मकान से मिला है। मृतक महिला का नाम सुकरो उराइन(54) है। मूलरूप से चुटिया की रहने वाली सुकरो वर्तमान में बड़ा घाघरा में किराए का मकान लेकर रह रही थी। घटना की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल की जांच की। इस दौरान पुलिस को खून से सना एक पत्थर भी मिला है। वहीं महिला के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में काफी चोट के निशान मिले हैं। पुलिस को प्रारंभिक जांच में मामले में करीबी के शामिल होने की बात सामने आ रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। इस मामले में पुलिस की टीम दुष्कर्म के बिंदु पर ही जांच में जुट गई है। घटना स्थल के आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही है। हालांकि अब तक पुलिस को अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस को सुबह साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि एक महिला की हत्या कर दी गई है। पुलिस पहुंचकर मृतक के पति दहरू उरांव को मामले की जानकारी दी।

# उपराजधानी दुमका में हाईकोर्ट बेंच को लेकर राजनीति हुई तेज



**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

दुमका में खंडपीठ स्थापना को लेकर एक बार फिर राजनीति तेज हो गई है। पहले तो हाई कोर्ट बेंच का वर्चुअल प्लेटफार्म का ओपनिंग होने के साथ ही बंद हो जाने के कारण जिला अधिवक्ता संघ में नाराजगी होना और उसके बाद भाजपा के देवघर विधायक नारायण दास का बयान की दुमका में हाईकोर्ट बेंच के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है, बेंच की स्थापना देवघर में होना चाहिए।

विधायक का बयान आग में घी डालने का काम किया। विरोध में अधिवक्ता संघ ने भाजपा विधायक का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया। बुधवार को वर्षों से लंबित हाई कोर्ट बेंच की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने एक बार पुनः मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कियाए जिसकी अगुवाई संघ अध्यक्ष निशिकांत प्रसाद एवं सचिव राकेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। अधिवक्ताओं को समर्थन सत्ताधारी दल के महेशपुर विधायक डॉ स्टेफन मरांडी का मिला। अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम एक सूत्री मांग पत्र सौंपा।

# बैंक से पैसा निकालकर घर जा रही शिक्षिका से तीन लाख लूटकर अपराधी हुए फरार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में बेखौफ अपराधी लगातार आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मगर पुलिस अपराधियों पर लगाम कसने में नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला डोरंडा थाना क्षेत्र के डिबडीह का है। यहां पर बाइक सवार अपराधियों ने एक सेवानिवृत शिक्षिका से तीन लाख रुपए लूटकर फरार हो गए। घटना बुधवार दोपहर अपराधियों ने डिबडीह में उस समय अंजाम दिया जब शिक्षिका बैंक से पैसा निकालकर घर जा रही थी। पीड़ित शिक्षिका एरेन बाड़ा ने इस संबंध में डोरंडा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस की टीम ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। वहीं उस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा से फुटेज खंगाला। हालांकि अब तक पुलिस को अपराधियों का कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

### बेटे की शादी के लिए बैंक से पैसा निकाल घर जा रही थी शिक्षिका

केंद्रीय विद्यालय से सेवानिवृत हुए शिक्षिका एरेन बाड़ा ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को डोरंडा एसबीआई बैंक पैसा निकासी के लिए गई थी। दिन एक बजे पैसा निकालकर उसे एक थैला में रखा। थैला में निकासी के तीन लाख रुपए थे। राशि बेटे की शादी को लेकर निकाला था। जैसे ही वह डिबडीह पहुंची। एक बाइक पर सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके हाथ से रुपयों से भरा थैला छीनकर भाग निकले। हालांकि वह शोर भी मचायी, मगर अपराधी तेजी से बाइक से भाग निकले। इसके बाद शिक्षिका सीधे डोरंडा थाना पहुंची और मामला दर्ज कराया।

### आजसू की केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह रामगढ़ में छह जनवरी को

**रांची।** आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में छह जनवरी, 2024 को पतरातु, रामगढ़ में केंद्रीय समिति की बैठक सह शपथ ग्रहण समारोह आयोजित की गई है। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं सचिव, जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, प्रमुख एवं उपप्रमुख, महानगर अध्यक्ष एवं सचिव भाग लेंगे। साथ ही सभी अनुषांगिक इकाई (अखिल झारखंड महिला संघ, अखिल झारखंड छात्र संघ, आजसू बुद्धिजीवी मंच, अखिल झारखंड श्रमिक संघ, अखिल झारखंड किसान संघ, अखिल झारखंड अधिवक्ता संघ, अखिल झारखंड उद्योग एवं व्यापार संघ, अखिल झारखंड पिछड़ा वर्ग महासभा, अखिल झारखंड अल्पसंख्यक महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जनजाति महासभा, अखिल झारखंड अनुसूचित जाति महासभा एवं आजसू पार्टी कला-संस्कृति प्रकोष्ठ) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं महासचिव उपस्थित रहेंगे।




प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को रांची के खेलगांव में आयोजित हमारा संकल्प विकसित भारत (मोदी की गारंटी) कार्यक्रम में शामिल हुए।

# स्कूली बच्चों के पोशाक खरीद में घोटाले की आशंका : बाबूलाल

### मुख्य सचिव को पत्र लिखकर जांच की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य के मुख्य सचिव एल खियांगते को बुधवार को पत्र लिखा है। पत्र में बाबूलाल ने हजारीबाग में सरकारी स्कूली बच्चों के पोशाक खरीद में घोटाले की आशंका जाहिर की है। साथ ही इसकी जांच कराने एवं दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने को राज्य के मुख्य सचिव को लेटर लिखा है। इसमें उन्होंने कहा है कि हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने जिले के सरकारी स्कूलों में घटिया पोशाक



वितरण में गड़बड़ी का मसला उठाया था। राज्य परियोजना निदेशक, झारखंड (शिक्षा विभाग) ने बच्चों के पोशाक वितरण से संबंधित दिशा निर्देश सभी जिलों के संबंधित अधिकारियों को आठ अगस्त को जारी किया था। तय मापदंड के बाहर जाकर हजारीबाग के जिला शिक्षा अधीक्षक ने बगैर टेंडर और इसे स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किए बिना दूसरे जिले के एनजीओ को पोशाक आपूर्ति का आदेश दे दिया। यह नियम विरुद्ध है। साथ ही इसकी क्वालिटी इतनी खराब निकली कि सप्ताह भर में ही स्वेटर और पोशाक फटने शुरू हो गए। बाबूलाल ने लिखा है कि राज्य परियोजना निदेशक की ओर से जारी दिशा निर्देश में कहा था कि यदि जिले में संचालित एसएचजी स्वेटर, पोशाक के कार्य को निर्धारित समय में कर सकते हैं तो उनके माध्यम से इस कार्य को कराना है अन्यथा डीबीटी के जरिये बच्चों को उनके बैंक खाते में राशि उपलब्ध करायी जानी है लेकिन कमीशनखोरी के लिए हजारीबाग डीएसई द्वारा नियम कानून को किनारे कर दिया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**सीएम हेमंत को झारखंड...**

का मंत्री रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है। उन्होंने स्वयं के लिए रांची के अनगड़ा में माइनिंग लीज तो आवंटित कराया ही, पत्नी कल्पना मुर्मू और साली सरला मुर्मू की फर्म को भी लीज आवंटित कराया। उन्होंने इस मामले में संबंधित प्राधिकार से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके रिश्तेदारों की जांच कर कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया था लेकिन किसी संबंधित प्राधिकार ने कार्रवाई नहीं की।

**लोडेड पिस्टल के साथ अपराधी...**

बरामद हथियार को जब्त कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर अपराधी को जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार फरार आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। छापामारी अभियान में आरक्षी राज कुमार सिंह,अनिल पासवान व मो. आरिफ आलम शामिल थे।

**दिनभर डैम का पानी छानती रही...**

ढूंढने की कोशिश की गई। दूसरे दिन भी कोई सफलता नहीं मिली। रानीताल डैम पहुंचे जिले के उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर अंचलाधिकारी संजय बाखला ने एनडीआरएफ की टीम बुलवाई है। अब सबकी नजरें गुरुवार पर टिकी है।

**बजट पर्यटन का अछूता...**

जाना हैं। धनबाद में 112 कोयले की खान हैं जो कि पूरे देश में कोयले आपूर्ति करती हैं। वर्ष 1956 में झारखंड के सबसे अधिक आबादी वाले शहरो में धनबाद दूसरे था। इसके अलावा धनबाद अपने प्रमुख आकर्षित और धार्मिक स्थलों के लिए भी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं। यहाँ के प्रमुख आकर्षण में डेमी, शक्ति मंदिर, मैथन डैम या पंचेत डैम, पहाड़ियों, घने जंगलों और झीले आदि शामिल हैं।झारखंड पर्यटन में बेतला राष्ट्रीय उद्यान एक खूबसूरत राष्ट्रीय उद्यान है जोकि जंगली हाथियों के लिए सबसे अधिक जाना जाता है। बेतला नेशनल पार्क में घूमने वाले जानवरों में तेंदुआ, हाथी, बाघ के अलावा भी कई जानवर हैं जो कि यहाँ आने वाले पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। बेतला राष्ट्रीय उद्यान का क्षेत्रफल 979 वर्ग किमी हैं। झारखंड राज्य की मनमोहक जगह घाटशिला पर्यटक के घूमने के लिए एक शानदार जगह हैं जोकि सिंहभूम जिले में स्थित है। घाटशिला एक धार्मिक शहर है जहाँ त्योहारों और धार्मिक स्थानों का खूबसूरत नजारा देखने को मिलता हैं। घाटशिला में देखने की जगहों में शामिल फुलडुंगरी हिल्स, बुरुदीह झील, घुमावदार नाले, आकर्षित झरने, ऐतिहासिक मंदिर और पहाड़ी क्षेत्र आदि शामिल हैं।

झारखंड का सबसे ऊंचा पर्वत और आकर्षित पर्यटन स्थल पारसनाथ पहाड़ी पर स्थित हैं। माना जाता हैं कि गिरीडीह जिले के इस पर्वत पर 24 जैन तीर्थकरों को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। शिखरजी पर्यटन स्थल समुद्र तल से लगभग 1350 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हैं। शिखरजी के दर्शन पूजन के लिए पूरी दुनिया से जैन पर्यटक बहुत अधिक संख्या में आते हैं। पूर्व में कुछ धार्मिक पर्यटकों के साथ लूटपाट या मारपीट हुई थी पर वर्तमान में यह एक शांत और सुविधाजनक स्थान है। कुछ सुविधाएं और बढ़नाई चाहिए ताकि उसको वैश्विक मान्यता मिल सके। झारखंड में पर्यटन उद्योग के पनपने और भारी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इसकी अनूठी झारखंडी संस्कृति भी है। छौ नृत्य की दोनों शैलियां मानभूम और सरायकेला अब विश्व स्तर पर चर्चित हैं। दोनों के कलाकार विदेशों तक में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं। राजपरिवार द्वारा विकसित सराईकेला छौ तो झारखंड की अपनी अनूठी होने के कारण वोश्व मानचित्र पर जगह बना सकती है । इसी प्रकार यहां के जतरा मेला और जनजातीय पर्व त्योहार राजस्थान की संस्कृति की तरह और हिमाचल के कुलू महोत्सव की तरह हजारीबाग का रामनवमी मेला और रांची की दुर्गा पूजा भीड़ खींच सकती है जिससे रोजगार के अवसर तो पैदा होंगे ही।

**राहुल मणिपुर से मुंबई तक निकालेंगे...**

14 जनवरी को इंफाल से कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भारत न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाएंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि पहले चरण में राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक 12 राज्यों में लगभग 4,500 किलोमीटर की यात्रा की थी। इस बार वह 14 राज्यों को कवर करते हुए 6,200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। **यहां से गुजरेगी भारत न्याय यात्रा :** जयराम रमेश ने कहा कि भारत न्याय यात्रा-02 मणिपुर, नगालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी। भारत न्याय यात्रा ज्यादातर बस से की जाएगी, हालांकि यात्रा के दौरान हर दिन पदयात्रा भी निकाली जाएगी।

### आत्महत्या के पीछे घरेलू समस्या, बीमारी, वित्तीय समस्या और मानसिक तनाव

# बीते 3 वर्षों में 18 जवानों ने की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में तैनात केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की आत्महत्या करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। बीते तीन वर्षों में कुल 18 जवानों ने खुद को गोली मारकर या फंदे से लटक कर जान दे दी है। जवानों की आत्महत्या के पीछे घरेलू समस्या, बीमारी, वित्तीय समस्या और मानसिक तनाव की बातें सामने आई हैं। बुधवार को खलारी थाना के एनके एरिया स्थित सीआईएसएफ कैंप में एक जवान बीएन वर्मा ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

- 26 दिसंबर को बोकारो जिले के रहावन कैंप में सीआरपीएफ 26 बटालियन के एक जवान ने सर्विस राइफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली।
- 27 नवंबर को गुमला के सिलम में 218 सीआरपीएफ बटालियन कैंप में तैनात सीआरपीएफ के हवलदार संजय कुमार ने एके 47 से खुद को गोली मारकर जान दे दी थी।
- 07 अक्टूबर को पलामू जिले में सीआरपीएफ के जवान प्रांजल नाथ ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 19 अगस्त को लोहरदगा जिले में सीआरपीएफ 158 बटालियन के जवान ने खुदकुशी कर ली है। घटना लोहरदगा जिले के सुदूरवर्ती पेशरार थाना क्षेत्र के केकरांग सीआरपीएफ कैंप में हुई थी।
- 10 जुलाई को पलामू के चियांकी 112 बटालियन में तैनात सीआरपीएफ के एक जवान ने गोली मारकर आत्महत्या की थी।
- 06 जनवरी को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के गोईलकेरा में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या की थी।
- 08 अक्टूबर, 2022 को लातेहार में सीआरपीएफ के जवान ने खुद को गोली मार ली थी, जिसमें उसकी जान चली गई।
- 19 सितंबर, 2022 को धनबाद में सीआरपीएफ जवान ने छत से कूदकर जान दे दी थी।-27 अगस्त, 2022 को पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के चक्रधरपुर में सीआरपीएफ के जवान अजीत पाठक ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 26 मई, 2022 को गिरिडीह पंचायत चुनाव की ड्यूटी में बगोदर आये एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवान ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 08 फरवरी, 2022 को धनबाद के चासनाला निवासी सीआईएसएफ के जवान सारथी नंदन झा ने खुदकुशी की थी।
- 31 दिसंबर, 2021 को लोहरदगा के चैनपुर पिकेट में तैनात सीआरपीएफ के जवान दिलीप कुमार ने खुद को गोली मारकर जान दे दी थी।
- 27 जुलाई, 2021 को हजारीबाग जिले में मेरु में सीमा सुरक्षा बल के जवान कमलेश सिंह ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी।
- 9 जुलाई, 2021 को गिरिडीह के मधुबन में सीआरपीएफ के जवान रतन दास ने गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी।
- 08 जून, 2021 को चतरा जिले के सिमरिया थाना क्षेत्र के बेलगडा कोरोना आइसोलेशन सेंटर में सीआरपीएफ 190वीं बटालियन के एक जवान ने पहले साथी को और फिर खुद को गोली मार ली थी।
- 31 मई, 2021 को हजारीबाग में बीएसएफ के एक जवान ने खुदकुशी की थी।
- 26 फरवरी, 2021 को गुमला में सीआरपीएफ जवान ने अपनी ही रायफल से खुद को गोली मारकर की आत्महत्या कर ली थी।

# सेंचुरियन टेस्ट : भारतीय टीम की पहली पारी 245 रनों पर सिमटी

**एजेंसी। सेंचुरियन**
दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 245 रनों पर सिमट गई। भारत की तरफ से केएल राहुल ने 101 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली। राहुल के अलावा विराट कोहली ने 38, श्रेयस अय्यर ने 31 और शार्दुल ठाकुर ने 24 रन बनाए। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के लिए कागिसो रबाडा ने 5 विकेट लिए। मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही और केवल 24 रन पर भारत ने कप्तान रोहित शर्मा (05), शुभमन गिल (02) और यशस्वी जायसवाल (17) के विकेट खो दिये। यहां से विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। 92 रन के कुल स्कोर पर अय्यर 31 रन बनाकर रबाडा की गेंद पर बोल्ड हुए। 107 के कुल स्कोर पर कोहली भी 38 रन बनाकर रबाडा का शिकार बने। रविचंद्रन अश्विन कुछ खास नहीं कर सके और 121 के कुल स्कोर पर 8 रन बनाकर रबाडा की गेंद पर आउट हुए। यहां से राहुल ने शार्दुल ठाकुर के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 43 रन जोड़े। 164 के कुल स्कोर पर शार्दुल रबाडा के पांचवें शिकार बने। शार्दुल ने 24 रन बनाए। जसप्रीत बुमराह 1 रन बनाकर मार्को यान्सन का शिकार बने। इसके बाद राहुल ने मोहम्मद सिराज के साथ नौवें विकेट के लिए 47 रन जोड़े। सिराज 238 के कुल स्कोर पर गेराल्ड कोएट्जी का शिकार बने। सिराज ने 5 रन बनाए। राहुल ने इसके बाद कोएट्जी की गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर का आठवां शतक और सेंचुरियन में दूसरा शतक लगाया। इसके साथ ही वह सेंचुरियन में दो शतक लगाने वाले पहले मेहमान बल्लेबाज बने। हालांकि शतक लगाने के बाद मार्को यान्सन ने उन्हें बोल्ड कर भारतीय पारी का अंत किया। राहुल ने 137 गेंदों पर 14 चौकों और 4 छक्कों की बदौलत 101 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से कागिसो रबाडा ने 5, नान्द्रे बर्गर ने 3, मार्को यान्सन और गेराल्ड कोएट्जी ने 1-1 विकेट लिया।

## के एल राहुल ने जड़ा शानदार शतक



**सेंचुरियन।** विश्वसनीय बल्लेबाज केएल राहुल की शानदार शतकीय पारी से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बुधवार को अपनी पहली पारी में 245 रन बनाये। राहुल ने आक्रामक अंदाज में खेलते हुए छक्का मारकर अपना शतक पूरा किया। सेंचुरियन में राहुल ने दूसरी सेंचुरी पूरी कर ली है। 2021 में राहुल ने इसी मैदान पर बॉक्सिंग डे टेस्ट में ही शतक लगाया था। राहुल 137 गेंदों में 14 चौकों और चार छक्कों की मदद से 101 रन बनाकर आउट हुए। राहुल को आंद्रे बर्गर ने आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया। एक समय भारतीय टीम 121 रन पर 6 विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी और लग रहा था कि टीम 150 के पहले ही समाप्त हो जाएगी। लेकिन केएल राहुल एक छोर पर जमे रहे। उनका पहले साथ दिया शार्दुल ठाकुर ने और फिर सिराज के साथ भी एक महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। भारत ने अच्छा स्कोर खड़ा किया है इस पिच पर। राहुल ने सिराज के साथ नौवें विकेट के लिए 47 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सिराज के 238 के स्कोर पर आउट होने के बाद राहुल टीम के 245 के स्कोर पर आउट हो गए जिससे भारतीय पारी सिमट गयी। सिराज ने 22 गेंदों में पांच रन बनाये। सिराज को गेराल्ड कोएत्जी ने आउट किया।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के लिए यादगार रहा वर्ष 2023



**एजेंसी। नई दिल्ली**
भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने 2023 में कुछ यादगार प्रदर्शन किए, जिसमें उनकी सबसे प्रिय यादें जापान में महिला जूनियर एशिया कप से जुड़ी हैं। टीम ने फाइनल में कोरिया को 2-1 से हराकर भारत के इतिहास में पहली बार जूनियर एशिया कप ट्रॉफी जीती। टीम के लिए पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा फरवरी में दक्षिण अफ्रीका की थी। भारतीय टीम ने तीनों मैचों में दक्षिण अफ्रीका की अंडर-21 टीम को हराया और अपने आखिरी मैच में दक्षिण अफ्रीका की 'ए' टीम ने उसे 4-4 से ड्रा पर रोका। इसके बाद 18 सदस्यीय दल ने काकामिघारा, गिफू प्रीफेक्चर, जापान के लिए उड़ान भरी और एक रोमांचक फाइनल मैच में कोरिया को 2-1 से हराकर महिला जूनियर एशिया कप 2023 का खिताब जीता। इस विजयी भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के सभी 18 सदस्य टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का हिस्सा थे।

# 2023 में हर प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने नीरज चोपड़ा



**एजेंसी। नई दिल्ली**
नीरज चोपड़ा ने 2023 में खेल में एक विशेष पूर्ण चक्र पूरा किया, और प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए। उन्होंने अपना और भारत का पहला विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप स्वर्ण और अपना दूसरा एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीता। ट्रैक के बाहर, नीरज ने हमें दिखाया कि वह सिर्फ एक चैंपियन एथलीट ही नहीं बल्कि एक चैंपियन इंसान भी है। भारत के विरोध करने वाले पहलवानों का समर्थन करने से लेकर अपनी प्रतिस्पर्धा के बीच में हमवतन किशोर जेना के लिए खड़े होने तक, उन्होंने महानता का एक और स्तर दिखाया। ओलंपिक चैंपियन कमर की चोट से उबरकर वापस आए, भारत के पहले ट्रैक और फील्ड विश्व चैंपियन बने और अपने एशियाई खेलों के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव भी किया।

# फाइनल जीत भगत तेंदुआ की टीम बनी चैंपियन



**हरिहरगंज (पलामू)** । हरिहरगंज सीता प्लस टू उच्च विद्यालय के मैदान में इलेवन स्टार क्रिकेट क्लब हरिहरगंज के तत्वाधान में चल रहे हैं, फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट मैच का उद्घाटन बुधवार को समाजसेवी जानू चौधरी ने फीता काटकर किया. इस दौरान खिलाड़ियों व लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं. खेल में भी खिलाड़ी अपना कैरियर बना सकते हैं. इस दौरान भगत तेंदुआ तथा सतगावां टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया. जिसमे भगत तेंदुआ की टीम फाइनल मैच का विजेता बना. जबकी सतगावां की टीम उपविजेता बनी. उक्त दोनों टीम को अतिथियों ने पुरस्कार देखकर सम्मानित किया. इस मौके पर टूनामेंट के आयोजक पर धोनी, निक्कू राज, प्रेम गौरव, विशाल पांडेय के अलावे अमन, पप्पू चौधरी, मंटू , सुनील, बैजनाथ, बंटी गुप्ता, भोला गुप्ता, रामानुज, कुंदन यादव सहित काफी संख्या में क्रिकेट प्रेमी मौजूद थे।

## सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप झारखंड 2023 का शुभारंभ सात जनवरी से

**मेदिनीनगर।** सीनियर वालीबॉल चैंपियनशिप झारखंड 2023 सात जनवरी से डालटनगंज में आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है।स्थानीय जिला स्कूल के मैदान में आयोजित टूर्नामेंट की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में आयोजन समिति के सचिव दुर्गा प्रसाद जौहरी ने बताया कि चैंपियनशिप के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है जिसमें पलामू उपायुक्त शशी रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन को मुख्य संरक्षक बनाया गया है जबकि सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी आयोजन समिति के संयोजक की भूमिका में रहेंगे।वहीं उप विकास आयुक्त रवि रंजन,नगर निगम आयुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन,एसडीपीओ सुरजीत कुमार सिंह,डीईओ अनील कुमार चौधरी,डीएसई मनोज कुमार,डीएसओ प्रिति किस्कू,जिला खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा,सुरेश जैन,ज्ञानचंद पाण्डेय,सतवीर सिंह,जीवन प्रसाद सिंह,शिव प्रकाश प्रसाद, दीपक लाल,मनोज सिंह,दीपक सिंघानिया,सोनु सिंह नामधारी,अविनाश देव,डॉ संजय कुमार,युगल किशोर चंद्रवंशी,अनील कुमार सिंह,मुमताज खान को संरक्षक बनाया गया है।

# दूसरे दिन का खेल खत्म, पाकिस्तान ने पहली पारी में 194 रन पर खोए 6 विकेट



**एजेंसी। मेलबर्न**
मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर पाकिस्तान ने अपनी पहली पारी में 6 विकेट पर 194 रन बना लिए हैं। मोहम्मद रिजवान 29 और आमेर जमाल 2 रन बनाकर खेल रहे हैं। पहली पारी के आधार पर ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी भी 124 रन आगे है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 318 रन बनाए थे। पाकिस्तान को पहली पारी में अब्दुल्ला शफीक और इमाम उल हक ने सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 34 रन जोड़े। नाथन ल्योन ने इमाम को लाबुशेन के हाथों कैच कराकर यह साझेदारी तोड़ी। इमाम केवल 10 रन ही बना पाए। इसके बाद कप्तान शान मसूद और शफीक ने दूसरे विकेट के लिए 90 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान का स्कोर 124 रन तक पहुंचाया। इसी स्कोर पर कमिंस ने शफीक को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन की राह दिखाई।

# रेलवे की छह मुक्केबाजों की निगाहें राष्ट्रीय खिताब पर

**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा**
रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (आरएसपीबी) जीबीयू इंडोर स्टेडियम में आयोजित 7वीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में छह स्वर्ण पदक जीतने की राह पर है। मंगलवार को हुए सेमीफाइनल में अनामिका (50 किग्रा), ज्योति (52 किग्रा), शिक्षा (54 किग्रा), सोनिया लाठेर (57 किग्रा), नंदिनी (75 किग्रा) और नूपुर (81+ किग्रा) ने टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। 50 किग्रा वर्ग में पिछले साल की उपविजेता अनामिका प्रतियोगिता में अपना पदक बेहतर करने के लिए हरियाणा की कल्पना से भिड़ेंगी। सेमीफाइनल में, अनामिका ने दूसरे दौर में रेफरी स्टॉप्ड कॉन्टेस्ट (आरएससी) के फैसले से मणिपुर की मैबाम रोजमेरी चानू को हरा दिया जबकि कल्पना ने अपनी प्रतिद्वंद्वी पंजाब की एकता सरोज को 5-0 से हराया। 52 किग्रा के मुकाबले में, रेफरी को मुकाबला रोकने के लिए एक बार फिर आगे आना पड़ा जब असम की भूपाली हजारिका ज्योति के मुक्कों का मुकाबला नहीं कर सकी। अब ज्योति का सामना शिखर मुकाबले में शविंदर कौर सिद्धू से होगा। अखिल भारतीय पुलिस (एआईपी) मुक्केबाज ने राउंड 3 में महाराष्ट्र की सिमरन वर्मा को मुकाबला छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया।

## मैनचेस्टर यूनाइटेड ने एस्टन को 3-2 से हराया

मैनचेस्टर। रासमस के पहले प्रीमियर लीग गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को एक शानदार जीत दिलाई। यूनाइटेड ने दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओल्ड ट्रैफर्ड में बॉक्सिंग डे की भीड़ के सामने एस्टन विला को 3-2 से हराया। यह मैनचेस्टर यूनाइटेड की चार लीग मैचों में पहली जीत थी जो उन्हें तालिका में छठे स्थान पर ले गई। एस्टन विला ने मैच की शुरूआत आक्रामक की। जिसका उन्हें फायदा मिला। टीम के लिए पहला गोल जॉन मैकगिन (21') ने किया। 1-0 से पहले ही आगे चल रही एस्टन की बढ़त मात्र पांच मिनट बाद दोगुनी हो गई जब लिएंडर डेंडोनकर ने 26वें मिनट में टीम के लिए दूसरा गोल किया।

## कांटे की टक्कर में हरियाणा ने जीता खिताब
## दोनों ही वर्गो में झारखंड की टीम रही उपविजेता



**गोड्डा।** झारखंड के गोड्डा जिले में आयोजित दूसरी फास्ट फाइव नेटबॉल प्रतियोगिता में झारखंड की टीम उपविजेता बनी है. बालक और बालिका दोनों ही वर्गों में मेजबान टीम को फाइनल में हार का सामना करना पड़ा. वहीं हरियाणा की टीम ने दोनों वर्गों की चैंपियन बनी. बालक वर्ग में हरियाणा की टीम ने 27-26 से झारखंड को शिकस्त दी, तो वहीं बालिका वर्ग में 31-20 के स्कोर से झारखंड को हराकर हरियाणा ने जीत दर्ज की. बता दें कि पूरे टूनामेंट में झारखंड के खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाया. फाइनल में भी झारखंड की टीम ने अच्छा खेल का प्रदर्शन किया. लेकिन टीम इसे जीत में नहीं बदल सकी. वहीं 13 बार की चैंपियन हरियाणा की टीम इस टूनामेंट को जीतने में भी सफल रही. इससे पहले 29 वीं सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने सेमी फाइनल मुकाबले में झारखंड को हराकर उनके प्रतियोगिता जीतने के सपने को तोड़ दिया था.

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव संपन्न

**रांची।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा में आयोजित त्रिदिवसीय वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव-2023 का समापन समारोह संपन्न हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि सीआरपीएफ के डीआईजी डीएन लाल, जीसी सैम्बो एवं विशिष्ट अतिथि डॉ धीरज जायसवाल, उपस्थित रहे। मंच संचालन का कार्य विद्यालय की कक्षा 12वीं की बहन रिया एवं 11वीं की बहन समृद्धि सिंह ने कराया। 4100 अंडर-19 वर्ग में भैया के रिले दौड़ की प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में बिरसा सदन प्रथम, विवेकानंद सदन द्वितीय एवं केशन सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर बी के जायसवाल, अखिलेश्वर नाथ मिश्र, शक्तिनाथ लाल दास, नंदेश्वर मिश्र, इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के माननीय उपाध्यक्ष डॉ बी के जायसवाल, डॉ धनेश्वर महतो, आशीष नाथ शाहदेव, दीपा रानी कुंज, विनोद कुमार वर्मा, विनोद कुमार सिंह, अजय बैठा, लाल अशोक नाथ शाहदेव उपस्थित थे।

## व्यापार

# मनी चेंजर्स के लिए लाइसेंसिंग मानदंडों को सरल बनाएगा आरबीआई




**एजेंसी। मुंबई**
विदेशी मुद्रा से संबंधित सेवाओं की सुविधा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक नई पहल की है। मनी चेंजिंग को तर्कसंगत बनाने के उद्देश्य से आरबीआई एक नया मसौदा लेकर आया है। आरबीआई ने कहा कि मौजूदा लाइसेंसिंग ढांचे की समीक्षा का मकसद बढ़ती भारतीय अर्थव्यवस्था की उभरती आवश्यकताओं को पूरा करना, उचित जांच और संतुलन बनाए रखते हुए आम व्यक्तियों, पर्यटकों और व्यवसायों को विदेशी मुद्रा सुविधाओं के वितरण में परिचालन दक्षता हासिल करना है। फेमा, 1999 के तहत अधिकृत व्यक्तियों (एपी) को लाइसेंस देने की रूपरेखा की समीक्षा मार्च 2006 में की गई थी। आरबीआई ने कहा, फेमा के तहत उदारीकरण, वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के एकीकरण, भुगतान प्रणालियों के डिजिटलीकरण और पिछले दो दशकों में विकसित संस्थागत संरचना को ध्यान में रखते हुए, अधिकृत करने के लिए लाइसेंसिंग ढांचे को तर्कसंगत और सरल बनाने का निर्णय लिया गया है। आरबीआई ने 31 जनवरी, 2024 तक सभी हितधारकों से मसौदा ढांचे पर प्रतिक्रिया देने को कहा है। मंगलवार देर रात जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, रिजर्व बैंक ने यूजर्स द्वारा विदेशी मुद्रा लेनदेन को आसान बनाने के मकसद से फेमा के तहत मौजूदा प्राधिकरण ढांचे की समीक्षा की है, और साथ ही एपी को नियंत्रित करने वाले नियामक निरीक्षण ढांचे को मजबूत किया है। मानदंडों में मुद्रा परिवर्तकों की एक नई श्रेणी प्रस्तावित की गई है जो श्रेणी-कऔर श्रेणी-क अधिकृत डीलरों के एजेंसी मॉडल के माध्यम से धन बदलने का व्यवसाय कर सकते हैं।

## एसबीआई ने एफडी पर ब्याज दरें बढ़ाई

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने तत्काल प्रभाव से कुछ सावधि जमा (एफडी) पर ब्याज दरें 0.5 प्रतिशत तक बढ़ा दी हैं। बैंक ने सात दिन से 45 दिन के बीच मैच्योर होने वाली जमा पर ब्याज दर तीन फीसदी से बढ़ाकर 3.50 फीसदी कर दी है जबकि 46 दिन से 179 दिन की अवधि के लिए 4.50 फीसदी से बढ़ाकर 4.75 फीसदी कर दी है। बैंक ने 180 दिन से 210 दिन की अवधि पर ब्याज दर 5.25 फीसदी से बढ़ाकर 5.75 फीसदी कर दी है। 211 दिन से लेकर एक साल से कम अवधि की मैच्योरिटी वाली एफडी पर ब्याज दर 5.75 फीसदी से बढ़ाकर छह फीसदी कर दी गई है। तीन साल से पांच साल के बीच मैच्योर होने वाली जमा पर ब्याज दर 6.50 फीसदी से बढ़ाकर 6.75 फीसदी कर दी गई है। अन्य अवधियों के लिए दरों को अपरिवर्तित रखा गया है।

# अमेजन 29 जनवरी से फिल्मों टीवी शो में दिखाएगा विज्ञापन




**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**
अमेजन प्राइम वीडियो 29 जनवरी से फिल्मों और टीवी शो के दौरान विज्ञापन दिखाएगा। कंपनी का लक्ष्य अपने विज्ञापन व्यवसाय का विस्तार करना और मनोरंजन से राजस्व बढ़ाना है। सीमित विज्ञापनों से बचने के लिए प्राइम वीडियो कस्टमर्स के पास प्रति माह अतिरिक्त 2.99 डॉलर का भुगतान करने का विकल्प होगा। कंपनी ने कहा कि यह कदम उन्हें आकर्षक कंटेंट में निवेश जारी रखने और लंबी अवधि में उस निवेश को बढ़ाने की अनुमति देगा। कस्टमर्स को भेजे गए कंपनी ने ईमेल में लिखा, "कंपनी का लक्ष्य लीनियर टीवी और अन्य स्ट्रीमिंग टीवी प्रोवाइडर्स की तुलना में सार्थक रूप से कम विज्ञापन रखना है। आपकी ओर से किसी कार्रवाई की आवश्यकता नहीं है, और आपका प्राइम मेंबरशिप की वर्तमान कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है।"अमेजन प्राइम की कीमत फिलहाल हर महीने 14.99 डॉलर या सालाना 139 डॉलर है। प्राइम वीडियो को व्यक्तिगत रूप से 8.99 डॉलर प्रति माह पर सब्सक्राइब किया जा सकता है। कंपनी ने कहा, हम अतिरिक्त 2.99 डॉलर प्रति माह पर एक नया ऐड-फ्री विकल्प भी पेश करेंगे। द वर्ज की रिपोर्ट के अनुसार, ऐड-फ्री स्ट्रीमिंग के लिए नए शुल्क से प्राइम की कीमत सिर्फ 18 डॉलर से कम हो जाएगी, और स्टैंडअलोन प्राइम वीडियो की कीमत 12 डॉलर से कम हो जाएगी। यह कदम तब आया है जब प्रतिद्वंद्वी स्ट्रीमिंग सर्विस सब्सक्रिप्शन्स रेट बढ़ा रहे हैं और विज्ञापनों को आगे बढ़ा रहे हैं।

## लावा ने 8जीबी 'स्टॉर्म 5जी को 11,999/- रुपये की शुरूआती कीमत पर किया लॉन्च



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे बड़े स्मार्टफोन ब्रांड, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड ने आज पावरहाउस 'स्टॉर्म 5जी को बाजार में उतारने की घोषणा की जो चुनिंदा बैंक ऑफर्स के साथ 11,999/- रुपये की विशेष शुरूआती कीमत पर उपलब्ध होगा। इस डिवाइस की बिक्री 28 दिसंबर से विशेष रूप से ई-कॉमर्स पोर्टल और लावा ई-स्टोर पर शुरू होगी। इस स्मार्टफोन में मीडियाटेक डिमेन्सिटी 6080 प्रोसेसर लगाया गया है जिसका स्कोर 4,20,000 से ज्यादा है, और इसी दमदार प्रोसेसर की वजह से इसका गेमिंग परफॉर्मेंस अव्वल दर्जे का है। एस स्मार्टफोन 8जीवी फ्ऻट के साथ आता है जो उपयोगकताओं को शानदार लैग-फ्री एक्सपीरियंस प्रदान करता है, और इसे 16जीवी तक बढ़ाया जा सकता है, और इसी वजह से यह गेम को पसंद करने वाले लोगों का सबसे अच्छा साथी है। जबरदस्त क्षमता वाला 128जीवी फ्ढट इस स्मार्टफोन में गेम्स, ऐप्स और मल्टीमीडिया कंटेंट्स के स्टोरेज के लिए पर्याप्त जगह प्रदान करता है।

# अडाणी ग्रीन ने टोटल एनर्जीज के साथ संयुक्त उद्यम बनाया

## 30 करोड़ अमेरिकी डॉलर जुटाए




**एजेंसी। नई दिल्ली**
अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने बुधवार को टोटलएनर्जीज के साथ 1,050 मेगावाट के संयुक्त उद्यम (जेवी) के पूरा होने की घोषणा की। संयुक्त उद्यम के हिस्से के रूप में टोटलएनर्जीज ने परियोजनाओं में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करने के लिए एजीईएल की सहायक कंपनी में 30 करोड़ डॉलर का निवेश किया। दोनों कंपनियों के बीच सितंबर 2023 में संयुक्त उद्यम के बारे में पक्का समझौता हुआ था। संयुक्त उद्यम में 1,050 मेगावाट का पोर्टफोलियो है, जिसमें भारत में सौर और पवन ऊर्जा दोनों परियोजनाओं का मिश्रण है। इसमें पहले से चालू (300 मेगावाट), निमार्णाधीन (500 मेगावाट) और विकासाधीन परिसंपत्तियों (250 मेगावाट) का मिश्रण है। इस संयुक्त उपक्रम के गठन के साथ टोटलएनर्जीज ने एजीईएल के साथ अपने रणनीतिक गठबंधन को मजबूत किया है और 2030 तक एजीईएल के 45 गीगावॉट क्षमता के लक्ष्य को सक्षम करने में सहायता की है। एजीईएल भारत का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा समाधान भागीदार है, जो स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन को सक्षम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कंपनी यूटिलिटी-स्केल ग्रिड से जुड़े सौर, पवन और हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों का विकास, स्वामित्व और संचालन करती है। देश के 12 राज्यों में फैले 8.4 गीगावॉट के ऑपरेटिंग नवीकरणीय पोर्टफोलियो के साथ, एजीईएल वर्तमान में भारत में सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा डेवलपर है, जो कुल 4.1 करोड़ टन से अधिक सीओ2 उत्सर्जन की भरपाई करता है। एजीईएल भारत के डीकार्बोनाईजेशन लक्ष्यों के अनुरूप 2030 तक 45 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने के अपने लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ऊर्जा की स्तरीय लागत (एलसीओई) को कम करने और सस्ती स्वच्छ ऊर्जा को व्यापक रूप से अपनाने की सुविधा के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करती है।

# एक्सिस ने जी लर्न के खिलाफ दिवालिया याचिका दायर की




**एजेंसी। नई दिल्ली**
जी लर्न ने मंगलवार को कहा कि एक्सिस बैंक लिमिटेड द्वारा कंपनी की कॉर्पोरेट दिवालियापन समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) शुरू करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, मुंबई के समक्ष दिवाला और दिवालियापन संहिता, 2016 की धारा 7 के तहत एक याचिका दायर की गई है। जी लर्न ने एक फाइलिंग में कहा, इस संदर्भ में हम आपको सूचित करना चाहेंगे कि कंपनी को एनसीएलटी मुंबई से उक्त केस नंबर का नोटिस प्राप्त हुआ है। कंपनी एक्सिस बैंक लिमिटेड द्वारा दायर उक्त याचिका में दावा किए गए तथ्यों को सत्यापित करने के लिए जानकारी संकलित कर रही है। कंपनी इसे अपने पास रखेगी। एक्सचेंज ने मामले में आगे के घटनाक्रम के बारे में अपडेट किया। 5 दिसंबर को एक फाइलिंग में जी लर्न ने कहा कि इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड, 2016 की धारा 7 के तहत एक याचिका एक्सिस बैंक लिमिटेड द्वारा डिजिटल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड (एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) की कॉर्पोरेट इन्सॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रक्रिया शुरू करने के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल, मुंबई के समक्ष दायर की गई है। पिछले महीने, जी लर्न ने अपनी कंपनी के लोगो और अपने प्रसिद्ध ब्रांड किडजी को नया रूप दिया। फाइलिंग में कहा गया है, इस ब्रांड परिवर्तन का उद्देश्य अगली पीढ़ी का पोषण करना और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करना है। नई ब्रांड पहचान यह सुनिश्चित करेगी कि हम एक ताजा और अनूठी अपील बनाकर प्रतिस्पर्धा से बाहर खड़े हों। इससे हमें अपने दर्शकों के साथ फिर से जुड़ने में भी मदद मिलेगी।

## फरवरी में इंडिया एनर्जी वीक की मेजबानी करेगा गोवा

**नई दिल्ली।** डायनेमिक और वाइब्रेंट गोवा सबसे प्रतिष्ठित ऊर्जा कार्यक्रमों में से एक, भारत ऊर्जा सप्ताह / इंडिया एनर्जी वीक (आईईडब्ल्यू), 2024 के दूसरे संस्करण की मेजबानी करने के लिए तैयार है। उक्त इवेंट का आयोजन 6 से लेकर 9 फरवरी तक पणजी के दक्षिणी भाग में स्थित आईपीएसएचईएम-ओएनजीसी ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में किया जाएगा। आईईडब्ल्यू को इस साल की शुरूआत में आयोजित किए गए पहले संस्करण में अपार सफलता मिली, जिसका उद्घाटन भारत के माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा किया गया था। आईईडब्ल्यू 2023 में, भारत के ऊर्जा क्षेत्र में सुदृढ़ता और माँग के आगामी केंद्र के रूप में इसकी क्षमता को मंत्रियों, सीईओ और ऊर्जा कंपनियों ने भी स्वीकार किया।

## एयर इंडिया का ऐलान, यात्री बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के टिकटों को रि-शिड्यूल या कैंसिल करें



**नई दिल्ली।** एयर इंडिया ने बुधवार को ऐलान किया कि सर्दियों के मौसम के दौरान दिल्ली हवाई अड्डे से उड़ान भरने वाले यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त लागत के अपनी बुकिंग को रि-शिड्यूल या कैंसिल करने की अनुमति दी जाएगी। यह इजाजत उस स्थिति में दी जाएगी, जब फ्लाइट के कोहरे के प्रभाव से देरी से उड़ान भरने की संभावना होगी। अधिकारियों के मुताबिक, यह पिछली सर्दियों में शुरू की गई फॉगकेयर पहल का हिस्सा है। एयर इंडिया प्रभावित यात्रियों को सहायता प्रदान करेगी और उन्हें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने टिकट को रि-शिड्यूल या कैंसिल करने के आसान विकल्प प्रदान करेगी। एयर इंडिया के मुख्य ग्राहक अनुभव अधिकारी राजेश डोगरा ने कहा, "फॉगकेयर पहल असुविधा कम करने का ईमानदार प्रयास है, जिनकी उड़ानें कोहरे से प्रभावित होने की संभावना है। यह नेटवर्क शिड्यूल अखंडता बनाए रखने में भी मदद करेगा।